ये ये काव्यशास्त्रिणः स्पष्टरूपेण प्रतिभायाः उल्लेखः न कुर्वन्ति, तेऽपि प्रतिभां तु स्वीकुर्वन्ति एव, परं पर्यायरूपेण तैः स्वीकृताः। यथा– केऽपि शक्तिरूपेण, केऽपि अन्यरूपेण वा। यथा मम्मठेनापि स्पष्टरूपेण प्रतिभायाः उल्लेखः न विहितः, तथापि तेन शक्तिरूपेण प्रतिभायाः स्थितिः स्वीकृता।[101] अत्र मम्मटेन स्पष्टरूपेण प्रतिभायाः उल्लेखः न कृत तथापि तेन एका शक्तिः स्वीकृता, अतः सा एव शक्तिः प्रतिभा वर्तते। यतो हि तस्याः कार्याणि प्रतिभावत् एव वर्तन्ते।[102] परं मम्मटमते सा प्रतिभा एव न तत्र हेतुः अपितु त्रयाणां तत्र हेतुता भवति, अतः तेनोक्त– 'हेतुर्न तु हेतवः'। अतः एषा शक्तिरेव प्रतिभा इति जानीयम्।

[93] प्रतायन्तां वाचो निमितविविधार्थामृतरसा न सादः कर्तव्यः कविभिरनवद्ये स्वविषये।

परास्वादानेच्छाविरतमनसो वस्तु सुकवेः सरस्वत्यैवेषा घटयति यथेष्टं भगवती।। तत्रैव 4/17

[94] अभिनवभारत्याम् ना० शा० 7/2

[95] प्रतिभा अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा प्रज्ञा तस्या विशेषो रसावेशवैशद्यसौन्दर्यं काव्यनिर्माणक्षमत्वम्। ध्वन्यालोके लो० पृ0 94

[96] वागङ्गमुखरागात्मनाभिनयेन सत्त्वलक्षणेन चाभिमयेन करणेन कवेः वर्णनानिपुणस्य यः साधारणः अन्तर्गतोऽनादिप्राक्तनसंस्कारप्रतिभानमयो न तु लौकिकविषयजो रागस्तमेव देशकालादिभेदाभावात् सर्वसाधारणीभावेन भावयन् आस्वादयोग्यीकुर्वन् भावश्चित्तवृत्तिलक्षण एवोच्यते। अभिनवभारत्याम् (ना०शा०) 7/2

[97] प्रसन्नपदनव्यार्थयुक्त्युद्बोधवियायिनी स्फुरन्ती सत्कवेर्बुद्धिः प्रतिभा सर्वतोमुखी॥ वाग्भटालङ्कारे 1/4

[98] प्रतिभैव श्रुताभ्यासः कवितां सहितां प्रति। हेतुर्मृदम्बुसम्बुद्धा बीजमाला लतामिव॥ चन्द्रालोक 1/7

[99] तस्य च कारणं कविगता केवला प्रतिभा। सा च काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिः। तद्गत च प्रतिभात्वं काव्यकारणताऽवच्छेदकतया सिद्धो जातिविशेष उपाधिरूपं वा खण्डम्"। रसगंगाधरे पृ० 27

[100] तस्याश्च हेतुः क्वचित् देवतामहापुरूषप्रसादादिजन्यमदृष्टम्, क्वचिच्च विलक्षणव्युत्पत्ति काव्यकरणाभ्यासौ। रसगंगाधरे पृ० 29

[101] शक्तिर्निपुणतालोकशास्त्रकाव्यद्यवेक्षणात। काव्यज्ञशिक्षयाभ्यासः इति हेतुस्तदुद्भवे॥ काव्यप्रकाशे 1/3

[102] शक्तिः कवित्वबीजः संस्कारविशेषः यां बिना काव्यं न प्रसरेत्, प्रसृतं वा उपहसनीयं वा स्यात्। काव्यप्रकाशे 1/3

**शैवदर्शने प्रतिभायाः स्वरूपम् –**

यद्यपि प्रायः सर्वे दार्शनिकाः प्रतिभां स्वीकुर्वन्ति, तथापि शैवदर्शने अस्यारधिकं महत्वं दृश्यते। प्रायः सर्वे शैवाचार्यैः स्वस्वग्रन्थेषु अस्याः चर्चा कृता। शैवदर्शने प्रतिभा एव सृष्टेः मूलसर्जनशक्तिः। एनामेव प्रतिभां काव्यचिन्तनक्षेत्रे शैवदर्शनस्य महानाचार्येण अभिनवगुप्तेन कविगत संवित् इति संज्ञां दत्ता। या रसस्यापि बीजम्।[103] सैव प्रतिभाध्यात्मक्षेत्रे परमेश्वरस्य शक्तिः। प्रत्यभिज्ञादर्शने परमशिव एव सृष्टेः परमतत्त्वम्। अस्य परमेश्वरस्य शक्तिः विलक्षणा। यदा सा सर्जनां करोति तदा तस्य द्वे रूपे भवतः। शिवः शक्तिश्च। शक्तिः शिवतः अभिन्ना एव।[104] क्षेमराजेनापि स्व प्रत्यभिज्ञाहृदये उक्तम्– सा शक्तिः प्रतिभा एव, सैव प्रतिभा अक्रमानन्तचिद्रूपप्रमाता महेश्वर एव।[105]

अध्यात्मक्षेत्रे या प्रतिभा परमशिवस्य शक्तिः वर्तते। सैव काव्यनिर्माणसमये कवेः शक्तिः वर्तते। अभिनवगुप्तेन द्वयोः एव प्रतिभा विषये अन्तर्भावं कृतम्। प्रतिभावशादेव कविना गुणानामाधानां दोषाणां त्यजनञ्च क्रियते, प्रकृत्या एव मधुरा सा प्रतिभानाम्निवृत्तिः एव महाकवेः रचनाकार्ये काव्यनियमानामपि अतिक्रमणं काव्यसौन्दर्यरूपेण कारयति। अभिनवगुप्तमते सा प्रतिभा स्वातन्त्र्यरूपिणी वर्तते। अभिनवगुप्तेन स्व तन्त्रालोकनामके ग्रन्थे प्रतिभायाः पर्यायरूपेण चित्, विमर्शं च नाम्नि दत्तम्।[106]

कुलसिद्धान्तः शैवदर्शनस्य एका महत्वपूर्णा शाखा वर्तते। अस्मिन् सिद्धान्ते प्रतिभायाः निरुपणं कौलिकीशक्तिरूपेण कृतम्। कान्तिचन्द्रपाण्डेयमते अभिनवगुप्तेन स्व परा नाम्नि प्रतिभायां व्याकरणदर्शनस्य पराशक्तेः तथा काव्यशास्त्रिणः काव्यसर्जनीप्रतिभायाः अन्तर्भावः कृतः। अभिनवगुप्तमते सा शक्तिः सर्वोच्चशक्तिः, यतो हि इयं शक्तिः अपेक्षारहिता एव सम्पूर्णविश्वं प्रकाशयितुं प्रतिबिम्बितुं वा समर्था। अतः अस्या अपरा नाम अनुत्तरापि वर्तते।[107]

अभिनवमते ज्ञानस्तरे सैव प्रतिभा प्रातिभज्ञानप्रातिभविज्ञान नाम्नि च वर्तते। तेन पतञ्जलेः समर्थनं कुर्वन् उक्तं यत्– प्रातिभज्ञानेन युक्तः मनुष्यः सर्वं ज्ञातुं सर्वं कर्तुञ्च समर्थो भवति। इयं प्रतिभां यस्मिन् भवति तस्य किं किं न सिध्यति, सर्वं सिध्यति एव।[108] एतत्प्रातिभज्ञानं महाज्ञानम्। एतत्ज्ञानं केनापि शास्त्रज्ञानेन आचार्यज्ञानेन साहाय्यं विना स्वत एव स्फुरति। तत्ज्ञानं अपेक्षान्तररहितमेव।[109] तत्प्रातिभज्ञानं अन्यज्ञानापेक्षा परा एव। तत्प्रातिभज्ञानं बुद्ध्या सर्वथा भिन्नम्। बुद्धिः तु जडा एव तथा विषयाणां ग्रहणाय सा इन्द्रियाणां आवश्यकता स्वीकरोति। तथा प्रातिभज्ञानं तु अतीन्द्रियमेव।[110] बुद्ध्यापेक्षा प्रातिभज्ञानं विवेकेनाधिकं सम्बन्धितो वर्तते। यतो हि विवेकेन एव प्रातिभज्ञानं जागर्ति। अतः प्रातिभज्ञानं विवेकाधारित एव।[111]

अभिनवमते प्रातिभयुक्तः मानवः शुद्धविद्यां सद्विद्याञ्च प्राप्नोति। यः मानवः प्रातिभज्ञानयुक्तो भवति सैव शैवदर्शने उत्तमसाधकरूपेण स्वीक्रियते। सा प्रतिभा सम्पूर्णे विश्वे व्याप्ताऽस्ति। तथा सर्वासां

103 अभिनवभारत्याम् भाग 1 पृ० 294

104 शिवदृष्ट्याम् 3/2/3

105 या चौषा प्रतिभा तत्तत्पदार्थक्रमरूषिता। अक्रमानन्तचिद्रूप प्रमाता स महेश्वरः॥ प्रत्यभिज्ञाहृदये पृ० 90

106 तन्त्रालोके 2/74

107 तन्त्रालोके 2/74

108 इत्थं प्रातिभविज्ञानं किं किं कस्य न साधयेत्। यत् प्रतिभाद् वा सर्व चौत्यूचे शेषमहामुनेः॥ तन्त्रालोके 13/95

109 तत्प्रातिभ महाज्ञानं शास्त्राचार्यनपेक्षि यत्। तन्त्रालोके 13/80

110 तन्त्रालोक 13/120 टीकायाम्।

111 उपायोत्र विवेकैकः स हि हेयं विहापयन्। ददात्यस्य सुश्रोणि प्रातिभज्ञानमुत्तमम्॥ तन्त्रालोके 13/105





क्रियाणां मूला। बुद्धेः विचारशक्तेः अभावादेव मनुष्येतरप्राणिषु प्रातिभज्ञानवशादेव हेयोपादानबुद्धिः भवति, यया तेषु अपि व्यवहारज्ञानं दृश्यते।[112]

यद्यपि अभिनवगुप्तेन पतञ्जलेः प्रतिभायाः अनुकरणं कृतम्, तथापि तेन तां शैवदर्शनस्य अद्वैतसिद्धान्ते तां प्रतिष्ठापितम्। अतः योगदर्शनस्य प्रतिभायां शैवदर्शनस्य प्रतिभायां साम्यो भूत्वापि पर्याप्तसूक्ष्मभेदमपि वर्तते। पतञ्जलिमते प्रातिभज्ञानं विवेकज्ञानस्य तथैव पूर्वरूपं वर्तते, यथा सूर्योदयस्य पूर्वप्रभा सूर्याद्भिन्ना एव।[113] अभिनवमतं विपरीतमेव, तस्य मते विवेकः प्रतिभायाः उत्पत्तौ श्रेष्ठोपायः, अतः तस्य मते विवेकः प्रातिभज्ञानपूर्वमेव।[114]

अभिनवमते दर्शनक्षेत्रे सा प्रतिभा एव परा, स्वातन्त्र्यशक्तिः, विमर्शः, प्रत्यवमर्शः, स्फुरत्ता, महासत्ता च वर्तते। वस्तुतः शैवदर्शने शक्त्या बिना शिवस्य सत्ता एव कल्पयितुं न शक्यते। अतः सा शक्तिः भावरूपा सच्च वर्तते। अतः शैवदर्शनस्य शक्तिः वेदान्तदर्शनस्य माया पर्याप्ताभिन्ना। वेदान्ते माया सतसद्भ्यां अनिर्वचनीया, तथा ब्रह्म माया च भिन्ना। परं शैवदर्शने शक्तिः शिवसहिता एव निवसति, न पृथक्रूपेण, सैव विश्वसृष्टिः करोति।

अतः प्रायः सर्वेषु दर्शनप्रस्थानेषु यद्यपि प्रतिभायाः आध्यात्मिकावधारणा शैवदर्शनात् पूर्वमेव आसीत्, तथापि सर्वप्रथमं शैवाचार्यैः अभिनवसोमानन्दोत्पलादिभिः एव अस्या आध्यात्मिकक्षेत्रे प्रयोगः कृतः। शैवदर्शनानुसारेण काव्यप्रतिभापि पराशक्तेः एव रूपं वर्तते, या विश्वसर्जनं करोति। सा स्वातन्त्र्यरूपचितिपराशक्तिः यथा शिवाधिष्टाने जगत्सर्जनं करोति, तथैव काव्यप्रतिभारूपे सैव काव्यसर्जनं करोति। सा प्रतिभा आनन्दरूपा, तथा सर्जनाकाले सृष्टुः अन्तराले एव उद्वेलितो भूत्वा स्वसामर्थ्यं सर्जयति। अतः क्षेमराजेनोक्तम्– 'आनन्दोच्छलिता शक्तिः सृजत्यात्मानमात्मना'।[115]

वस्तुतः शैवदर्शने परमशिवः वेदान्तब्रह्मवत् निर्गुणनिराकारश्च न वर्तते, अपितु परमशिव एकः कलाकारः, यः स्वशक्त्या विचित्रसौन्दर्यमयजगतः सर्जयति। यथा दर्पणे प्रतिबिम्बिताः नगरवृक्षग्रामादयः अभिन्नाः भूत्वापि स्वविम्बेभ्यः दर्पणाच्च पृथग्रूपेण भासते, तथैव परमभैरवस्य परमशिवस्य वा आभ्यन्तरे इयं सृष्टिः अविभक्तरूपेण प्रस्फुरिता भवति, तथापि शक्तिवशादेव तत्सर्वविभक्तमिव भासते।[116]

अतः एतत्जगत् चौतन्यरूपपरमशिवस्याभ्यन्तरे एव स्थिरो भवति, सः स्वेच्छया एव तं प्रकटीकरोति। एतत्सर्वं तस्य स्वभावं वर्तते, येन सः सर्वं करोति।[117] सा प्रतिभा शक्तिः वा सहजरूपा, परं सामान्यमनुष्येषु सा प्रतिभा अनन्तजन्मानां सत्कर्मोत्मन्नसंस्कारवशादेव भवति।[118]

112 यन्मूलं शासनं तेन न रिक्तः कोऽपि जन्तुकः । व्युत्पेतिर्हि प्रतिमात्मकमेव वस्तु मूलम्। न च तेन प्रतिमात्मना वस्तुना तिर्यग्प्रायोपि कश्चिज्जन्तुः स्वोचितव्यापारनैपुण्यान्यानुपत्त्या रिक्तः। अत एव व्यवहाराः प्रतीयन्ते तिरश्चामपि यद्वशात्। तन्त्रालोके 13/89

113 प्रातिभं नाम तारकं, तद्विवेकजस्य ज्ञानस्य पूर्वरूपं, यथोदये प्रतिभा भस्करस्य, तेन वा सर्वमेव योगी जानाति, प्रातिभस्य ज्ञानस्यौत्पत्तौ॥ पा०यो०सूत्र।

114 उपायो देव देवेशि विवेकस्तत्र वै परः। हेयतां चौव संसारे ज्ञात्वा जन्तुर्विमोचयेत्"॥अनित्येऽस्मिन् शिवोह्येकः शिवः स एव गतः प्रभुः। ददात्यस्य च सुश्रोणि प्रातिभज्ञानमुत्तमम्॥ तन्त्रालोके 13/106

115 प्रत्यभिज्ञाहृदये भूमिकायाम् पृ० 10

116 दर्पणबिम्बे यद्वन्नगरग्रामादिचित्रमविभागि, भाति विभागे नैव च परस्परं दर्पणादपि च।
विमलतमपरमभैरवबोधात् तद्वद् विभागशून्यमपि, अन्योन्यं च ततोपि च विभक्तमायाति जगदेतत्। परमार्थसारे 12/13

117 चिदात्मैव हि देवोन्तःस्थितमिच्छावशाद् बहिः। योगीव निरुपादानमर्थजातं प्रकाशयेत्॥ ईश्वरप्रत्यभिज्ञायाम् 1/5/7 पृ० 226

118 प्रतिभाविशेषोनन्तजन्माभ्यासमूलः। ईश्वरप्रत्यभिज्ञायाम् पृ० 197

निष्कर्षः –

भारतीयदर्शनेषु प्रतिभायाः विवेचनमाध्यात्मिकदृष्ट्या एव न, अपितु काव्यतत्त्वदृष्ट्यापि महत्वपूर्णं वर्तते। वस्तुतः उपनिषद्–योग–व्याकरण–शैवादिदर्शनेषु प्रतिभाविषये या चर्चा अभवत्, सा एव काव्यशास्त्रक्षेत्रे पूर्वपीठिकारूपेण वर्तते। काव्यशास्त्रिणां मतानि दर्शनाधारितानि एव। शैवदर्शने तु परमशिवस्य स्वातन्त्र्यशक्तेः कविप्रतिभायाश्च एकरूपतायाः स्पष्टोल्लेखः वर्तते। यथा आध्यात्मिकप्रतिभायाः धरातले साधकः अतीतानागतज्ञानस्य प्रत्यक्षं करोति, तथैव काव्यसर्जनक्षेत्रे प्रज्ञायाः उन्मेषे सति भूतभविष्यविद्यमानपदार्थानां साक्षात्कारः भवति। अध्यात्मक्षेत्रे या प्रतिभाशक्तिः आनन्दरूपा सैव काव्यनिर्माणेऽपि 'आनन्दोच्छलिता शक्तिः सृजत्यात्मानमात्मना' इति सिद्धान्तः दर्शनात्स्वीकृत्य काव्यक्षेत्रे स्वीकृतः। यथा परमशिवशक्तिः अलौकिकजगतः निर्माणक्षमा तथैव कविशक्तिरपि अलौकिककाव्यनिर्माणक्षमा।

## ॥ सन्दर्भ–ग्रन्थसूची ॥


- क्षेमराजः, प्रत्यभिज्ञाहृदयम्, व्याख्या०–जयदेवसिंहः, विद्यानिधि प्रकाशनम्, देहली, 2011
- अभिनवगुप्तः, ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, सम्पा०–सुब्रह्मण्यम अय्यरः, कान्तिचन्द्र–पाण्डेयः, मोतीलाल बनारसी दास, 1986
- त्रिपाठी, सत्यवती, भारतीय काव्यचिन्तन में प्रतिभा विवेचन, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, 2000
- आनन्दवर्धनः, ध्वन्यालोकः(लोचनसहितः), सम्पा०– जगन्नाथपाठक, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, 2011
- निरुक्तपञ्चाध्यायी, प्रका०–मेहरचन्द लछमनदास पब्लिकेशन्स, नईदिल्ली, 2011
- कठोपनिषद्, व्याख्या०–पुष्पा गुप्ता, प्रका०– चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, 2011
- मम्मटः, काव्यप्रकाश, व्याख्या०–आचार्य विश्वेश्वर, प्रका०– ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वारणसी, 2011
- कुन्तकः, वक्रोक्तिजीवितम्, व्याख्या०–परमेश्वरदीनपाण्डेय, प्रका०–चौखम्भा सुरभारती प्रकाशनम्
- भामहः, काव्यालंकार, प्रका०–बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, 1985
- भरतः, नाट्यशास्त्र, व्याख्या०– ब्रजमोहन चतुर्वेदी, प्रका०–चौखम्भा बिद्या भवन, 2011
- भट्टः, महिमः, व्याख्या०– ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, 2011
- भर्तृहरिः, वाक्यपदीयम्, व्याख्या०–शिवशंकर अवस्थी, चौखम्भा बिद्या भवन, 2011
- जगन्नाथः, रसगंगाधरः, व्या०– मदन मोहन पाठक, चौखम्भा बिद्या भवन, 2009
- राजशेखरः, काव्यमीमांसा, व्या०– गंगासागर राय, –चौखम्भा बिद्या भवन, 2005
- अभिनवगुप्तः, तंत्रालोकः, भाष्य०–परमहंस मिश्र, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, 2002
- वामनः, काव्यालंकारसूत्रवृत्तिः, चौखम्भा बिद्या भवन, 2011
- मिश्रः, हरिरामः, व्याकरणशास्त्र का काव्यशास्त्र पर प्रभाव, ईस्टर्नबुकलिंकर्स, 1999






# कणादरहस्य : एक पर्यालोचन

भूपेन्द्र अरुण[119]

---

**मुख्य शब्द-** मङ्गलवाद, मुक्तिवाद, अन्धकारवाद, संख्यापदार्थवाद, ज्ञाततापदार्थवाद, शक्तिपदार्थवाद, कारणतावाद।

---


## सारांश

कणादेन तु सम्प्रोक्तं शास्त्रं वैशेषिकं महत्।[120]

भारतीय दर्शन-परम्परा में वैशेषिक दर्शन का विशिष्ट स्थान है। वैशेषिक दर्शन वेदों में आस्था रखते हुए स्वतन्त्र रूप से विकसित हुआ एवं दृश्यमान भौतिक जगत् से परे आध्यात्मिक रहस्यों को सुलझाने की अपेक्षा भौतिक जगत् को ही वास्तविक मानकर उसकी व्याख्या करना श्रेयस्कर समझा। यह दर्शन लोकानुभव से सिद्ध वस्तु का यथार्थ विश्लेषण कर मोक्षोपदेशक होने से अन्य दर्शनों से अधिक आकर्षक है। यदि यह दर्शन अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं होता तो इसके खण्डन में अन्य दार्शनिक सम्प्रदाय अपनी अशेष शक्ति न लगाते और न इस विषय पर विशेष ध्यान ही देते। इस सन्दर्भ में महाकवि हर्ष की पंक्तियां स्मरणीय हैं –

यः स्पर्धया येन निज प्रतिष्ठां, लिप्सुः स एवाह तदुन्नतत्वम्।

कः स्पर्धितुः स्वाभिहितस्वहाने, स्थानेऽवहेलां बहुलां न कुर्यात्॥[121]

अन्य दर्शनों की अपेक्षा वैशेषिक दर्शन पूर्णतया विश्लेषणपरक है। यह दर्शन बाह्य यथार्थ की आन्तरिक चिन्तन के साथ एकरूपता स्थापित कर सारभूत रूपेण किसी निश्चित अर्थ का प्रतिपादन करते हैं। यह दर्शन अन्तर्जगत् में जीवात्मा और बाह्य जगत् में प्रकृति का संतुलित चिन्तन, दृढ विश्वास और तर्क के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। इस दर्शन के आद्य प्रणेता महर्षि कणाद है। औलुक्य भी इन्हीं का अपर नाम है। इनके द्वारा प्रणीत वैशेषिक सूत्र के ऊपर चतुर्थ शताब्दी का प्रशस्तपादभाष्य ही प्रमुख रूपेण उपलब्ध है। इन ग्रन्थद्वय का आश्रय लेकर नैकविध स्वतन्त्र ग्रन्थ, टीका तथा व्याख्याग्रन्थों की रचना की गयी। इन्हीं व्याख्या एवं टीका ग्रन्थों में आचार्य पद्मनाभ मिश्र द्वारा विरचित 'कणादरहस्य' यह ग्रन्थ भी सम्मिलित है जो कणाद-सूत्रों के ऊपर नव्यन्याय की भाषा शैली में उपनिबद्ध है। कार्ल एच. पॉटर के अनुसार यह वैशेषिक सूत्रों पर प्रणीत ग्रन्थ है। प्रस्तुत शोधप्रपत्र में इस ग्रन्थ का सामान्य पर्यालोचन विवेचित है तथा यहीं इस प्रपत्र का अभिधेय भी है।


---

[119] (Research Scholar), Special Center for Sanskrit Studies, JNU, New Delhi -110067

[120] *पद्म पुराण*, उत्तर खण्ड, अ. २६३.

[121] *नैषधचरित*, १०/५०.

पद्मनाभ बघेला राजाओं के राजदरबारी थे। उनके आश्रयदाता राजकुमार वीरभद्र, जो रेवा के बघेला राजपरिवार के महाराजाधिराज रामचन्द्र देव के पुत्र थे। आचार्य पद्मनाभ ने आचार्य प्रशस्तपाद द्वारा वैशेषिक सूत्रों पर विरचित प्रशस्तपादभाष्य की 'सेतु' टीका में कृतज्ञतापूर्वक अपने आश्रयदाता के उदारभाव को स्मरण करते हुए कहते हैं कि यह रचना वीरभद्र के उनके प्रति किये गये उदारतापूर्वक व्यवहार का प्रत्यावर्तन है जिन्होंने मेरे इस टीका रचना का उत्तरदायित्व ग्रहण किया और इसी ग्रन्थ में उन्होने इस टीका नाम परिवर्तन कर 'वीरवरीय' किया।[122] पद्मनाभमिश्र के पिता श्री बलभद्र मिश्र व माता विजयश्री के द्वितीय पुत्र तथा विश्वनाथ के अनुज थे जिनके जीवन व कार्यों को अभी तक जाना नहीं गया है। उनको एक और गोवर्धन नामक अनुज था जिसको उन्होंने नैकविध शास्त्रों को पढ़ाया।[123] तदनन्तर उसी ने केशवमिश्र के तर्कभाषा ग्रन्थ पर तर्कभाषाप्रकाशटीका व अन्नम्भट्ट के तर्कसङ्ग्रह पर न्यायबोधिनी टीका लिखी। पद्मनाभमिश्र के पिता बलभद्र जिनसे उन्हें वैशेषिक एवं वेदान्त दर्शन पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, एक महान् विद्वान् थे। यद्यपि उनके कृतित्व की सूचना पूर्णतः अप्राप्त है तथापि तथापि यह सर्वथा सिद्ध है कि उनका वैशेषिक एवं वेदान्त दर्शनों के प्रति अध्ययन विस्तृत था यह वर्धमान द्वारा विरचित किरणावलीप्रकाश के उपर लिखी गयी उनकी युक्तिकल्पद्रुम टीका के अध्ययनमात्र से ही ज्ञात हो जाता है। उनके अन्य ग्रन्थों में सप्तपदार्थी टीका, तार्किकरक्षा टीका एवं तर्कभाषा टीका इत्यादि ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं।[124] आचार्य पद्मनाभ मिश्र को प्रद्योतन भट्ट के नाम से भी जाना जाता है।[125] इनकी कृतियां निम्नलिखित हैं -

- खण्डखण्डनखाद्य ग्रन्थ पर टीका।[126]
- चन्द्रालोक पर शारदागम अथवा प्रकाशटीका।[127]
- तत्त्वचिन्तामण्यालोक ग्रन्थ पर भावप्रकाश टीका।[128]
- न्यायकन्दलीसार ग्रन्थ।[129]
- न्यायलीलावती पर अनुनय टीका।[130]
- पदार्थधर्मसंग्रह पर किरणावलीभास्कर टीका (प्रकाशित)।[131]
- पदार्थधर्मसंग्रह के किरणावली ग्रन्थ पर वर्धमान टीका के उपर वर्धमानेन्दु टीका।[132]

---

[122] अमुनानृणीकृता वयमन्यवदान्याद् विशिष्टेन। प्रत्युपकारधियाऽयं रचितो ग्रन्थस्ततोऽस्माभिः॥, भूमिका में उद्धृत – *'किरणावली भास्कर'*, आचार्य पद्मनाभमिश्र, सम्पादक गङ्गानाथ झा एवं गोपिनाथ कविराज, सरस्वति भवन टेक्स्ट, बनारस : १९२०. पृ. ३.

[123] तनोति तर्कानधिगम्य सर्वान् श्रीपद्मनाभाद् विदुषो विनोदम्, ( गोवर्धन ने स्वयं अपने भ्राता पद्मनाभ के अन्तर्गत अपने शिष्यत्व को प्रस्तुत किया ), उद्धृत, *Ibid*, पृ. ४.

[124] वहीं, पृ. ५.

[125] See, *Adyar Library Bulletin VIII*, mss. Notices,pp.111-116.

[126] See, *NCC*, V.p.176a.

[127] *Ibid*, VI,p. 377a.

[128] *Ibid*, VIII,p.41a.

[129] See, G. kaviraj., *Gleanings from the history of Nyaya-Vaisesika literature*.p.24.

[130] अड्यार, D.VIII. 264-65.

[131] *Ibid,* 143-144.

[132] *Ibid*, 142.





- प्रशस्तपादभाष्य की सेतु टीका (प्रकाशित)।[133]
- कणादरहस्य अथवा राधान्तकमुक्ताहारव्याख्या।

## ➢ पद्मनाभ मिश्र तथा कणादरहस्य ग्रन्थ की समयावधि –

यह सर्वविदित है कि वीरभद्र १५६९ से १५९२ तक के मध्यावधि में राजकुमार थे। उनकी वीरगाथा के रूप में कन्दर्पचूडामणि का सम्वत् १६३३ में प्रणयन किया गया और पद्मनाभमिश्र ने चम्पू काव्य भी 1578 A.D. में रचा। इस आधार पर महामहोपाध्याय गोपीनाथ कविराज आचार्य पद्मनाभमिश्र की साहित्यिक गतिविधि का समय सोलहवीं शताब्दी की तृतीय एवं चतुर्थ दशाब्दी को स्वीकार करते हैं।[134] उनके द्वारा विरचित इस कणादरहस्य ग्रन्थ की निश्चित तिथि के विषय में किसी भी उपलब्ध पाण्डुलिपि में उल्लेख प्राप्त नहीं होता है। अतः अन्तःसाक्ष्यों के आधार पर तथा विद्वानों द्वारा सुनिश्चित की गयी पद्मनाभमिश्र की साहित्यिक गतिविधि के आधार पर यह ग्रन्थ पन्द्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में लिखा गया होगा, ऐसा स्वीकार किया जा सकता है।

## ➢ कणादरहस्य ग्रन्थ का पर्यालोचन

आचार्यपद्मनाभ मिश्र ने ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति हेतु मङ्लाचरण किया है। इस मङ्गलाचरण से ऐसा ध्वनित होता है कि यह भगवान् शिव के प्रति स्तुत्यात्मक एवं नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण है। अग्रिम श्लोक में आचार्य ने यह स्पष्ट किया कि यह ग्रन्थ उनके द्वारा प्रयत्नपूर्वक लिखी गयी एकाशीति (इक्यासी) कारिकाओं को उनके द्वारा व्या ख्यायित किया जा रहा है। इस तरह से मङ्गलाचरण में तीन श्लोकों के अन्तर्गत ईष्टवन्दना के साथ ग्रन्थ का प्रारूप भी उन्होंने स्पष्ट कर दिया है। तदनन्तर आचार्य पद्मनाभ मिश्र ने मङ्गलवाद[135] को निरूपित करते हुए उनके द्वारा विरचित मूलकारिका जो मङ्गलाचरण की द्योतिका है उसके केवल दो पद 'कालिन्दीत्यादिना' तथा 'नमामीति' के माध्यम से मङ्गलवाद पर विचार प्रारम्भ किया व यह स्पष्ट किया कि यहां 'नमामि' पद से अभिप्राय केवल स्तुति अथवा नमस्कारमात्र न होकर प्रत्युत विघ्नध्वंस की गुणवत्ता से युक्त ज्ञानजनक शब्द है। इस प्रकार की स्तुतिरूपता से मङ्गलत्व स्वतः ही निबद्ध हो जाता है। यहां उन्होंने इस सन्दर्भ में विभिन्न आचार्यों तथा सम्प्रदायों के मतों को भी प्रस्तुत किया है। यथा – उदयनाचार्य के मतानुसार ग्रन्थ की रचना में मङ्गलत्व एक अङ्गमात्र है। ग्रन्थरचना मुख्य अर्थात् प्रधानभूत तथा ग्रन्थ की समाप्ति फल है एवं विघ्नध्वंस ही व्यापार (द्वार) है।[136] कुछ कहते हैं कि मङ्गलत्व ही प्रधान है ग्रन्थरचना में तथा इसका फल समाप्ति एवं द्वार अदृष्ट है लेकिन कतिपय विघ्नसंसर्गाभावत्व को ही द्वार माना है। चिन्तामणिकार गङ्गेश उपाध्याय मङ्गलत्व को प्रधान मानते हुए विघ्नध्वंस को ही इसका फल स्वीकार करते हैं। अन्य के अनुसार मङ्गल प्रधान एवं विघ्नों का प्रागभाव ही फल है। इसप्रकार मङ्गलवाद

---

[133] चौखम्बा सं. सीरीज, ६१, बनारस : १९३०.

[134] भूमिका में उद्धृत – *'किरणावली भास्कर'*, सम्पादक गङ्गानाथ झा एवं गोपिनाथ कविराज, पृ. ९.

[135] वालखडे, भूपेन्द्र अरुण, *पद्मनाभ मिश्र विरचित कणादरहस्य ग्रन्थ का आलोचनात्मक सम्पादन*, M.Phil. जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली : 2015. (Unpublished) Pp.1-9.

[136] *Ibid,* Pp.2.

विवेचन में आचार्य ने अपनी सर्वतन्त्रस्वतन्त्रता का प्रमाण दिया है। आचार्य ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल मङ्गलत्व ग्रन्थसमाप्ति का कारण नहीं हो सकता क्योंकि देखा गया है कि नैकविध ग्रन्थों में मङ्गलत्व प्रचुर होने पर भी ग्रन्थ की समाप्ति न हो सकी। विघ्नों की समाप्ति के लिए प्रायश्चित करना चाहिये इस विषय पर भी यहां प्रचुर मात्रा में विचार किया गया है। मङ्गलत्व का सम्पादन की प्रामाणिकता को दर्शाने हेतु **'मङ्गलमाचरेत् समाप्तिकामः'** इत्यादि श्रुतियों को भी प्रमाणत्वेन प्रस्तुत किया गया है व अपने सप्रमाण तर्कों के माध्यम से सभी पूर्वपक्षियों के मतों का खण्डन किया गया है तथा अन्ततः **'प्रतिबन्धकान्यस्य सतः प्रारिप्सितप्रतिबन्धकनिवृत्यसाधारणकारणत्वमेव मङ्गलत्वमिति।'**[137] यह परिभाषा देकर इसका त्रिदोषराहित्य भी सिद्ध किया गया है।

आचार्य ने अपने ग्रन्थ के प्रयोजन, अभिधेय, सम्बन्ध एवं अधिकारी इस अनुबन्ध चतुष्टय को स्पष्ट करने के लिए 'उद्दिष्टेत्यादिना' इस पद से मूलकारिका को इङ्गित करके व्याख्या करते हुए कहते हैं कि भाष्यकार ( प्रशस्तपादाचार्य ) ने द्रव्यादि सप्तपदार्थों का वर्णन किया है तथा उनका इस ग्रन्थ में वैधर्म्य कहा गया है। चूंकि 'कणादशास्त्रप्रकरण' ही ग्रन्थ का नाम है अतः यहीं इस ग्रन्थ का विषय भी है। इसी के मध्य में प्रसङ्गवशात् ग्रन्थ के प्रयोजन को स्पष्ट करते हुए मुक्तिवाद[138] का निरूपण करते हुए आचार्य ने कहा है कि इस ग्रन्थ का प्रयोजन मुक्ति है। आचार्य मोक्ष की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि **'समानाधिकरणमुख्यदुःखसमानकालीनभिन्नमुख्यदुःखध्वंसो मोक्षः।'**[139] तथा इस लक्षण का दोषत्रयराहित्य भी सिद्ध करते हुए नैकविध आचार्यों एवं सम्प्रदायों की मुक्तिविषयक अवधारणाओं को भी निरस्त कर दिया है, जिनमें वेदान्ती, भाट्ट, प्राभाकर बौद्ध, त्रिदण्डी तथा अन्य भी आचार्य प्रमुख हैं।

आचार्य ने ग्रन्थ के विषय को पदार्थ ही स्वीकार किया है। उनके समय तक जितने पदार्थों को विभिन्न सम्प्रदायों ने स्वीकार किया है वे सारे पदार्थ इस ग्रन्थ के विषयत्वेन स्वीकृत हैं। सम्बन्ध के विषय में आचार्य कहते हैं कि मोक्ष के साथ इस ग्रन्थ का 'प्रयोज्यप्रयोजकभावलक्षण' सम्बन्ध है। आचार्य ने इस ग्रन्थ के अधिकारित्व के रूप में मुमुक्षु एवं व्युत्पित्सु ही स्वीकार किया है तथा श्रवण, मनन, निदिध्यासन, तत्त्वसाक्षात्कारादि का मोक्षप्रयोजकता में अनौचित्य दर्शाया है।

आचार्य ने त्रैवर्णिक को ही इस शास्त्र के अध्ययन का अधिकारी माना है। यद्यपि आगे वे इस ग्रन्थ में स्पष्ट करते हैं कि शूद्र शास्त्रपाठ तो कर सकता है किन्तु उससे उसे मोक्ष नहीं मिल सकता जैसे पत्थरों में बोया हुआ बीज अङ्कुरित नहीं हो सकता तद्वत् ही शूद्र के द्वारा पठित शास्त्र उसके लिए मोक्षार्पक नहीं है।[140] इस विषय में उन्होंने उदयनाचार्यद्वारा विरचित 'त्रिसूत्रीनिबन्ध' नामक ग्रन्थ में निहित उदयनाचार्य के विचारों को भी प्रतिपादित किया है। उन्होंने मुक्ति को पुरुषार्थ स्वीकार न करने वाले सभी पूर्वपक्षों का खण्डन किया है व कहा है कि पुरुषार्थ के लिए दुःख के उपादान में भी कोई क्षति

---

[137] *Ibid,* Pp.7.
[138] *Ibid,* Pp.9.
[139] *Ibid,* Pp.9.
[140] न च वाच्यं यथा शिलानिहितं बीजं नाङ्कुरार्जकं तथा शूद्रपठितं शास्त्रं न तस्य मोक्षार्पकमिति, *Ibid,* Pp.15.



[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st, Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

नहीं है जैसे अनिप्सित होते हुए भी (भृत्यों द्वारा) धन के लिए सेवादि कर्म किए जाते हैं तद्वत् ही तत्त्वज्ञानप्राप्ति हेतु दुःखादियों का भोग किया जाता है। पद्मनाभमिश्र महर्षि कणाद द्वारा स्वीकृत मोक्ष के स्वरूप से सहमत हैं इसीलिए वे तत्त्वसाक्षात्कार एवं पुण्यकर्मों को मोक्ष हेतु उपयोगी स्वीकार नहीं करते है। इस विषय में वे वर्धमानाचार्य के कुसुमाञ्जलिप्रकाश में मुक्ति विषयक अवधारणा को उषर भूमि के माध्यम से प्रस्तुत करते है तदनुसार मिथ्याज्ञानरूपी जल से सिक्त आत्मभूमि पर ही कर्मबीज के रूप में धर्माधर्मरूपी अङ्कुर उत्पन्न होते हैं किन्तु यथा उषर भूमि में सिक्त जल उसकी गर्मी को तो समाप्त कर देता है परन्तु अङ्कुरोत्पादन में समर्थ नहीं होता तद्वत् ही तत्त्वज्ञानरूपी जल से सिक्त उषर आत्मभूमि में धर्माधर्मरूपी कर्मबीज अङ्कुरित नहीं हो सकते हैं।[141] यही वैशेषिक दर्शन की मोक्षावस्था है। तदनन्तर उन्होंने दुःख को स्पष्ट करते हुए उसका लक्षण प्रस्तुत किया है –**'सर्वमुक्तौ च प्रमाणं दुःखत्वं दुःखप्रागभावदुःखानधिकरणाधिकरणध्वंसप्रतियोगिवृत्तिः।'**[142] तथा इस लक्षण का त्रिदोषराहित्य भी सिद्ध करते हुए यह स्पष्ट करते हैं कि वैशेषिकनय में पदार्थों के साधर्म्यज्ञान की अपेक्षा वैधर्म्यज्ञान अधिक उपयुक्त होने से उसी के स्पष्टीकरण की प्रतिज्ञा इस ग्रन्थ में की गयी है तथा अपने ग्रन्थ का कारिकांश प्रस्तुत करते हैं – 'भावादभावादिति।' इससे तात्पर्य यह है कि भाव की अपेक्षा अभाव का वैधर्म्य एवम् अभाव की अपेक्षा भाव का वैधर्म्य निरूपण करना ही इस ग्रन्थ की मुख्य प्रतिज्ञा यहाँ प्रस्तुत है।

आचार्य प्रतिज्ञा के अनन्तर कहते हैं कि जिस पदार्थ की जिस पदार्थ में वृत्ति है वहीं यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है जिससे प्रशस्तपादाचार्य द्वारा स्थापित सिद्धान्त विरुद्ध न हो। अतः लक्षण की उपयोगिता की दृष्टि से प्रथम सिद्धान्त प्रस्तुत करते हैं कि पदार्थ द्विविध हैं – भावपदार्थ एवम् अभावपदार्थ। भाव पदार्थ षड् (छः) हैं – द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष एवं समवाय। तथा अभाव प्रामुख्येन द्विविध हैं – प्रथम अन्योऽन्याभाव व द्वितीय संसर्गाभाव। इसमें अन्योऽन्याभाव तो एक ही है किन्तु संसर्गाभाव त्रिविध हैं – प्रागभाव, उत्तराभाव (प्रध्वंसाभाव) व सर्वदाभाव (अत्यन्ताभाव)।[143]

वैशेषिक दर्शनाभिमत मुख्य पदार्थों का उल्लेख करने के पश्चात् आचार्य पद्मनाभ मिश्र सप्तपदार्थातिरिक्त पदार्थों का निरूपण प्रारम्भ करते हैं। इसमें प्रथम वे अन्धकारवाद (तमः पदार्थवाद)[144] का निरूपण करते हैं व तत्कालीन सभी आचार्यों एवं सम्प्रदायों के तमस् सम्बन्धी मतों को उद्धृत करके अन्धकार के तीन भेद प्रस्तुत करते हैं – छाया, अवतमस् व अन्धतमस् एवम् इसके लक्षण बताते हैं यथा – **'रूपत्वावान्तरजातिग्राहकतेजःसत्त्वे प्रौढप्रकाशकयावत्तेजः संसर्गाभावः छाया। रूपत्वाग्राहकतेजःसत्त्वे रूपत्वावान्तरजातिग्राहकतेजो विरहोऽवतमसम्। रूपत्वग्राहकतेजोविरहोऽन्धतमसम्।'**[145] इसप्रकार तमस् के भेद उपस्थापित करने के पश्चात् भी उन्होंने अपना कोई मत न देकर विभिन्नाचार्यों की तमस् सम्बन्धी अवधारणाओं को प्रस्तुत मात्र किया है

---

[141] मिथ्याज्ञानसलिलावसिक्तायामात्मभूमौ कर्मबीजं धर्माधर्माङ्कुरमारभते, न तु तत्त्वज्ञाननिदाघनिष्पीतसलिलतयोखरायामिति, *Ibid,* Pp.19.
[142] *Ibid,* Pp.20.
[143] *Ibid,* Pp.23.
[144] *Ibid,* Pp.23-25.
[145] *Ibid,* Pp.31.

तथापि वे वल्लभाचार्य के मत के ही सम्मत हैं। अतः निष्कर्षत्वेन विचार यही है कि यदि 'नीलरूप तम है' ऐसी प्रतीति ही तमोविषयिणी है, तो 'रूप' ही तम है, तम कोई पृथक् पदार्थ नहीं है, यह सिद्ध होता है।

तदनन्तर आचार्य 'सङ्ख्यापदार्थवाद'[146] को निरूपित करते हैं। उन्होंने पूर्वपक्ष के रूप में जो संख्या को पृथक् पदार्थ स्वीकार करते हैं उसके लिए एक कारिका प्रस्तुत की है तथा उसके खण्डन में कहा है कि यह पृथक् पदार्थ नहीं हो सकता क्योंकि संख्या एकादिवृत्ति होने उसका ग्रहण पदार्थ के अन्तर्गत गुण में ही हो जाता है।[147]

'ज्ञाततापदार्थवाद' [148] के निरूपणावसर पर पूर्वपक्ष कहता है कि ज्ञानज्ञेयत्व के वैशिष्ट्यावगमन हेतु ज्ञातता को पृथक् पदार्थ स्वीकार करना होगा क्योंकि सम्बन्ध के विना वैशिष्ट्य की प्रतीति नहीं हो सकती है तथा पूर्वपक्ष ज्ञातता को ज्ञानजन्या मानता है व ज्ञान को ज्ञातता का निमित्तकारण एवं विषय को समवायिकारण के रूप में स्वीकार करके ज्ञातता को पृथक् पदार्थ मानता है। किन्तु यहाँ आचार्य कहते हैं कि ज्ञानज्ञेयत्व की उपपत्ति तो स्वरूपसम्बन्ध से ही हो जाती है। अतः पृथक् पदार्थ स्वीकारने में कोई अन्य प्रमाण भी नहीं है। 'ज्ञातोऽयं घटः' यह तो प्रत्यक्षता का विषय है नकि ज्ञातता का। आचार्य के मतानुसार ज्ञान का सम्बन्ध आत्मा से होने के कारण ज्ञानविषयता ज्ञातता के समान स्वभाव से ही नियत है। अतः ज्ञातता केवल ज्ञानविषयक सम्बन्ध ही है तथा कारण की सामग्री सामग्री ही ज्ञान-विषयता की नियामिका है। प्रभाकर सम्प्रदाय 'शक्ति'[149] को पृथक् पदार्थ स्वीकार करता है तथा उसकी सिद्धि के लिए अर्थापत्ति प्रमाण का भी ग्रहण करता है किन्तु आचार्य उनके सारे तर्कों का बाध करके यह सिद्ध करते हैं कि शक्ति द्रव्यादिस्वरूप ही है। अतः इसे पृथक् पदार्थ स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

आचार्य शक्तिपदार्थ निरूपणोपरान्त कारणतावाद[150] को प्रस्तुत करते हैं। इसमें पूर्वपक्ष के द्वारा प्रस्तुत किये गये सभी तर्कों का वे समाधान करते हैं तथा 'अनन्यथासिद्धनियतपूर्ववर्तित्वं कारणत्वम्' इस कारण-लक्षण को सभी प्रकार से निर्दुष्ट सिद्ध करते हैं। यहाँ 'अन्यथासिद्ध' इस पर विशेष चर्चा आचार्य करते हैं व 'अस्मदीयास्तु' पद से अपने मत की उपस्थापना करते है – **'अन्यत्र क्लृप्तनियतपूर्ववर्तिन एव कार्यसम्भवे तत्सहभूतत्वमन्यथासिद्धत्वमित्येकान्यथासिद्धिः।'**[151] यहाँ इस अध्याय में ध्यातव्य ध्यातव्यांश यही है कि यद्यपि आचार्य ने कारणतावाद पर अपने कुछ नये विचार न दिये हों तथापि वचो विन्यास एवं नवीन उदाहरणों से स्वमतोपस्थापन कौशल दर्शनीय है। आचार्य ने कारणत्रय को ही स्वीकार किया है। यथा - समवायि, असमवायि तथा निमित्तकारण। समवायिकारण

[146] *Ibid,* Pp.32-33.
[147] एकार्थवृत्तित्वादिना तत्र संख्याप्रत्ययात् क्लृप्तेनैवोपपत्तौ पदार्थान्तरकल्पनायां मानाभावात्।, *Ibid,* Pp.33.
[148] *Ibid,* Pp.33-37.
[149] शक्तिपदार्थवादनिरूपणम्, *Ibid,* Pp.37-46.
[150] कारणतावादनिरूपणम्, *Ibid,* Pp.46-56.
[151] *Ibid,* Pp.51.





का लक्षण आचार्य करते हैं – **'स्वसमवेतकार्यकत्वं समवायिकारणत्वम्।'**[152] तथा असमवायिकारण का लक्षण – **'कार्यकारणभावलक्षणसम्बन्ध निरूपकसम्बन्ध्येकार्थसमवायित्वावच्छिन्नकारणत्वयोगित्वम् असमवायिकारणत्वम्।'**[153] एवमेव निमित्त कारण का आचार्य लक्षण कहते हैं – **'निमित्तकारणं कारणद्वितयभिन्नं कारणमेव।तच्च कर्त्रादिभेदभिन्नम्।'**[154] इसप्रकार कारणतावाद निरूपण के पश्चात् आचार्य पद्मनाभ मिश्र 'आधेयशक्तिवाद'[155] का विवेचन करते हुए कहते हैं कि जैसे व्रीहि की उपयोगिता प्रधान क्रिया याग से होती है तथा याग से मीमांसक अपूर्व शक्ति की कल्पना करते हैं। अतः तदवान्तर क्रियायें यथा व्रीहिप्रोक्षणादि एवम् अवघातादियों में पृथक् पृथक्तया शक्ति स्वीकारने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुख्य क्रिया में समवेत होकर ही अवान्तर क्रियाएँ फलोत्पादन में समर्थ होती हैं। अतः अवघातप्रोक्षणादि अवान्तरक्रियाओं में पृथक् पृथक्तया अदृष्टोत्पादिका आधेयरूपा शक्तिस्वीकारने की आवश्यकता नहीं जिससे गौरवदोषापत्ति की प्रसक्ति नहीं होगी। तदनन्तर आचार्य 'पदशक्ति' पर अपना मत रखते हैं कि यद्यपि प्रमाणप्रमेय के मध्य सम्बन्ध आवश्यक है, क्योंकि शब्द भी एक प्रमाण है जो घटादि प्रमेयों का प्रतिपादन करता है तथापि शब्दप्रमाण से आप्त अथवा ईश्वरेच्छा अथवा ईश्वरज्ञान सम्बद्ध होने से पृथक्तया पदशक्ति स्वीकारने की आवश्यकता ही नहीं है। आगे आचार्य शाब्दभावनावाद को प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि यह भी पदार्थ की श्रेणी में नहीं समाविष्ट हो सकता क्योंकि 'ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत' यहां पर शाब्दभावनारूप विधिप्रत्यय की पुरुषनिष्टप्रवृत्तिजनकता दृष्टिगत होने तथा शब्द में व्यापारान्तरता का अभाव होने से शाब्दभावना की उपपत्ति हेतु कोई अन्यप्रमाण नहीं है अन्यथा व्यापार में भी व्यापार है यह स्पष्ट करने की अपेक्षा में अनन्तपदार्थों की कल्पनापत्ति होने से शाब्दभावना[156] भी पृथक् पदार्थ नहीं हो सकता है।

सादृश्यपदार्थवाद[157] का विवेचन करते हुए आचार्य पद्मनाभ मिश्र पूर्वपक्ष के रूप में उनके मतों को प्रस्तुत करते हैं। उनके अनुसार 'इस रूप के सदृश वह रूप है' इस प्रतीतिबल से सादृश्य में गुणवृत्तित्व सिद्ध होता है। अतः वह द्रव्यगुणकर्मात्मक नहीं है तथा न वह सामान्यविशेषसमवायात्मक ही है क्योंकि 'घटध्वंस के सदृश पटध्वंस होता है' ऐसी प्रतीति का भी लोक में अभाव दृष्टिगोचर होता है और प्रतियोग्यनिर्वचन से वह अभावात्मक भी नहीं है। अतः सादृश्य इतरपदार्थों से पृथक् सकलपदार्थविलक्षण है यह सिद्ध होता है। इस पर आचार्य सादृश्य की परिभाषा करते हैं कि **'तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयो साधारणधर्मवत्त्वं हि सादृश्यम्'।**[158] इस प्रकार वे नैकविधप्रमाणों से अपने मत को पुष्ट करते हुए यह सिद्ध करते हैं कि यह कोई पृथक् पदार्थ नहीं है अपितु उपाधिरूप सामान्य ही है। अतः इसे पृथक् पदार्थ स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है।

[152] *Ibid,* Pp.54.
[153] *Ibid,* Pp.55.
[154] *Ibid,* Pp.55.
[155] *Ibid,* Pp.56-57.
[156] शाब्दभावनानिरूपणम्, *Ibid,* Pp.57.
[157] *Ibid,* Pp.58-64.
[158] *Ibid,* Pp.64.

[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st , Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

तदनन्तर स्वत्वपदार्थवाद का निरूपण करते हुए लक्षण प्रस्तुत करते हैं – **'वेदबोधितयथेष्टविनियोगप्रयोजकक्रियाविषयतामारभ्य यावन्न वेदबोधिताऽयथेष्टविनियोगप्रयोजकक्रियाविषयता यत्र तावत्तत्तस्य स्वत्वास्पदत्वमिति।'**[159] अतः इसे पदार्थ अथवा द्रव्य में नहीं स्वीकार किया जा सकता है। कुछ सम्प्रदाय 'वैशिष्ट्य'[160] को भी एक पृथक् पदार्थ स्वीकार करते हैं। तदनुसार विशेषणविशेष्यभावसम्बन्ध को दर्शाने वाला वैशिष्ट्य एक पृथक् पदार्थ है किन्तु आचार्य के मतानुसार वैशिष्ट्य को पृथक् पदार्थ स्वीकारने में गौरवदोष है वहीं पर स्वरूपसम्बन्ध स्वीकार करने में लाघवता है। उनके शब्दों में – **'वैशिष्ट्य पदार्थांतरस्वीकारे गौरवम्। सम्बन्धान्तरमन्तरेण विशिष्टप्रतीतिजननयोग्यत्वावच्छिन्न धर्मिद्वयस्य च स्वरूपसम्बन्धतायां लाघवेन तस्यैव तादृशयोग्यत्वस्य सम्बन्धत्वौचित्यम्।'**[161] इसप्रकार यहां आचार्य के विषयगत गम्भीर अध्ययन का परिचय मिलता है।

आचार्य अभाव व भाव पदार्थ पर भी विवेचना करते हैं तथा नानाविध पूर्वपक्षकृत शङ्काओं को निरस्त कर दोनों को पदार्थत्वेन निर्दुष्ठ सिद्ध करते हुए भावपदार्थ के निम्न लक्षण को दोषरहित सिद्ध करते हैं – **'सुखाभाववत्त्वं स्वरूपातिरिक्ताभावाधारकत्वं वा भावलक्षणमिति न कोऽपि दोषः।'**[162] तदनन्तर आचार्य समवाय पदार्थ को अपने ग्रन्थ के मूलकारिकांश से स्पष्ट करते हैं कि समवाय एक ही है क्योंकि अनन्त स्वीकार करने पर अनवस्था दोष आ जायेगा। इसी के मध्य प्रसंगवश वे आत्माश्रय दोष तथा अन्योन्याश्रय दोष को परिभाषित करते हुए कहते हैं - **'स्वापेक्षत्वमात्माश्रयः।'** तथा **'परस्परापेक्षत्वमन्योऽन्याश्रयः।'**[163] आचार्य अभाव में समवाय को स्वीकार नहीं करते हैं। उपाधि के विषय में आचार्य अपना मत रखते हैं कि **'भावत्वाभावत्वे पदार्थविभाजकोपाधीत्यर्थः।'**[164] इसको स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि द्रव्यत्व, गुणत्व, कर्मत्व, सामान्यत्व, विशेषत्व तथा समवायत्व भावविभाजक उपाधियाँ हैं। तद्वत् ही द्रव्य में पृथिवीत्वादि नवद्रव्य द्रव्यविभाजक हैं, रूपरसगन्धादि चौबिस गुण गुणविभाजक हैं, गमनत्वादि पाँच भेद कर्म विभाजक हैं, अन्योन्याभाव एवं संसर्गाभाव अभावविभाजक उपाधियाँ हैं तथा प्रागभावत्व, ध्वंसत्व व अत्यन्ताभावत्व संसर्गाभावविभाजक उपाधियां हैं। तदनन्तर आचार्य सामान्य के पूर्वोक्ताचार्यों के मतानुसार ही दो भेद स्वीकार करते हैं।

इस प्रकार आचार्य पद्मनाभ मिश्र ने ग्रन्थ के अन्तिम चरण में समवेत पदार्थ, मूर्तपदार्थ, अमूर्तपदार्थ के विषय में विवेचना करते हैं तथा द्रव्य, गुण, कर्म इन तीनों का अर्थ से सन्बन्ध है है ऐसा संकेत करते हैं। तदनन्तर जातिसांकर्य[165] को निरूपित करते हुए परिभाषा देते हैं –

[159] *Ibid,* Pp.67.
[160] वैशिष्ट्यवादनिरूपणम्, *Ibid,* Pp.67-97.
[161] *Ibid,* Pp.72.
[162] *Ibid,* Pp.78.
[163] *Ibid,* Pp.79.$
[164] *Ibid,* Pp.82.
[165] जातिसाङ्कर्यनिरूपणम्, *Ibid,* Pp.97-104.



[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st , Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

**'परस्परात्यन्ताभावसमानाधिकरण्ये सति परस्परसामानाधिकरण्यं हि जातिसाङ्कर्यम्।'**[166] तथा स्पष्ट करते हैं कि जातिसांकर्य होना बहुत बड़ा दोष न होकर आपादक दोष है। आगे आचार्य ज्ञानत्व, वाच्यता, परत्व, धर्मिता, विशेष्यता इत्यादि पदों को अपने मूलग्रन्थ के कारिकांश को देकर स्पष्ट करने का प्रयास करते हैं। वे सामान्य तथा विशेष को इस तरह परिभाषित करते हैं – **'नित्यत्वे सत्यनेकसमवेतत्वं सामान्यत्वमित्यर्थः।'**[167] तथा **'जातिशून्यत्वे सत्येकमात्रसमवेतत्वं विशेषत्वमित्यर्थः।'**[168] तदनन्तर पुनः अभाव के विषय में कहते हैं कि **'अभाव इति ज्ञानविषयत्वमित्यपि नास्ति। अभाव इति ही ज्ञानमभावविषयकं ज्ञानम्।'**[169]

ग्रन्थान्त में आचार्य पद्मनाभ मिश्र ने अपने मूल ग्रन्थ के कारिकांश 'अक्षयवटेत्यादिना' पद को प्रस्तुत कर कहते हैं - 'ग्रन्थान्त में भी शिष्टाचारवशात् मङ्गलत्व का अधिक विस्तार न करके तथा ग्रन्थगौरवभय से ग्रन्थ को यही समाप्त करता हूँ।'[170] तथा उनमें स्वयं वाग्वैदुष्य होते हुए भी वे अपने गुरु श्री बलभद्र मिश्र जो उनके पिता भी थे तथा बलभद्र मिश्र के भी गुरु श्री प्रगल्भ वल्लभाचार्य को स्मरण कर कहते हैं कि यहाँ जो भी नव्यसिद्धान्त का विवेचन हुआ है वह सब पद्मनाभ मिश्र ने अपने गुरु से ही ग्रहण किया है। एवं ग्रन्थ की अन्तिम पुष्पिका में अपना तथा अपनी उपाधि का किञ्चित् परिचय दिया है। तदनुसार 'श्री जगद्गुरु बलभद्र मिश्र के पुत्र तथा विश्वनाथ मिश्र के अनुज, माता विजयश्री के गर्भ से उत्पन्न सम्पूर्ण शास्त्रों के ज्ञाता प्रद्योतन भट्टाचार्य( उपाधि) श्री पद्मनाभ मिश्र द्वारा कृत राद्धान्तमुक्ताहारव्याख्यान में यह 'कणादरहस्य' नामक प्रकरण समाप्त हुआ।'[171]

[166] *Ibid,* Pp.97.
[167] *Ibid,* Pp.101.
[168] *Ibid,* Pp.101.
[169] *Ibid,* Pp.103.
[170] अन्तेऽपि मङ्गलं शिष्टाचारप्राप्तमिति तनोति – अक्षयवटेत्यादिना। अतिरिक्तं तु ग्रन्थविस्तरभयान्नलिखितमित्युपरमते।, *Ibid,* Pp.104.
[171] न प्रार्थयामि भवतो दुर्वृत्ताः प्रार्थये साधून्। अङ्गीकृतमपि येषां शेषादिभिरप्यदूष्यम्॥१॥ यद्यदत्र विविक्षिप्तं नव्यं सिद्धान्तवर्त्तिना। पद्मनाभेन तैः प्रीतः प्रगल्भोऽस्तु गुरोर्गुरुः॥ इति श्रीजगगुरुबलभद्रात्मजविश्वनाथानुजविजयश्रीगर्भसम्भवसकलशास्त्रारविन्द प्रद्योतनभट्टाचार्यमिश्रश्रीमत्पद्मनाभकृतौ स्वकृतराद्धान्तमुक्ताहारव्याख्याने कणादरहस्यं सम्पूर्णम्॥, *Ibid,* Pp.104.

----------------------------------------------------------------------------------------

## सन्दर्भग्रन्थसूची

*किरणावली 'भास्करः,* पद्मनाभ मिश्र, सं. गोपीनाथ कविराज, सरस्वति भवन टेक्स्ट्स, सं. १, बनारस : १९२०.

*Catalogus Catalogorum : An Alphabetical Register of Sanskrit Works and Authors (3 Parts)*, By Theodor Aufrecht, F.A. Brockhaus, Leipzig : 1896.

*Gleanings from the History and Bibliography of Nyaya-Vaisesika*, Gopinath Kaviraj, Saraswati Bhavan Series, Vol.III, Varanasi : 1924.

**उपसंहार -** वैशेषिक दर्शन में पद्मनाभ मिश्र विरचित कणादरहस्य ग्रन्थ एक नूतन कुसुमवत् है जिसमें वैशिषिक नय के विभिन्न पहलुओं पर नवीन दृष्टि से विचार किया गया है तथा इस ग्रन्थ की महत्ता और भी अधिक व्यापक तब होती है जब सप्तपदार्थातिरिक्त पदार्थ स्वीकार में नैकविध प्रमाणों एवं पूर्वतन आचार्यों के तर्कों के माध्यम से उनका खण्डन किया जाता है। यह ग्रन्थ यद्यपि कणादसूत्रों के ऊपर प्रत्यक्षतया लिखित ग्रन्थ नहीं है अपितु लेखक पद्मनाभ मिश्र द्वारा ही कणादसूत्रों के उपर लिखी गयी ८१ कारिकाओं पर स्वकृत व्याख्या अथवा टीकाग्रन्थ है तथापि इस ग्रन्थ की गरिमा में लेशमात्र भी न्यूनत्व दृष्टिगोचर नहीं होता है। इस प्रकार यह ग्रन्थ वैशेषिक दर्शन के विभिन्न तत्त्वों पर नूतनतया विचार करता है तथा कुछ पक्षों को अपनी आचार्य परम्परा के विचारानुकूल प्रस्तुत भी करता है।

*New Catalogus Catalogorum : An Alphabetical Register of Sanskrit and Allied Works and Authors (20 Vols)*, By V. Raghavan, K. Kunjunni Raja, C.S. Sundaram etc. University of Madras, Chennai : 1949 to 2006.

*Origin and Devolopment of the Vaisesika System*, Anantlal Thakur (Ed.), PHISPC , Center for Studies in Civilization , New Delhi : 2003.

**शोधप्रबन्ध –**

वालखडे, भूपेन्द्र अरुण, *पद्मनाभ मिश्र विरचित कणादरहस्य का आलोचनात्मक सम्पादन,* (M.Phil.), शोध निर्देशक – डॉ. राम नाथ झा, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली : 2015. (अप्रकाशित).

**अन्तर्जालीय स्रोत –**

www.hindunet.com

https://archive.org/index.php

http://ignca.nic.in/mss_org1.htm





# अद्वैत वेदान्त में भाषा-दर्शन

ममता स्नेही[172]

---

**मुख्य शब्द-** *मुख्या वृत्ति, गौणीवृति, जहल्लक्षणा, अजहल्लक्षणा, जहदजल्लक्षणा।*

---

**सारांश**

अद्वैत वेदान्त का अन्तिम और एकमात्र प्रयोजन ब्रह्मात्मैक्य का प्रतिपादन करना है । इसी सन्दर्भ में आचार्य शंकर और सुरेश्वराचार्य द्वारा भाषा- दर्शन सम्बन्धी मतों का प्रतिपादन भी किया गया है । परन्तु इस क्षेत्र में सर्वज्ञात्ममुनि का योगदान विशिष्ट है क्योंकि इनके द्वारा अद्वैत वेदान्त के भाषा-दर्शन को जितना व्यापक और स्पष्टरूप से व्याख्यायित किया गया है उतना किसी अन्य आचार्य द्वारा नहीं किया गया । सर्वज्ञात्ममुनि के कुल तीन ग्रन्थ प्राप्त होते हैं । प्रमाणलक्षण, संक्षेपशारीरक और पञ्चप्रक्रिया। इनमें से पञ्चप्रक्रिया एक ऐसा ग्रन्थ है जो अद्वैत वेदान्त के मौलिक सिद्धान्तों को संक्षिप्त रूप से उल्लेखित करने के साथ ही इसके भाषा-दर्शन सम्बन्धी मतों की भी स्पष्टरूप से व्याख्या करता है । पाँच अध्यायों में विभक्त यह एक प्रकरण ग्रन्थ है । पञ्चप्रक्रिया नामक यह प्रकरण ग्रन्थ मुख्य रूप से शास्त्रीय भाषा के माध्यम से महावाक्यों की ही व्याख्या करता हैं साथ ही यह भी प्रतिपादित करता है कि ब्रह्मज्ञान में भाषा का क्या महत्व है ?

---

समस्त संसार में अनेक जीव निवास करते हैं जिनका सम्पूर्ण चराचरात्मक व्यावहारिक क्रियाकलाप इसलिये निष्पन्न हो पाता है क्योंकि भाषा रूपी अमूल्य सम्प्रेषणात्मक तत्त्व उन्हें प्राप्त है । मानव अपने भावों को व्यक्त करने के लिये जिस सार्थक साधन को अपनाता है वह भाषा कहलाती है । चिन्तन, मनन और विचार अभिव्यक्ति का साधन भी भाषा ही है । भाषा के अभाव में मन्त्रदृष्टा ऋषियों का ज्ञान भी हम तक नहीं पहुँच पाता । क्योंकि वेद भी शब्दराशि ही है । यही कारण है कि भारतीय चिन्तन परम्परा में भाषा को केन्द्रीय स्थान प्राप्त है । भारतीय मनीषियों ने भाषा को अपने चिन्तन का केन्द्र बिन्दु बनाकर पर्याप्त चिन्तन – मनन किया है, जिसे बाद के शास्त्रकारों ने अपेक्षित विस्तार प्रदान किया है । वाक्यपदीयकार ने शब्द की महत्ता प्रतिपादित करते हुये लिखा है कि संसार में ऐसा कोई ज्ञान नहीं है जो शब्दानुगम

[172] (Research Scholar), Special Center for Sanskrit Studies, JNU, New Delhi -110067

के बिना सम्भव हो[173]। भाषा चिन्तन की प्रक्रिया में व्याकरणशास्त्र ने जिस प्रकार शब्द को ही एकमात्र नित्य तत्त्व स्वीकार किया उसी प्रकार अद्वैत वेदान्त शब्द के अर्थ रूप को स्वीकार करके इसे ही भाषा चिन्तन का आधार बनाता है। छान्दोग्योपनिषद् में यह कहा गया है कि नाम तो विकार मात्र है, सत्य तो अर्थ ही है।[174] इसी मान्यता के अनुसार यह दर्शन एकमात्र ब्रह्म को ही अर्थ रूप में स्वीकार करता है। यही यहाँ एक मात्र नित्य तत्व माना गया है। इस लिये अद्वैत वेदान्त को अर्थाद्वैतवादी भी कहा जाता है। शब्द को यह दर्शन अनित्य स्वीकार करता है। इस दर्शन का अन्तिम और एकमात्र प्रयोजन ब्रह्मात्मैक्य हैं और इसे ही ब्रह्म ज्ञान भी भी कहते हैं। यह तीन प्रकार की सत्ता मानता है- पारमार्थिक, व्यवहारिक और प्रातिभाषिक। पारमार्थिक तत्त्व एक मात्र ब्रह्म है। आकाशादि प्रपञ्च समूह व्यवहारिक सत्ताएँ कही गई है तथा सुक्ति में रजत की प्रतीति या रस्सी में सर्प की प्रतीति प्रातिभाषिक सत्ता मानी गई है। यहाँ ध्यातव्य तथ्य यह है कि पारमार्थिक सत्ता का ज्ञान कराने में शब्द समर्थ नहीं है। क्योंकि ब्रह्म अर्थ है किन्तु पदार्थ नहीं है। न्याय दर्शन्न भी शब्द को अनित्य स्बीकार करता है तथा पदार्थों को नित्य मानता है। यहाँ पदार्थ से तात्पर्य है - पदस्य अर्थ: यानि जिसका ज्ञान पद (शब्द ) से हो वह पदार्थ है। "ज्ञेयत्वं अभिधेयत्वम् पदार्थ सामान्यलक्षणम्" ( तर्कसंग्रहदीपिका ) अर्थात् जो भी पदार्थ होगा वह ज्ञेय तथा अभिधेय अवश्य होगा। अत: यहाँ ईश्वर भी पदार्थ है और शब्द से उसका ज्ञान होता है। जबकि अद्वैत वेदान्त के अनुसार ब्रह्म अर्थ तो कहा जा सकता है किन्तु पदार्थ नहीं क्योंकि वह शब्द गम्य नहीं है। उपनिषद् ब्रह्मविद्या का आदिस्त्रोत है, जिसका मुख्य उद्देश्य ब्रह्म अथवा आत्मा के स्वरुप का प्रतिपादन करना है। उपनिषद् मे ब्रह्म को अनिर्वचनीय कहा गया है – "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह........." केनोपनिषद् में भी कहा गया है कि- "न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छत नो मनो न विद्मो न विजानीम"

इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि ब्रह्म का ज्ञान न वाणी,न श्रोत्र्, न चक्षुष्, न मनस्, न ही प्राणादि के द्वारा सम्भव है, ये स्वयं ब्रह्म के सामर्थ्य से अपना-अपना कार्य करने में सक्षम होते है, अत: ब्रह्म तक इनकी पहुँच नहीं है, ब्रह्म इन सभी से परे एक अखण्ड, अद्वितीय तत्त्व है। अत: अवाङ्गमनसगोचर कहा गया है, यह अनिर्वचनीय (जो वाणी से न जाना जा सके) है। इसी कारण यह पदार्थ नही कहा जा सकता।

अब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि इन्द्रियातीत अनिर्वचनीय ब्रह्म के प्रतिपादन में भाषा का क्या महत्त्व है ? जिसके प्रतिपादन में शङ्कर एवं उत्तरोत्तर आचार्यों द्वारा अनेक भाष्य, प्रकरण इत्यादि ग्रन्थ लिखे गये। यद्यपि वे इस बात से पूर्णतः अभिज्ञ हैं कि यह केवल और केवल अनुभव का विषय है – "अनुभवावसानत्वात्" ( ब्रह्मसूत्र, अध्यासभाष्य)। शंकराचार्य का यह स्पष्ट मत है कि मोक्ष का साधन एक मात्र ज्ञान ही हो सकता है। उपदेशसाहस्त्री के

173 "न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके य: शब्दानुगमादृते।अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते" ॥-वाक्यपदीयम् – १.१२३

174 " वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" ( छान्दोग्योपनिषद् ३/१/४)





प्रारम्भ में ही यह कहा गया है कि अज्ञान ही इस संसार का मूल है, अत: उसका त्याग करना सभी को अभीष्ट है तथा ज्ञान ही अज्ञान की निवृत्ति कराने में समर्थ है, कर्म नहीं, क्योंकि कर्म का अज्ञान से कोई विरोध नहीं है और अज्ञान की निवृत्ति (विनाश) के बिना राग-द्वेष का क्षय नहीं हो सकेगा।[175] मोक्ष का साधन भूत जो ज्ञान है उसके विषय में प्रत्यक्षादि प्रमाणों की गति नहीं है। अद्वैत वेदान्त एकमात्र शास्त्र को ही इस स्थल पर प्रमाण स्वीकार करता है। आत्मा ऐंद्रिय न होने से प्रत्यक्ष व तन्मूलक प्रमाणों के अयोग्य है अत: शास्त्र ही आत्मा के विषय में प्रमा दे सकता है। यह ज्ञान शास्त्रीय महावाक्यों से ही उत्पन्न होता है जो कि जीव-ब्रह्म के अभेद सम्बन्धी अज्ञान की निवृत्ति मात्र करता है, न कि साक्षात् ब्रह्मज्ञान करवाता है। शंकर कहते है कि शब्द से तथा प्रत्यक्षादि प्रमाणों से होनेवाला ज्ञान, किसी विषय का ही हो सकता है। वह अन्यथा अर्थात् निर्विषयक नहीं होगा। इसलिए अहंकर्ता( प्रमाता) को ब्रह्मज्ञान शब्दादि किसी भी प्रमाण से असम्भव है। क्योंकि ब्रह्म तो किसी का विषय नहीं है। वस्तुतः अतीन्द्रिय पदार्थ होने के कारण भाषा के द्वारा ब्रह्म का साक्षात्कार सम्भव तो नही, फिर भी यथार्थ तत्त्व के प्रतिपादन में शास्त्र को ही अन्तिम प्रमाण माना गया है। प्रत्यक्षादि प्रमाणों से ब्रह्म का ज्ञान हो ही नहीं सकता क्योंकि ब्रह्म प्रत्यक्ष का विषय नहीं हैं। साकार वस्तुओं को ही प्रत्यक्ष प्रमाण से जाना जा सकता है जबकि ब्रह्म तो निराकार और निरुपाधिक है। अनुमान प्रत्यक्षाधारित होता है , इसमें व्याप्ति की आवश्यकता होती है परन्तु ब्रह्म कभी देखा ही नही गया तो व्याप्ति भी नहीं बन सकती।अत: इससे भी ब्रह्म का ज्ञान नहीं हो सकता। उपमान से भी ब्रह्म का ज्ञान सम्भव नही क्योंकि उपमान का आधार तो सादृश्यज्ञान होता है और ब्रह्म तो अद्वितीय हैं, वह एक ही है। उसके जैसा दूसरा कोई है ही नहीं तो सादृश्य भी नहीं हो पाएगा। अर्थापत्ति प्रमाण भी प्रत्यक्षाधारित है, अत: उससे भी ब्रह्म को नहीं जाना जा सकता। अत: ब्रह्म मात्र अनुभव का ही विषय है और शास्त्र ही ब्रह्मज्ञान में सहायक है क्योंकि ऋषियों का अतीन्द्रिय तत्त्वानुभव ही श्रुत्यात्मक शास्त्र के रूप में प्रकट हुआ। इस तथ्य को स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हुए सर्वज्ञात्ममुनि ने पञ्चप्रक्रिया में व्याख्यायित किया है कि अविद्यानिवृत्ति एवं स्वस्वरूपानन्दावाप्ति – ये दो वेदान्त के परम प्रयोजन हैं, जिसमें ब्रह्म सम्बन्धी अविद्यानिवृति शास्त्रज्ञान से ही सम्भव है। अर्थात् शास्त्र प्रत्यगात्मन् में अविद्या द्वारा अध्यारोपित उन धर्मों को निवृत्त मात्र करता है जो उसके (आत्मा) होते ही नहीं हैं।[176] शास्त्र ब्रह्म को कर्म नहीं बनाता। यहाँ यह ध्यातव्य है कि शास्त्र ब्रह्मज्ञान में सहायक मात्र है। शास्त्र साक्षात् रूप से ब्रह्म ज्ञान नहीं करवा सकता। भाषा या शास्त्र द्वारा ब्रह्मज्ञान होता है यह कहने का तात्पर्य यही है कि शास्त्र ब्रह्मसम्बन्धी अज्ञान की निवृत्ति करता है। वेदान्त में महावाक्यों के अर्थ-

175 "विद्यैवाऽज्ञानहानाय न कर्माप्रतिकूलत: । नाज्ञानस्याप्रहाणे हि रागद्वेषक्षयो भवेत्" ॥ ६॥ उपदेशसाहस्त्री,पृ० १५०

176 " शास्त्रं हि प्रत्यगात्मनि अविद्याध्यारोपितमतद्धर्मं निवर्तयत्येव केवलम्, न तु तं कर्मी करोति"- लेंग्वेज एण्ड रीलीज, पञ्चप्रक्रिया सहित, पृ०१२९)।

निर्धारण का परम प्रयोजन भी यही है कि वे जीव-ब्रह्मैक्य का प्रतिपादन कर ब्रह्मसम्बन्धी अज्ञान की निवृत्ति करते हैं।

सर्वज्ञात्मन् ने पञ्चप्रक्रिया के पञ्चम अध्याय के प्रारम्भ में अविद्यावृत्ति के कार्यों की चर्चा की है तथा चारों अध्यायों के प्रारम्भ में विद्या की भी चर्चा की है। विद्या शब्द– ज्ञान, आत्मैकत्व तथा शुद्ध ब्रह्मन् के लिये प्रयुक्त किया गया है, जो कि अद्वैत वेदान्त का परम लक्ष्य है। यह महावाक्यों के सही अर्थ ग्रहण के उपरान्त ही प्राप्य है। इस ज्ञान के अतिरिक्त शेष सब कुछ अविद्या और तज्जन्य है। इस रूप में जब अद्वैत वेदान्ती ज्ञान का अनुसरण करता है, तब शास्त्र का व्याख्यान ही महत्त्वपूर्ण माध्यम बनता है। इसी को पराविद्या या ब्रह्मविद्या कहा जाता है। जब जीव को यह ज्ञात होता है कि वह ब्रह्म से साक्षात् ही सम्बन्धित है तो वह स्वयं को शास्त्र के व्याख्यान में ही नियोजित रखता है क्योंकि महावाक्यों का स्पष्ट एवं वास्तविक अर्थ का ज्ञान ही उसे ब्रह्म के साक्षात् समीप लाता है।

प्रारम्भिक अद्वैतवादियों में सर्वप्रथम सर्वज्ञात्मन् के कृतित्व में ही शब्दवृत्तियों के तीन प्रयोगों के बीच स्पष्ट भेद दृष्टिगोचर होता है और साथ ही लक्षणा के तीनों प्रकारों के बीच भी स्पष्ट भेद दृष्टिगोचर होता है, जो कि औपनिषद महावाक्यों के अर्थ-निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इनके बाद के अद्वैत-वेदान्त के आचार्यों ने भी इन्हीं का अनुसरण किया है। सर्वज्ञात्मन् के बाद ही 'तत्त्वमसि' जैसे महावाक्यों की व्याख्या में 'जहदजहल्लक्षणा' का प्रयोग एक मानक बन गया। सर्वज्ञात्ममुनि औपनिषद वाक्यों का दो प्रकार से विभाजन करते हैं -

1- महावाक्य- जैसे कि "अहं ब्रह्मास्मि" ( बृ.उ. १/४/१० ) और "तत्त्वमसि" (छा.उ.६/८/७)। इनका वास्तविक अर्थाधिगम ही मोक्ष के प्रति कारण बनता है।
2- अवान्तर वाक्य– अवान्तर वाक्य महावाक्यों के तत्त्व के अर्थ-निर्धारण में सहयोगी होते हैं। ये अवान्तर वाक्य भी दो प्रकार के होते हैं –
   - सकारात्मक या विधिमुख- जैसे कि " सत्यं ज्ञानं अनन्तं ब्रह्म " ( तै.उ. २/१/१ )
   - नकारात्मक या निषेधमुख- जैसे कि " नेति नेति " ( बृ.उ. २/३/६, २/३/९ )

अद्वैत वेदान्त में पराविद्या का सम्पूर्ण प्रयास पूरी तरह से महावाक्यों के वास्तविक अभिप्राय को समझने में ही है। महावाक्यों के वास्तविक अर्थ को समझना और उस अर्थ का साक्षात् अनुभव करना ही मोक्ष के प्रति उत्तरदायी है। सुरेश्वराचार्य ने ही सर्वप्रथम महावाक्यों की व्याख्या में शब्दवृत्तियों के सम्प्रत्यय को प्रस्तुत किया। अद्वैत वेदान्त में महावाक्यों के सन्दर्भ में शब्दवृत्तियों का नवाचार सुरेश्वराचार्य का बहुत बड़ा योगदान कहा जाता है। सुरेश्वर की गुणवृत्ति को ही सर्वज्ञात्मन् ने जहल्लक्षणा कहा है। आचार्य शंकर और सुरेश्वर ने जो भी आधार तैयार किया, उसी आधार पर सर्वज्ञात्मन् अपनी पराविद्या का वर्णन करते हैं। शंकराचार्य,



[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st, Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

सुरेश्वराचार्य से लेकर सर्वज्ञात्ममुनि तक यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि अद्वैत वेदान्त परम्परा में महावाक्यों के अर्थ-निर्धारण की महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया में निरन्तर वृद्धि एवं समृद्धि होती रही है।

महावाक्यों के अर्थ-निर्धारण के सन्दर्भ में सर्वज्ञात्मन् कहना है कि अभिधा शब्दवृति[177] महावाक्यों के अभीष्ट अर्थ को नहीं बता सकती, क्योंकि सङ्केतग्रह से केवल जाति, गुण, क्रिया और सम्बन्ध का ही ग्रहण हो पाता है।[178] शंकर ने गीताभाष्य में शब्दों के चतुर्विध संकेत ग्रहण का सोदारण वर्णन किया है। अर्थ का प्रकाश करने के लिये वक्ता द्वारा बोले जाने वाले और श्रोता द्वारा सुने जाने वाले सभी शब्द जातिऔर सम्बन्ध द्वारा संङ्केत ग्रहण ,गुण ,क्रिया, पकाना या पढाना ,गाय या घोड़ा यह जाति से -प्रतीति कराते है। जैसे करवा कर ही अर्थ की सफेद या काला यह गुण से और धनवान् या गायवाला यह सम्बन्ध से शब्द ,यह क्रिया सेका बोध कराता है अर्थात् शब्द चार प्रकार के हैं एवं सम्बन्धरूप,क्रियारूप,गुणरूप,जातिरूप–[179], और ये चारों ही ब्रह्म में नही पाए जाते। ब्रह्म इनसे भी परे है। अत: सङ्केतग्रह से भी ब्रह्म का ज्ञान नहीं हो सकता।

गौणीवृति[180] गुण-गुणी सम्बन्ध से युक्त वाक्यों का ही अर्थ निर्धारित कर पाती है। "तत्त्वमसि" आदि महावाक्यों में गुण-गुणी सम्बन्ध की सम्भावना तक भी नहीं बनती, क्योंकि तत् और त्वम् में तो समानाधिकरण्य सम्बन्ध है, दोनों में एक्य है,दोनों की एकता प्रतिपादित करना ही प्रयोजन है। इसी प्रकार जहल्लक्षणा और अजहद्लक्षणा भी महावाक्यों के अर्थ-निर्धारण में समर्थ नहीं हैं। जहल्लक्षणा में शब्द के सम्पूर्ण मुख्यार्थ का परित्याग करके तत्सम्बन्धी दूसरे अर्थ का ग्रहण किया जाता है। जैसे- 'गंगायां घोष:' इस वाक्य में गंगा प्रवाह इस अर्थ को छोडकर जहल्लक्षणा से 'तट' अर्थ लिया जाता है।[181] अजहल्लक्षणा में वाक्य संगति के लिए मुख्यार्थ का परित्याग किए बिना सम्पूर्ण मुख्यार्थ के साथ ही अन्य तत्सम्बन्धी अर्थ का भी ग्रहण कर लिया जाता है। जैसे-'शोणो तिष्ठति' वाक्य में 'लाल बैठता है' – यह संगत अर्थ प्रतीति नहीं करवा रहा क्योंकि गुण ( लाल रंग) गुणी ( व्यक्ति) के बिना बैठ ही नहीं

---

177 "यस्यार्थस्य वाचकत्वेन वृद्धव्यवहारे य: शब्दो गृहीतशक्तिको भवति तस्य तेनैव प्रयोजकेन तत्रैवार्थे वृत्ति: मुख्या वृत्तिरित्युच्यते"-वहीं, पृ०१२७

178 " षष्ठीगुणक्रियाजातिरूढानां लौकिकानामभावात् प्रत्यगात्मनि मुख्या वृति: प्रतिषिध्यत एव" -वहीं, पृ० १२७।

179 " सर्वो हि शब्दअर्थप्रकाशनायप्रयुक्त: श्रूयमाण: च श्रोतृभि: जातिक्रियागुणसम्बन्धद्वारेण : ,:संङ्केतग्रहणसव्यपेक्ष अर्थं प्रत्ययायति। तद् यथा गौ: अश्व इति वा जातितपचति पठति इति वा क्रियात , : शुक्ल ,:कृष्ण: इति वा गुणत :धनी गोमन् इति वा सम्बन्धत": ।गी.शां.भा.८.१२ -

180 "गुणवृत्तिस्तु मुख्यार्थपरिग्रहे प्रमाणान्तरविरोधे सति मुख्यार्थगुणयोगादर्थान्तरे वृत्ति: इति"- लेंग्वेज एण्ड रीलीज, पञ्चप्रक्रिया सहित, पृ०१२९

181 "तत्र जहल्लक्षणा नाम शब्दस्य मुख्यार्थपरित्यागेन अर्थान्तरे वृत्ति: ; यथा गंगाशब्दस्य स्वार्थ-(स्वार्थमात्र)-परित्यागेन तीरमात्रे वृत्ति:" – वहीं, पृ० १२७

[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st , Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

सकता । अत: यहाँ लाल के साथ सन्दर्भगत घोडा अर्थ का ग्रहण किया जाता है ।[182] अर्थात् ’लाल घोडा बैठता है’- यह संगत वाक्यार्थ अजहल्लक्षणा से ही प्राप्त होता है । महावाक्य के सन्दर्भ में ‘तत्त्वमसि’ वाक्य में जहल्लक्षणा भी सम्भव नहीं क्योंकि ‘तत्त्वमसि’ में ‘गंगायां घोष:’ की भाँति आधाराधेय सम्बन्ध नहीं हैं । यहाँ परोक्षत्वादिविशिष्ट चैतन्य( तत्) और अपरोक्षत्वादिविशिष्ट चैतन्य(त्वम्) की एकतारूप (एकत्व) जो वाक्यार्थ है, उसके सम्पूर्ण अंश में विरोध नहीं है , बल्कि उसके तो अंशमात्र ( परोक्षत्व व अपरोक्षत्व) में ही विरोध होने के कारण सम्पूर्ण मुख्यार्थ त्याग वाली जहल्लक्षणा की प्रवृत्ति नहीं हो पाती । इसी प्रकार ‘तत्त्वमसि’ वाक्य में ‘शोणो तिष्ठति’ वाक्य के समान अजहल्लक्षणा भी सम्भव नहीं क्योंकि ‘तत्वमसि’ में परोक्षत्वादिविशिष्ट चैतन्य( तत्) और अपरोक्षत्वादिविशिष्ट चैतन्य(त्वम्) की एकतारूप (एकत्व) जो वाक्यार्थ है, उसके विरुद्धांश का परित्याग न करके उससे सम्बन्ध रखने वाले किसी अर्थ को लक्षित कराया भी जाये तो भी उस विरोध का परिहार सम्भव ना होने के कारण अजहल्लक्षणा संगत नहीं हो सकती ।

महावाक्य के अखण्डार्थ बोध में वेदान्ताचार्यो ने जहदजहल्लक्षणा[183] को स्वीकृति प्रदान की है । जिस प्रकार ‘सोऽयं देवदत्त:’ यह वाक्य तथा इसका मुख्यार्थ ‘भूतकालविशिष्ट देवदत्त ही वर्तमानकालविशिष्ट देवदत्त है’ इसके एक अंश (भूतकालविशिष्ट व वर्तमानकालविशिष्ट) में विरोध होने से भूतकालविशिष्ट व वर्तमानकालविशिष्टरूप विरुद्धांश को छोडकर अविरुद्धांश देवदत्त मात्र को लक्षित कराता है । क्योंकि जहदजहल्लक्षणा द्वारा मुख्यार्थ के विरुद्धांश का त्याग और अविरुद्धांश का ग्रहण किया जाता है । अत: इसी प्रक्रिया से ‘तत्वमसि’ वाक्य के मुख्यार्थ परोक्षत्वादिविशिष्ट चैतन्य और अपरोक्षत्वादिविशिष्ट चैतन्य की एकतारूप (एकत्व) जो वाक्यार्थ के एक अंश में विरोध होने से परोक्षत्वादिविशिष्टत्व और अपरोक्षत्वादिविशिष्टत्वरुप विरुद्धांश को छोडकर अविरुद्ध अखण्डचैतन्यमात्र अर्थ को लक्षित कराया जाता है ।[184] तब अधिकारी शिष्य के चित्त में ‘मैं ही नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, सच्चिदानन्द स्वरूपवाला अद्वितीय ब्रह्म हूँ’ इस प्रकार की अखण्ड आकार वाली चित्तवृति का उदय होता है । यह अखण्डाकाराकारित चित्तवृति ही ब्रह्म सम्बन्धि अज्ञान का नाश करती है । अज्ञान नाश होने पर जिस प्रकार पट के कारणभूत तन्तुओं के जल जाने पर पट भी जल जाता है, उसी प्रकार अज्ञान का नाश होने पर तज्जन्य जगत्, उसके अन्तर्गत रहने वाली अखण्डब्रह्माकारा

---

182 “ अजहल्लक्षणा तु पुन: मुख्यार्थमपरित्यज्य कृत्स्नमेव स्वार्थमुपादाय अर्थान्तरे वृत्ति: ; यथा ‘शोणस्तिष्ठति’ इत्यश्वलक्षणायां शोणशब्दस्य शोणिमानं गृहीत्वैवाश्वव्यक्तौ वृत्ति:” – वहीं,पृ१ २८

183 “जहदजहल्लक्षणा तु मुख्यार्थपरिग्रहे सति मुख्यार्थैकदेशपरित्यागेन शब्दस्यैकदेशान्तरे वृत्ति: ; यथा ‘सोऽयं देवदत्त:’ इति वाक्ये सोऽयमंपदयो: देशकालशबलवाचिनो: देशकालभागपरित्यागेन देवदत्तव्यक्तौ वृत्ति:”- वहीं, पृ० १२७

184 “लक्षणापि जहल्लक्षणा अजहल्लक्षणा च नेष्यते ; जहदजहल्लक्षणा त्वङ्गीक्रियते पारोक्ष्यसद्वितीयशबले व्युत्पन्नयो: तत्त्वंपदयो: एकांशपरित्यागेनांशान्तरे वृत्तिसम्भवात्, ‘सोऽयम्’ इत्यादिवाक्यस्थपदयोरिव”- वहीं, १२८



[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st , Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

चित्तवृति भी नष्ट हो जाती है और एकमात्र अखण्ड चैतन्य ही अवशेष रहता है । यह सम्पूर्ण प्रक्रिया भाषा के द्वारा ही सम्भव हो पाती है । भाषा साक्षात् रूप से तो ब्रह्मज्ञान नहीं करवा सकती परन्तु तत्सम्बन्धी अज्ञान का नाश करती है जो कि ब्रह्मज्ञान के लिए सबसे प्रथम और अनिवार्य सीढी है। अत: सर्वज्ञात्मन् ठीक ही कहते है कि भाषा का ज्ञान लौकिक श्रेय और पारलौकिक प्रेय (ब्रह्मज्ञान) दोनों को प्रदान कर सकता है- “शब्दज्ञानं निदानं भवति हि जगत: श्रेयस: प्रेयसश्च”[185]।

सार रूप में अद्वैत वेदान्त पराविद्या वर्णन में सर्वज्ञात्मन् के योगदान के विषय में यह कहा जा सकता है कि –

---

185 वहीं, पृ०१२८.

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


- *लेग्वैज एण्ड रीलीज(आँग्लानुवादसहित पञ्चप्रक्रिया)*, इवान कोमरेक, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, १९८५
- *उपदेशसाहस्त्री*, शंकराचार्य, पं. गजानन शास्त्री मुसलगाँवकर,दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी,२०१०
- *छान्दोग्योपनिषद्*, शांकरभाष्यार्थ सहित, गीताप्रेस, गोरखपुर ।
- *ईशादि नौ उपनिषद्*, शांकरभाष्यार्थ सहित, गीताप्रेस, गोरखपुर ।
- *वाक्यपदीयम्*, भर्तृहरि, शिवशंकर अवस्थी, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी,२००६ ।
- *तर्कसंग्रह (दीपिकासहित)*, अन्नम्भट्ट, डाँ दयानन्द भार्गव,मोतीलाल बनारसी दास,दिल्ली, २००८ ।
- *गीताशांकरभाष्य*, हिन्दी अनुवाद सहित,गीताप्रेस, गोरखपुर ।

- सर्वज्ञात्मन् ने ही सर्वप्रथम महावाक्यों और अवान्तर वाक्यों के बीच स्पष्ट भेद किया ।
- अवान्तर वाक्यों को विधिपरक और निषेधपरक में विभाजित कर निषेधपरक अवान्तर वाक्यों की अपेक्षा विधिपरक को ज्यादा महत्त्व प्रदान करते हैं क्योंकि विधिपरक अवान्तर वाक्य महावाक्यों के वास्तविक अर्थ को समझने में अपेक्षाकृत अधिक सहायक होते हैं। जबकि ब्रह्मज्ञान के सन्दर्भ में शंकराचार्य और सुरेश्वराचार्य विधि व निषेधपरक दोनों प्रकार के वाक्यों को समान महत्त्व देते हैं।
- तत्त्वमसि और अहं ब्रह्मास्मि- इन दो वाक्यों के वर्णन में 'महावाक्य' इस शब्द का सम्प्रत्यय सर्वप्रथम प्रस्तुत करते हैं, जिसका अभिप्राय ब्रह्म व जीवात्मा का पूर्ण तादात्म्य है, जैसा कि 'अखण्डार्थ' शब्द से द्योतित होता है।
- सर्वज्ञात्मन् लक्षणा के तीन भेद करते हैं- जहल्लक्षण, अजहल्लक्षणा तथा जहदजल्लक्षणा। इनमें से भी जहदजहल्लक्षणा को ही महावाक्यों के अखण्डार्थ-निर्धारण में स्वीकृति प्रदान करते हैं, जो कि परवर्ती चिन्तकों के लिये महावाक्यों के अखण्डार्थ- निर्धारण के लिये एक सटीक और व्यवस्थित मानक बन गया। अद्वैत वेदान्त की तत्त्वमीमांसा में सर्वज्ञात्मन् का यही महत्त्वपूर्ण योगदान है।





# गीतगणेशकाव्यस्य समीक्षणम्

कृपाशङ्करशर्मा[186]

---

**मुख्यशब्दः** –गणेशः, शुण्डा, प्रीतितिनायकः, मङ्गलप्रदः।

---

**सारांशः**

सनातनपरम्परायां संस्कृतभाषाया: स्वरूपं स्थानञ्चोत्कर्षाभिधायकं वर्तते । संस्कृतभाषा भगवत्या: सरस्वत्या: प्रत्यक्षस्वरूपं विद्यते । यादृशं वैभवं,लालित्यञ्च अस्यां भाषायां दरीदृश्यते तादृशं नान्यस्यां भाषायां प्रतीयते । वेदादारभ्य साम्प्रतं यावत् समाजोत्थानस्य, राष्ट्रोन्नयनस्य लोकोपकारकाणि उपादेयानि तत्त्वानि सुरभारतीसमुपासका: स्वप्रतिभाबलेन निर्माय संस्कृतसाहित्यस्य काव्यपरम्परां संवर्धयन्ति पोषयन्ति च ।

परम्परायामेवास्यां गीतिकाव्यानां वर्तते काचित् प्रसिद्धिः। काव्यं भवति विलक्षणतार्थप्रतिपादकं रसावर्जकं हृदयावर्जकञ्चेति। साहित्यदर्पणकारेणोक्तं यद्----

**वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। (१)**

पण्डितराजजगन्नाथेन भणितम्- **रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।** (२) परन्तु काव्यविषयकं मे चिन्तनमिदं वर्तते यत् काव्यरचनाप्रक्रियानुसारेण सहृदयसवेद्यस्य अन्त:करणे रसाप्लावितकाव्यभावनया लोके अभिनवप्रस्फुटितं यद्स्वरूपं तत् काव्यतत्त्वमेव । अनेन काव्यतत्त्वेन काव्यकर्तृक: स्वान्त:करणे रसस्यानुभूतिमनुभवतीति। इयमेवानुभूति: लिपिबद्धस्वरूपमवाप्यते । इमां परम्परामाधृत्य भावाभिव्यक्तिकरणं गीतगणेशकाव्यं अत्यन्तरमणीयार्थप्रतिपादकं वर्तते । मथुरापतिवाजपयिकृतगीतगणेशकाव्यं व्दादशसर्गात्मकं सरसभावोज्ज्वलपूर्णं उनविंशतिशताब्दे: सुललितं गीतकाव्यं वर्तते।काव्येऽस्मिन् भगवान् गणेशस्य शृंगारिकभावनया रसछन्दोऽलंकारगुणात्मना सुमनोहरं वर्णनं विद्यते। यथा यस्य कस्यापि माङ्गलिकोपक्रमस्य आरम्भ: भवति चेत् प्रथमं भगवत: गणेशस्य समर्चनमेव भवति। गणेश: विघ्नविनाशक: दु:खहर्ता,सुखकर्ता चोच्यते। सर्वेषां गणानां नायकत्त्वेन गणनायक: प्रसिध्दो जात:। सम्पूर्णविश्वे गीतगणेशकाव्यं लोकस्य विघ्नान् विनाशयति। सहृदयसंवेद्यस्य अभ्यन्तरे यः कोऽपि विघ्नलेश: दृश्यमानो जायते तर्हि तस्य निदानं काव्यमिदं पठित्वा सुखस्यानुभूतिं कर्तुं शक्यत इति। विषयेऽस्मिन् मयूरभट्टः कुष्ठरोगनिवृत्तये भगवतः भुवनभास्करस्य स्तुत्यात्मकं काव्यं विरच्य रोगनिवृत्तिं प्राप्तवान्। तथैव गीतगणेशकाव्यस्य स्तुतिं कृत्वा जनाः रोगनिवृत्तिं कर्तुं प्रभवन्ति। सर्वेषां सुख-दुःखकर्ता स्वामी तु भगवतो गणेश एव। वेदे उक्तम् च- **नमो गणेभ्यो गणपतिभ्यश्च नमो नमो व्रातेभ्यो व्रातपतिभ्यश्च नमो नमो इति। (३)**

---

**'प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्तते'** एषः नियम: शाश्वतिक: । अनेन नियमानुसारेण संस्कृतसाहित्यस्य अजस्रधारा लोके प्रवहिता जाता । प्रवहमानासु अजस्रधारासु काव्य-नाटक-चम्पू-गीतकाव्यादय: परिकल्पिता: सन्ति । एतासु काव्यधारासु काचिद् विशिष्टा परम्परा गीतकाव्यधारा

186 सहायकाचार्यः, साहित्यविभागः राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, एकलव्यपरिसरः, अगरतला

प्रवर्तिता जाता । अस्या: धाराया: वैशिष्ट्यम् अस्ति यत् काव्यस्य गेयात्मकता रसाभिव्यञ्जकता भावानां प्रभावोत्पादकता चानेन वैशिष्ट्येन सहृदयसंवेद्यस्य अभ्यन्तरे रसाङ्गभूतप्रवणताया: सञ्चरणं जायते । रसाङ्गभूतेन सञ्चरणेन सहृदयसंवेद्य आनन्दस्य साक्षात्कारं करोति । अतएव गीतं राग-ताल-लयाश्रितं भवति। गीतस्य यद्यपि प्रादुर्भाव: वेद एव प्राप्यते । तत्र 'गीतिषु सामाख्या' इत्यनया सामवेदस्य पुष्टि: जायते । सामवेदात् राग-ताल-लयादीनां स्वरतन्त्रीणां संग्रहणं भवति। एतै: संगीतशास्त्रीयतत्त्वै: काव्यस्य गानं भवति । काव्यगानस्य श्रोता मन्त्रमुग्धतामाप्नोति । मन्त्रमुग्धेन रसानन्दब्रह्मण अनुभूतिं करोति । अतएव गीतकाव्यं सहृदयसंवेद्यस्य शान्तरसचर्वणाया: मुख्यस्रोत इति। गीतकाव्यधारायां जयदेवप्रणीतं गीतगोविन्दकाव्यम् अत्यन्तसुप्रसिद्धं सुललितं काव्यं च वर्तते। काव्येऽस्मिन् शृंगाररसाप्लाविताऽगाधधारा प्रवहिता जाता । एतस्य काव्यस्य प्रत्येकं पदं विशिष्टार्थप्रतिपादकं भवति । तथैव गीतगणेशकाव्यमपि सरसभावोज्ज्वलभक्तिपूर्णस्तुति: वर्तते । अस्यां गीतगणेशकाव्यरचनायां कवे: उज्ज्वल-भावाभिव्यक्त्या सरस-कोमलकान्तपदावल्या रसाभिप्रयाणताया साक्षात्कारो भवति । लोकस्य विघ्नहर्ता-दु:खहर्ता-सुखकर्ता भगवान गौरीपुत्रगणेश एव राजते इति शास्त्रीया मान्यता । प्रकृतकाव्यस्य मङ्गलाचरणे कविना उक्तम्—

यस्मिन्नस्मितमुपगता त्वं भारति! स्तूयसे,
स्थाने स्वे च रमे! चलाऽपि सुचिरं त्वं जायसे निश्चला ।
यत्पादाब्ज-युगान्तिकेऽथ वसत: प्राग्-ऋद्धि-बुद्धि सवो
देव: केवलमस्तु विघ्नदलने नित्यं जवोल्लासवान्॥ (४)

ऋद्धिबुद्धिप्रदायक: गणेश: विघ्नदलने नित्यं जवोल्लासवान् भवति। काव्यपाठकानां श्रोतृणां विघ्नानि कष्टानि च निवारयति(दूरी करोति) ।

काव्यस्य चतुर्थसर्गे गण्डस्थलं माङ्गल्यदायकमुच्यते , उक्तञ्च—

दैत्यानां किल कालदण्ड इव यश्चण्डोवधूटोजनै:
उदवीटीक-मुखाधर-स्फुर-लसल्लक्ष्माऽभितश्चुम्बित:।
तन्नेत्राङ्गनगण्डमण्डलतटीसिन्दूरमुद्राङ्कितो
नागास्यस्य कटस्तनोतु भवतां श्रेयांशि विघ्नच्छिद:॥ (५)

आसुरिवृत्तिविनाशाय विघ्नविनाशाय च यमस्य उग्राऽयुध इव उद्यत:, विघ्नच्छिद: भवतां भक्तानां श्रेयांसि तनोतु इत्यनेन ज्ञायते यत् गणेशस्य गण्ड्फलक: रक्षां करोति ।

य: भक्तिपूर्वकं भगवन्तं गणेशं स्मरति, तस्य हृदय: निर्मलो भवेदिति—

कविमथुरापति परिगदितेन।
भवतु हृदयममलं भुवि तेन।। (६) .

सप्तसर्गस्यान्तिमे पद्ये कल्पवृक्षरूप: करुणावतारश्रीकपिलगणपति: सर्वेषां मङ्गलप्रद: भवेदिति—

कान्ताकान्तकलाकलाप-कलितक्रीडाकुल:कौतुकी
कृताघ: कुशलं करोतु कपिल: कारुण्यस्य कल्पद्रुम:॥ (७)

लोकरक्षकरूपेण गणपति: लोकस्य सर्वविधप्रकारेण रक्षां करोति। उक्तञ्च—

देवी पाण्डुमुखद्युति सुधा पानाति भारादिवा
मीलितस्य दिदृक्षया च चपलं रज्जेव चोन्मीलितम् ।
व्यक्तं रागविवावहन् नयनयोर्युग्मं दैवाञ्चानमन-
मौलिर्द्राग्दुरिता तुरं जगदिदं द्वैमातुर: पातु स: ॥ (८)

अर्थात् श्रीदेव्या: विरहाधिक्येन पाण्डुमुखकमलद्युतिपानात् अतिभाररूपा तन्द्रा आगता तां मीलनाय दिदृक्षया चपलं रज्जेव चोन्मीलितवान् । एतस्मात् कारणात् ज्ञायते यत् य: कोऽपि दु:खदग्ध: आतुरो भवति तस्य दु:खस्य निवारणं कृत्वा व्दैमातुररूप: रक्षां करोतीत्यर्थ: ।





भगवान् गणपति: यशाभिलाषाय यशकारक: भवतीति दशमसर्गस्य अष्टमे पद्येऽयं सन्दर्भ: दृष्टिगोचरो भवति—

वैपक्ष-व्रजनिर्जयोचितवपु: सन्नाहवानाहवामर्षां
कोऽधिसभं निजप्रियतमाप्रेमस्मृते: स्त्वक्षणम्।
जातानात्मवपुष्यनेक पुलकानानिह्नवानोऽस्तु
वस्तात्कालीनरसेन विश्रुतजयोद्गारो गजस्य श्रियै ॥ (९)

शत्रूणां समूहं जयोचितवपुयुक्त:, अभेद्यकवचरूप:, तात्कलीनरसेन विश्रुतजयोद्गारोगजश्रिय: मङ्गलप्रदाय कल्याण्प्रदाय भवेदिति । विघ्नविनाशाय गणराजस्य य: कोऽपि स्तुतिं करोति तस्य कुबुध्दे: प्रवेशो कदापि न भवतीति ।

स्तुवति मथुरापतौ कुमति जाले।
कुसुम शर नृत्य शाले ॥ (१०)

भगवान् गणराज: प्रत्येकं अङ्गस्य स्पर्श-दर्शनादिपुण्यादायक: वरदायश्च भवति , गणपते: शुण्डा लोकाय वरदायक उच्यते-

महौज: सञ्जाग्रत-प्रजव-वशताऽविस्मृता-धनु-
र्निरूढज्याकष्ट-स्फुट-विकट-टङ्कारणकृते:।
दृतोद्यदैत्योर: स्रवद्सृगसीमाङ्क-विलसन-
मुदेस्तादुद्वल्गज्जगति गणभर्तु: करवर: ॥ (११)

काव्येऽस्मिन् भगवत: गणेशस्य दशावतारस्य स्तुति: विद्यते । यथा गीतगोविन्दे गोविन्दस्तुतिरूपनारायणस्य दशावतारस्य शृंगारिकवर्णनं प्राप्यते, तथैव विघ्नविनायकस्य दशरूपाणाम्- दुण्डि-मोद-प्रमोद-आमोद-मोद-दुर्मोद-चिन्तामणि:-हस्ति-सिद्धि-आशापूर-विनायकश्चैतेषां रूपाणां स्तुति: शृङ्गाररसपरिपूर्णा विद्यते । भगवान् गणेश: नायकरूपो सर्वहितसाधकश्च वर्णित:। उक्तञ्च—

कृत-विहित-स्व-जपावन-नुतिपावन ए ।
रति-रस-सम्भृत-कुम्भ!जय गणराज विभो ॥ (१२)

ऋतुकालस्य वर्णनं कविना यद् कृतं तदपि लोकोपदेशकारकोऽस्ति । तद्यथा-

मलय-निलयतोऽयं नार्मदं प्राप्य तोयं, विहित-तदभिषेक: केसर-क्लृप्त-वेष:।
धृत-मधुप-सदक्ष: कामदीक्षैक दक्ष: चरति गुरुरिव द्राग् दत्त-लोकोपदेश: ॥ (१३)

उपर्युक्तसन्दर्भानुसारेण ज्ञायते यत् गीतगणेशकाव्ये रस-छन्दोऽलंकार-गुण-रीति-ध्वनि-वक्क्रोक्ति-औचित्यादीनामपि प्राधान्यं दृष्टिगोचरं भवति । यद्यपि एतेषां काव्यशास्त्रीयतत्त्वानां मयाऽत्र पर्यालोचनं न कृतं तथापि एतेषां प्रतिपदे प्राचुर्यता प्रकाशिता जाता । अतएव अनया दृष्ट्या काव्यमिदं साम्प्रतिके काले उपयोगी भवेदिति मे विचार:। इति शम्।

--------------------------

सन्दर्भ: -
१. साहित्यदर्पण: १/
२. रसगंगाधर: १/
३. शुक्लयजुर्वेद माध्य. १६/२५
४. गीतगणेशकाव्यम् १/१
५. तदैव ४/७
६. तदैव ८/७
७. तदैव ७/१०
८. तदैव ८/३

९. तदैव १०/८
१० तदैव ११/८
११ तदैव १०/ ११
१२. तदैव १/७
१३. तदैव १/८

सन्दर्भग्रन्थसूची-
१.साहित्यदर्पणम् चौखम्भाविद्याभवन वाराणसी
२.रसगंगाधरः, चौखम्भाविद्याभवन वाराणसी
३.शुक्लयजुर्वेद, नागप्रकाशन-दिल्ली
४.गीतगणेशकाव्यम्, बृजमोहनबिडला शोधकेन्द्र , उज्जयिनी
५.संस्कृतसाहित्येतिहासः, चौखम्भाविद्याभवन वाराणसी





# प्राचीन एवं अर्वाचीन दृष्टि से राजनीतिक विश्लेषण

दीपक साहू[187]

---

**मुख्य शब्द** -राजनीति , धर्म ,दण्डी, चर्च, कौटिल्य, आदि ।

---

**सारांश**

सहित्य समाज का दर्पण होता है। जिसमें कवि समाज के विभिन्न आयामों का वर्णन अपनी प्रतिभा से करता है। जिसमें कल्पना के पुट के साथ ही साथ उस समय समाज किस प्रकार था, उस समय राजनीति का स्वरूप किस प्रकार का था, किस प्रकार की आर्थिक स्थिति समाज में थी। इन बातों का वर्णन कर देता है। प्रस्तुत शोध पत्र में यह प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है कि राज्य के संचालन में धर्म किस प्रकार से सहायक होता था। धर्म का प्रयोग राजा किस प्रकार से प्रजा और शत्रु में किस प्रकार से करता था आदि का अवलोकन करना है।

---

किसी भी देश के शासन को सुचारु रूप से चलाने में राजनीति का उतना ही महत्त्व है जितना की जीवित रहने के लिए भोजन का महत्व है। विश्व के इतिहास अध्ययन से हमें यह ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में धर्म और राजनीति एक सिक्के के दो पहलू की तरह थे। प्राचीन भारतीय इतिहास की ओर दृष्टि डालने पर यही ज्ञात होता है कि भारत में राज्य की उत्पत्ति दैवी सिद्धान्त के आधार पर मानी गयी है। यही सिद्धान्त विश्व के लगभग सभी देशों पर माना गया है। प्रारम्भ से ही भारत एक धर्म प्रधान देश रहा है और यहाँ की सम्पूर्ण व्यवस्थाएँ – सामाजिक, नैतिक, राजनैतिक, आर्थिक आदि धर्म पर केंद्रित रही हैं। भारतीय जीवन के समस्त मूल्यों का निर्धारण धर्म के आधार पर होता था। इस प्रकार भारतीयों के लिए धर्म जीवन का आदर्श बन गया था। धर्म की प्रधानता के कारण यह स्वाभाविक था कि भारत में बहुसंख्यक धार्मिक ग्रन्थों की रचना हुई। इन धार्मिक ग्रन्थों में जीवन के समस्त विषयों पर विचार किया है। यही कारण है कि वे धार्मिक इतिहास के साथ-साथ राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास

[187] शोधच्छात्र, जवाहरलालनेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

के लिए भी अति महत्त्वपूर्ण है। यूरोप में १३ वीं शताब्दी तक धर्म के प्रमुख संस्थान चर्च वहाँ की शासन प्रणाली को संचालन करते थे। चर्च के पादरी का आदेश वहाँ का कानून माना जाता था। जिसके कारण चर्च की ओट में बहुत अनैतिक कार्य किये जाने लगे। जैसे – पादरी चर्च की ओट में राज्य के शासन को नियन्त्रित करने लगे। जो राजा पादरीयों के विरुद्ध जाता उसको हटा कर उसकी जगह दुर्बल किसी राजा को राज्य सिंहासन में बैठाने लगे। चर्च की ओट में पादरी व्यभिचार करने लगे। जिससे मैकियावेली जैसे अनेक विद्वानों ने चर्च के विरुद्ध आवाज उठाई और राज्य को उनसे मुक्त करवया। इसीलिए यूरोप में १३ वीं शताब्दी को पुनर्जागरण काल की संज्ञा दी गयी। यह धर्म और शासन सत्ता वर्तमान में और जटिल हो गये है। जिसके परिणामस्वरूप धर्म के आधार पर अनेक देश आपस में आज भी लड़ रहें है। वर्तमान समय में लोकतन्त्र का युग है, जिसमें जनता अपने वोट के द्वारा अपने प्रतिनिधि का चुनाव करती है। जिसमें प्रतिनिधि चुनाव में अनेक वादे करते है कि सरकार आने पर विविन्न सुविधाये देगें। ये वादे धर्म के आधार पर किये जाते है। आज दुनिया में आतंक का पर्याय बन चुके ISIS जैसे संगठन धर्म के आधार पर ही बन कर दुनिया में आतंकवादी गतिविधियाँ कर रहे हैं। शासन संचालन में यह धर्म प्राचीन से आर्वाचीन तक चला आ रहा है।

प्राचीन समय में युद्ध विजय के लिए विभिन्न देवताओ की पूजा की जाती थी। जिससे उन्हें जीत का विश्वास रहता था। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में इस प्रकार की क्रियाओं को गुप्तचरों द्वारा करने को कहा जिससे प्रजा उसके समर्थन में रहे और शत्रु भय के करण आक्रमण से डरे। उसी का वर्णन दण्डी ने अष्टम उच्छवास में करते हुए कहा है - यथा विश्रुत के द्वारा दुर्गा मंदिर के स्थान पर सुरंग बना दी गयी तथा उसके बाह्य प्रवेश का द्वार ऐसे पत्थरों से बन्द किया गया था, किनारों की मजबूती नष्ट हो गयी थी। इस के लिए पत्थर के द्वार को इस प्रकार से व्यवस्थित किया गया था जिससे बाह्य प्रवेश का द्वार सरलतापूर्वक खोला जा सके। अनन्तर किन्नर के द्वारा लाए गए रत्न-जटित गहने और रेशमीवस्त्र धारण कर विश्रुत और कुमार (भास्कर वर्मा) सुरंग में प्रवेश कर स्थित हुए हैं। खोलने के पहले ही उस दुर्गा-मन्दिर में मूर्ति की जगह ही मैंने (विश्रुत ने) एक सुरंग बना दी थी, जिसके बाहरी प्रवेश का द्वार ऐसे पत्थर से बन्द कर दिया था जिसकी बगलों की दृढ़ता नष्ट हो गई थी। खोलने के लिए पत्थर का ढक्कन बगल में ढीला कर दिया था। इसके बाद आधी रात बीत जाने पर किन्नर के द्वारा लाए गए अमूल्य रत्न-जटित गहने और रेशमी वस्त्र धारण किए हुए हम दोनों उस बिल में प्रविष्ट होकर चुपचाप





स्थित रहे। उधर रानी (वसुन्धरा) ने पिछले दिन ही मालव-देश के प्रचण्ड वर्मा का दाह संस्कार कर चण्डवर्मा को यह संदेश देकर कि यह दशा अश्मक के राजा के षड्यन्त्र से ही हुई है, दूसरे दिन प्रातः ही पूर्व निर्दिष्ट वृद्ध नागरिकों, मंत्री और सामन्तों सहित पहुँचकर देवी विन्ध्य-वासिनी की पूजा कर सब लोगों की आँखों के सामने उस महल के अन्दर की निर्जनता की जाँच करके दृष्टि लगाकर लोगों के साथ ठहरकर नगाड़े की जोर की आवाज कराई। अनेकों छोटे छेदों से घुसी हुई उस आवाज ने मुझे (विश्रुत) इशारा दिया। मैनें सिर से ही मूर्ति के साथ लोहे का चरण-पीठ उठा दिया। बलिष्ठ मनुष्य की कोशिशों से भी उसका हिलना तक कठिन था। चरणपीठ के एक किनारे को दोनों हाथों से भली भाँति पकड़कर एक ओर रखकर निकल आया। राजकुमार को भी निकाला। इसके बाद विन्ध्य-वासिनी को पहले की भाँति रखकर गुफा के द्वार का पल्ला खोलकर सामने आया। विश्वास से प्रसन्न दृष्टि, स्पष्ट रोमांच उठी हुई अञ्जलि नमस्कार के लिए जुटे हाथ उठे, आश्चर्य लेकर प्रणाम करती हुई प्रजा से मैं बोला – देवी विन्ध्य-वासिनी मेरे द्वारा आप लोगों को इस प्रकार आदेश देती हैं – यह परिचित राजकुमार विपत्ति-ग्रस्त होने पर शेर की वेश-भूषा में रहकर दया-पूर्वक मेरे द्वारा छिपाकर आज आप लोगों को दिया गया। यह आज से मेरा पुत्र है। इस कारण इसका मातृ- पक्ष महान् है यह मानकर आप लोग स्वीकार करें। साथ ही दुःसाध्य कपटों के समूह की रचना की चालाकी से प्रगट धूर्तता के कारण निर्दय अश्मक रूपी घड़े के भंजक स्वरुप वाले मुझे इनका रक्षक मानें। देवी ने (उक्त) रक्षा के वेतन के रुप में इनकी यह सुन्दर बहन निर्दिष्ट की है। यह सुनकर धन्य है भाग्यवान भोज-कुल जिसके स्वामी देवी के द्वारा दिए गए हुए आप है यह कहकर प्रजा प्रसन्न हुई।[188]

वर्तमान समय में भी हम देखते है कि जिस देश में जिस धर्म की प्रधानता रहती है उस धर्म का विरोध कर कोइ भी शासन नहीं चला सकता। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प ने भी अमेरिका चर्चों पर किसी भी प्रकार से प्रतिबन्ध लगाने से मना कर दिया ।आज भी नेता धार्मिक गुरुओं उलमाओं तन्त्रिको आदि से मिलने के लिए जाते है जिससे उन्हें चुनाव में जीत मिले। इसके लिए वह विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोगों को लुभाने का प्रयास करते है। शासन चलाने के लिए किस प्रकार से राजा धर्म का प्रयोग करे इस

188 प्रागेव तस्मिन्दुर्गागृहे प्रतिमाधिष्ठान एव मया....................इत्यप्रीयन्त प्रकृतयः।
दश० चरितभाग,अष्ट०उच्छ्व० पृ.२७७-८०

का निर्देश अर्थशास्त्र में किया गया है। अर्थशास्त्र में इस प्रकार के उपायों का निर्देश देते हुए कहा है – अपने दैव-साक्षात्कार के प्रचार-प्रसार के लिए विजिगीषु को चाहिए कि सुरंग के द्वारा आग के बीच में तथा देवताओं की पोली प्रतिमाओं के बीच में और समाधि (चैत्य) के बीच में गुप्तचरों को भेदकर राजा उनसे बातचीत करे एवं उनका पूजन करें, अथवा पानी से निकले नागदेव तथा वरूण के वेष में रहने वाले गुप्तचर से बातचीत करे और उनकी पूजा भी करे। राज्य में मजबूत एवं जिनके अंदर पानी प्रवेश न कर सके, ऐसे पेटियों में रेत भर कर उनकों जल में छिपा दिया जाय और फिर उसके द्वारा जल में आग लगाकर दिखाया जाय। रस्सियों में पत्थर बाँध कर उनको नाव के नीचे से जल में लटका दिया जाए, जिससे कि तेज धारा में नाव स्थिर खड़ी रह जाए। उदकवस्ति ( वाटरप्रूफ कपड़ा) अथवा जरायु (गर्भाशय के समान बनी हुई चमड़े की थैली) से शिर और नासिका ढककर, साँभर की आँत (पृषतातन्त्र) केंकड़ा (कुलीर), मगर (नक्र) शिरस नामक मछली (शिंशुमार) और हृद (उद्र) नाम की मछली की चर्बी के साथ तेल को सौ बार पका कर उसका जो घोल तैयार हो, उसको नाक में डाल दिया जाय। ऐसा करने से रात में समूह के समूह पुरुष जल में संतरण कर सकते हैं। जल में तैरते हुए वे पुरुष वरुण या नाग की कन्याओं जैसी आवाज निकालें और राजा उनके साथ बातचीत करें। क्रोधावेश प्रकट करते समय राजा औषधियों के द्वारा अपने मुँह से आग और धुआँ उगले।[189]

राजा की उक्त आश्चर्यमयी बातों को उसके सहायक तथा दैवज्ञ, शुभाशुभ फल को बताने वाले (नैमित्तिक), ज्योतिषी, कथावाचक (पौराणिक), प्रश्नवक्ता (ईक्षणिक) और गुप्तपुरुष सर्वत्र प्रचारित करें। शत्रुदेश में भी ये लोग राजा के दैव-साक्षात्कार तथा स्वेच्छया दिव्यकोष एवं दिव्य सेना को पैदा कर देने की सनसनीपूर्ण खबर फैला दें। दैवतप्रश्न (भाग्यप्रश्न), शकुन(निमित्त), काकविद्या (वायसविद्या), अंग को देखकर फलाफल का निर्देश (अंगविद्या), स्वप्न, पशु-पक्षी आदि सभी निमित्तों से राजा की विजय को सूचित किया जाय और उल्कापात आदि को दिखाकर यह सिद्धि करें कि शत्रु का कोई बड़ा अनिष्ट होने वाला है।[190]

---

189 दैवतसंयोगख्यापनं तु –सुरुङ्गामुखेनाग्निचैत्यदैवत...............मुखादग्निधूमोत्सर्गः। अर्थ० पृ.७०५-०६

190 तदस्य स्वविषये कार्तान्तिकनैमित्तिकमौहूर्तिकपौराणिकेक्षणिकगूढपुरुषाः..................नक्षत्रे दर्शयेयुः। अर्थ० पृ.७०६





अर्थशास्त्र में बताये गये उपाय भले ही आज प्रासंगिग न रह गये हो लेकिन यह आज भी प्रासंगिक है कि बिना धर्म के राजनीति सम्भव नहीं है।

इस प्रकार से हम देखते हैं कि प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक राजनीति और धर्म एक दूसरे से परस्पर सम्बन्धित हैं। कभी राजनीति को धर्म और चर्च के हाथों में सौंप दिया गया, तो कभी उसे राजतन्त्र के चरणों में समर्पित कर दिया गया। इसका कारण उस समय की परिस्थियाँ रही। भारत में भी राज्य चलाने के लिए अनेक स्मृति ग्रन्थों का उपयोग किया गया। जिनसे प्राचीन समय में कोई भी राजा उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। ओशो ने कहा था – "धर्म अगर प्रकाश है जीवन का, तो राजनीति पृथ्वी है। न आत्मा अकेली हो सकती है, न शरीर अकेला हो सकता है। शरीर न हो तो आत्मा अदृश्य हो जाती है और खो जाती है और आत्मा न हो तो शरीर सड़ जाता है और दुर्गन्ध देने लगता है। धर्म के बिना राजनीति सड़ा हुआ शरीर हो जाती है। लेकिन स्मरण रहे, राजनीति से विहीन धर्म भी अदृश्य हो जाता है।[191]

वर्तमान समय भारत में अनेक पार्टीयों का गठन भी धर्म के आधार पर किया गया है। अर्थशास्त्र के खोज के पूर्व यहाँ तक कहा जाता था कि भारतीयों को राजनीति सम्बन्धी ज्ञान नहीं है क्योंकि यहाँ पर राजनीति सम्बन्धि अलग से कोई ग्रन्थ प्राप्त नहीं। जितने भी प्राचीन ग्रन्थों को लिखा गया उनमें धर्म और नैतिकता सम्बन्धि ज्ञान की चर्चा की गयी है।

राज्य की उत्पत्ति का दैवी सिद्धान्त का आधार धर्म ही है। जिसमें राजा को देवताओं से उत्पन्न बताया गया है। इस प्रकार से हम देख सकते है कि धर्म राज्य का आधार है।

इस प्रकार अंततः कहा जा सकता है कि किसी भी राज्य के समृद्ध विकास में उसके विभिन्न पक्षों का होना अनिवार्य माना जाता है। ये पक्ष संभवतः सामाजिक,आर्थिक, राजनीतिक रूपों में परिगणित होते हैं। अतः राज्य एवं इसके विभन्न पक्ष एवं इसके विभिन्न अंगों पर चिन्तन प्राचीन काल से ही चला आ रहा है तथा वर्तमान में भी यह चिन्तन की प्रक्रिया निरवच्छिन्न रूप से प्रवाहमान है। राज्य का प्रादुर्भाव किस प्रकार हुआ, इसके स्वरूप क्या हैं तथा इसकी क्या उपयोगिता है? एक राज्य का कार्यक्षेत्र क्या होता है तथा इसकी प्रभुता का स्वरूप क्या है, इत्यादि बिन्दुओं का विश्लेषण निरंतर

---

191 धर्म और राजनीति, ओशो, (सं- मा अमृत साधना/स्वामी दयाल भारती) डायमंड बुक्स, नई दिल्ली : २००४, पृ. ८५

रूप से गतिमान हैं तथा राज्य संबंधी ये ही मौलिक प्रश्न राजनीतिक चिंतन के रूप में जाने जाते हैं। अतः राजनीतिक चिंतन की ये प्रक्रिया प्राचीन, मध्यकालीन एवं अर्वाचीन दार्शनिकों एवं विचारकों के ग्रन्थों से ज्ञात होती है एवं इन आचार्यों की राजनीतिक चिंतन दार्शनिक धारणाओं से प्रभावित होती है। दार्शनिक तत्त्वों में ही धर्म परिगणित किया जाता है। अतः धार्मिक क्रियाकलापों द्वारा प्राचीन एवं अर्वाचीन शासन-प्रणाली में सफलता एवं असफलता की अवधारणा किस प्रकार परिलक्षित होती है, आदि बिन्दुओं का विवेचन ही प्रस्तुत शोध-पत्र में करने का प्रयास किया गया है

## ॥ सन्दर्भ ग्रन्थ सूची ॥


- अर्थशास्त्रम्, कौटिल्य, (पञ्चटीकोपेतम्); संपादक, आचार्यविश्वनाथशास्त्रिदातार:सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी : १९९१.
- अर्थशास्त्रम्, कौटिल्य, (श्रीमूलाटीका सहित), संटी गणपती शास्त्री., चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी : २००६.
- अर्थशास्त्रम्, कौटिल्य, लेखक -डॉकमलनयन. शर्मा, जगदीश संस्कृत पुस्तकालय, जयपुर : २०११.
- अर्थशास्त्रम्, कौटिल्य, व्या. वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन : वाराणसी : २०११.
- अर्थशास्त्रम्कौटिल्य ,:,सं.टीगणपतीशास्त्री, चौखम्बाविद्याभवन, वाराणसी : २००५.
- आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन, आचार्य डॉ.विश्वनाथ प्रसाद वर्मा, लक्ष्मी नारायन अग्रवाल,आगरा : २०१४.
- काव्यादर्श:, दण्डी, व्या. रामचन्द्र मिश्र, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी : २००५.
- दशकुमारचरित, महाकविदण्डी, टीकाकार -विश्वनाथ झा मोतिलाल बनारसीदास दिल्ली : २०१५.
- दशकुमारचरित,( पूर्वपीठिकामात्रम्) संपादक- यमुनेश त्रिपाठी 'चातक', भारतीय विद्या प्रकाशन वाराणसी : १९८२.
- पाणिनिकालीन भारतवर्ष, वासुदेवशरण अग्रवाल, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी : १९९६.
- प्राचीन भारत में धर्म और राजनीति, डॉ.राजवन्त राव, साहित्य संगम इलाहाबाद : १९९५.
- प्राचीन भारत में राजनीतिक विचार एवं संस्थाएँ, डॉ. परमात्मा शरण, मीनाक्षी प्रकाशन मेरठ : २००८.







- प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचारधारा,डॉ .लल्लनजी गोपाल,विश्वविद्यालय प्रकाशन,नई दिल्ली : २००२
- राजनीति -चिंतन की रुपरेखा, ओम् प्रकाश गाबा, मयूर पेपरबैक्स नोएडा : २०१०.
- वाराणसी : १९९९.
- संस्कृत -वाङ्मय का बृहद् –इतिहास, (पंचम -खण्ड गद्य -भाग)प्रधान सं.आचार्य बलदेव उपाध्याय. संपादक -प्रो.जयमन्त मिश्र, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ : २००३.

# धर्मस्य स्वरूपम्

राकेशपाठकः

---

**मुख्यशब्दः-** धर्मः, संसारः, कर्म, मनुः।

---

**सारांशः**

धार्यते इति धर्मः। अथवा धारणात् धर्मः। अर्थात् यः संसारं धरति अथवा येन संसारोऽयं धार्यते सन्धर्मः । शास्त्रेषु धर्मशब्दो गुणकर्मनियमस्वभावाधर्थेषु प्रयोक्तोऽस्ति। श्रीमद्भगवद्गीताया अष्टादशाध्याये गुणकर्मशब्दयोः प्रयोगः धर्मार्थे कृतोऽस्ति। चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागसः । स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः । तत्तच्छास्त्रेषु विभिन्नं धर्मलक्षणं दृश्यते । मीमांसकमते धर्मलक्षणम् - चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः । न्यायमते – धर्माधर्मा – दृष्टं स्यात् । अर्थात् अदृष्टमेव धर्मोऽधर्मश्च । मनुमते –

विद्वद्भिः सेवितः सद्भिर्नित्यमद्वेषरागभिः

हृदये नाम्युज्ञातो यो धर्मस्तं निबोधत । मनु॰ 2/1

अर्थात् यो वेदसम्मतो, रागद्वेषविनिर्मुक्तविद्वद्भिः आचरितः, श्रेयसः साधनभूतो मार्गः सधर्मः । वेदप्रकाणकः श्रेयसाधनो धर्मः श्रुतिस्मृत्युदितं धर्मः । मनु॰ 2/91

भविष्यपुराणे – धर्मः श्रेयः समुद्दिष्टं श्रेयोऽभ्युदयलक्षणम्। अर्थात् वेदमूलकं अमितसुखैश्वर्यमोक्षाणां साधनं धर्म इति। यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससंसिद्धिः सधर्मः । इत्यपि दृश्यते । शास्त्रविहितः आचारो व्यवहारोऽपि धर्म एव, यथाआचारः परमोधर्मः ।

---

इमानि सर्वाण्यपि लक्षणानि तत्वतो ज्ञात्वा अन्यैराचार्यैरुक्तं यत्- इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारालोकिकोपायो धर्मः । वस्तुतः यथा ईश्वरलक्षणविषये विद्वत्सु मतैक्यन्नास्ति तथैव धर्मस्वरुपमपि अनिर्धारितमेवास्ति । अत एव शास्त्रकारैरुक्तं यत् – धर्मस्य तत्वं निहितं गुहायां महाजनो येन गतः स पन्थाः। अहिंसा सत्यादयः परमधर्माः सन्ति । यथा – अहिंसा परमोधर्मः । सत्यान्नास्ति परोधर्मः । किन्तु विशेषपरिस्थितौ प्राणसङ्कटे उत्पन्ने सति अहिंसासत्यादीनामाचरणधर्मो भवति । यथा – सत्यं न सत्यं खलु यत्र हिंसा दयान्वितं चानृतमेव सत्यम् ।।[2]

अतः धर्माचरणं सर्वेभ्यः अनिवार्यं किन्तु तत्स्वरुपनिर्धारणे शास्त्रा तथा च रागद्वेषविनिर्मुक्ताः तपस्विनः एवं समर्थाः । गीतायां भगवान् श्रीकृष्णो ब्रवीति यत् –





तस्माच्छास्त्रं प्रमाणन्ते कार्याकार्यव्यवास्थितो।

यो शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामनारतः ।

न च सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परागतिम्।

वस्तुतः धर्मी अनित्यो नित्यश्च धर्मः । धर्मो नित्यः तस्य हेतुनित्यः । धर्मो नारायणः साक्षात् । रामो विग्रहवान् धर्मः । ईश्वरस्य आराधनायां याः पद्धतयः स्वीक्रियन्ते ताः सम्प्रदायत्वेन परिगण्यन्ते । यथा – बौद्ध- जैन – सिख- इस्लाम- ईशायी – इत्यादयः । धर्माचरणस्य मुख्यमुद्देश्यं जीनमात्रस्य कल्याणमस्ति। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु ..... इति । सनातनेधर्मे धर्मस्य सामान्यरूपेण विशेषरूपेण च द्वो विभागौ स्तः । सामान्यविभागे धर्मस्य दशलक्षणानि प्रतिपादितानि सन्ति ।

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचभिन्द्रियनिग्रहः ।

धीर्विधा सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ।।

उक्तधर्मातिरिक्तं मानवमात्रकल्याणाय राजधर्मः , प्रजाधर्मः, सैनिकधर्मः, सेवकसेव्यधर्मः, गुरुशिष्यधर्मः, पतिपत्निधर्मः, इत्यादीनामप्यनेक धर्माणां समुल्लेखः शास्त्रेषु वर्तते।

[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st, Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

# आधुनिक संस्कृत काव्य और विदेशजवाद

अरुण कुमार निषाद[192]

---

**मुख्य शब्द-** नई दृष्टि, नये विषय, संस्कृत साहित्य, समाज,

---

**सारांश**

पुराकाल से संस्कृत रचनाकारों ने अपनी कृतियों द्वारा संस्कृत की सेवा की है | वैदिककाल से लौकिककाल और लौकिककाल से लेकर आधुनिक युग तक इसकी कीर्ति पताका सभी दिशाओं में फहरा रही है | कवि को काव्य काव्य जगत का ब्रह्म कहा जाता है | उसके विषय में कहा जाता है – **"अपारे काव्य संसारे कविरेक: प्रजापति:/ यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते |** कवि अपनी अपूर्व प्रतिभा तथा सर्जनात्मक वैदुष्य द्वारा साहित्य को एक नई दिशा प्रदान करता है | कवि को अगर प्रलयपर्यन्त तक नाम कमाना है तो उसको अच्छी कविता लिखनी पड़ेगी, क्योंकि अच्छी कविता करने वाले को लोग युगों-युगों तक याद रखते है | आज के संस्कृत लेखक के लिए विषय का अभाव नहीं है | उसकी दृष्टि में जो कुछ भी दिखाई दे रहा है, उसे वह अपनी लेखनी से उकेरता जा रहा है | आज का लेखक प्राचीनकाल से चले आ रहे कुछ गिने-चुने विषय पर लिखने के स्थान पर समाज की यथार्थता का वर्णन कर रहा है | संस्कृत का लेखक भी इससे अछूता नहीं है |आज वह भी नई दृष्टि और नये विषय को चुन रहा है | अच्छा साहित्य और अच्छा रचनाकार वही है, जो समय, परिस्थिति और देशकाल के अनुसार हो |

---

साहित्य के विभिन्नवादों में विदेशजवाद एक नवीन विधा है | इस विधा में कवि या लेखक सुदूर देश-प्रदेश के बारे में वर्णन करता है | भले ही वह उस स्थान को प्रत्यक्ष न देखा हो | लेखक प्रसंगों को सुनकर, चित्र को देखकर, लिखते समय स्वयं को उस स्थान पर पहुँचा देता है, उस पात्र से मिल लेता है, जिसके विषय में वह लिख रहा होता है | कवि के बारे में कहा भी जाता है कि- "जहाँ न पहुँचे रवि/ वहाँ पहुँचे कवि |" यह कहावत इस वाद के लेखकों पर एकदम फिट बैठती है | इस विधा के प्रमुख रचनाकार और उनकी रचनाएँ इस प्रकार हैं- डॉ. रामकरण शर्मा (मोनालिसा), प्रो. राधा वल्लभ त्रिपाठी (आप्ल्सपर्वते मेघदूतम्), रमाकान्त शुक्ल (भाति मोरिशससम् और तुरिनोसपादशतकम्), डॉ. कमलेश दत्त त्रिपाठी (योरोपा), प्रो. 'अभिराज राजेन्द्र मिश्र (राङ्गडा), प्रो. हरिदत्त शर्मा थाई (थाईभूमिरियम्) |

[192] शोधार्थी, लखनऊ

**विदेशजवाद विधा के प्रमुख रचनाकार -**

डॉ. रामकरण शर्मा हवाई जहाज यात्रा का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि- हवाई जहाज से यात्रा करते समय व्यक्ति क्या –क्या कर सकता है और क्या-क्या नहीं कर सकता है | इस गीत को पढकर कोई भी व्यक्ति हवाई जहाज में बिना बैठे उसमें बैठने जैसा अनुभव करता है |

*पिबत खादत मोदत यात्रिण:*
*पठत जागृत माद्यत सीदत*
*लिखत पश्यत धूमयतापि च*
*न तु गवाक्षमवावृणुत स्वयम्*||[193]

प्रो. राधा वल्लभ त्रिपाठी ने यूरोप यात्रा का वर्णन करते हुए लिखा है-

*स्यूतं स्यूतं पुनरपि च यच्छीर्यते धार्यमाण*
*गात्रे क्लृप्तं कथमपि तथाऽऽच्छादने नालमेव*
*धृत्वा देहे हिममयमितं श्वेतकार्पासवस्त्रं*
*पृथ्वी चास्ते विकलकरणा निर्धना गेहनीव*||[194]

प्रो. हरिदत्त शर्मा 'थाईभूमिरियम' कविता में अपने पाठक वर्ग को थाईलैण्ड की धरती पर पहुँचा देते है | वह घर बैठे-बैठे मानसिक रूप से थाईलैण्ड में भ्रमण करने लगता है |

*स्यामनामसुप्रथिता रम्या*
*थाईभूमिरियम*
*बहुसुवर्णशुचिदीप्तिराजित:*
*थाईदेशोऽयम*
*थाईभूमिरियम*||[195]

'योरोपीयम्' और 'पेरिसनगरीयम' कविता में भी प्रो. शर्मा यूरोप और पेरिस की सैर करा देते हैं –

*(क)अयनं विततं नयनं चकितं*
*प्राविशं यदा नवसंसारम्*|
*दृश्यं भव्यं सकलं नव्यम्*
*आगतो यदा सागरपारम्*||
*भाषा भूषा वैविध्यमयी*
*इह चित्रविचित्रं परिधानम्*|
*नवदेशो वेष: परिवेश:*

[193]वीणा, पृष्ठ संख्या 77
[194]सन्धानम् , धरित्रीदर्शनलहरी, द्वितीय उन्मेष, श्लोक 17
[195]लसल्लतिकता, पृष्ठ संख्या 85





*सर्वं हि समुज्ज्वलमागारम्*||
*अयनं………………………*||[196]

*(ख) बहुविधचाकचिक्यपरिपूर्णा*
*पेरिसनीयम् !*
*पेरिसनीयम् !!* |[197]

इसी प्रकार प्रो. रमाकान्त शुक्ल मारीशस का वर्णन करते हुए पाठक को मारीशस की धरती का दर्शन करा देते हैं |

*हर्षमुल्लासमाजो दधाना सदा*
*रत्नगर्भा धरेयं सदा राजताम्*
*शारदा-श्रीसपर्यापरं सत्सदा*
*भातु मौरीशसं भातु मौरीशसम्*||[198]

डॉ. कमलेश दत्त त्रिपाठी ने 'योरोपा' में लिखा है-

*योरोपे, काऽसि त्वम् ……?*[199]

प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय ने 'रसप्रिया विभावनम्' काव्य में 'पेरिस' नगरी का वर्णन करते हुए लिखा है | वे वहाँ की सभ्यता और संस्कृति की चर्चा करते हुए लिखते हैं-

*अधरैरनुरागवर्षणं*

*वचनैरेव रसप्रकत्थनम्*|

*अरुणैर्नु कपोलयुग्मकै-*

*रनुरागोद्घुषितो जनैरिह*||[200]

अर्थात् पेरिस नगरी में लोग अधरों से अनुराग की वर्षा करते हैं तथा शब्दों से प्रेम की भावना की अभिव्यक्ति करते हैं, और चुम्बनों के कारण अरूणवर्णी कपोलयुग्म से अनुराग की घोषणा सी करते रहते हैं | वहाँ की जनता हर समय काम में डूबी रहती है | स्पष्ट है कि- पेरिस की अपनी एक अलग सभ्यता और संस्कृति है और भारत की अलग यहाँ पर जो चीजें वर्जित हैं, अश्लील मानी जाती हैं यहाँ की संस्कृति के अनुसार वह एक सामान्य चीज है |

*रमणीयवने महापथे*
*बसयानेष्वपि चुम्बने रतान्*|

[196]उत्कलिका, योरोपीयम्, पृष्ठ संख्या 49
[197]उत्कलिका, पेरिसनगरीयम्, पृष्ठ संख्या 84
[198]सर्वशुक्ला (प्रथम खण्ड), पृष्ठ संख्या 132
[199]नखदर्पण, कमलदेशदत्त त्रिपाठी, पृष्ठ संख्या 27
[200]प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय, रसप्रियाविभावनम्, 2/11, पृष्ठ संख्या 17

*अवलोक्य नु माति मे मनः |*
*प्रणयार्ता वसुधापि कीदृशी ||*[201]

रमणीय उद्यानों में, हर मार्ग पर, यहाँ तक कि बसों, मेट्रो और ट्रेनों में भी नर-नारी परस्पर अधर चुम्बन में संलग्न रहते हैं | इन्हें इस प्रकार एक दूसरे को बेताबी से चूमते चाटते देखकर ऐसा लगता है कि हाय ! यह धरती कितनी प्रणयातुर हो उठी है |

*तृणमूलमये धरातले*
*कणशः प्रेमरसं पिपासवः |*
*युवकास्स्वशिरांसि पादयो-*
*स्तरूणीनां हि निधाय शेरते||*
*युवती निनिधाय हस्तकं*
*प्रियवक्षोरूहराशिमध्यगे|*
*नयनं नयनेनिवेशिनी*
*किल कण्डूयति तं रसातुरा ||*[202]

प्रेम की एक-एक बूंद को पीने के लिए लालायित युवक घास के मैदानों में युवतियों के पैरों पर सिर रखे लेते रहते हैं और वे प्रेमातुर युवतियाँ प्रेमी के वक्षस्थलजन्य बालों पर हाथ रखे हुए, उसकी आँखों में आँखे डालकर वक्षस्थल को धीरे-धीरे खुजलाती हुई उँगुलियाँ फिराती रहती हैं | जिस दृश्य का वर्णन प्रो. पाण्डेय ने पेरिस की धरती पर किया है वह यहाँ भी यदा-कदा दृष्टिगोचर होता है | अन्तर इतना है की यहाँ पर यह काम सार्वजनिक स्थलों पर होता है और यहाँ लुके-छिपे |

**समाज पर प्रभाव –**

साहित्य समाज का दर्पण है | और यह समय के अनुसार बदलता रहता है | प्रत्येक भाषा और विषय का एक पाठक वर्ग होता है | वह (साहित्य) उसी समाज को लाभ देता है जो उस भाषा या विषय का जानकार होता है | जैसे- महाकवि कालिदास की रचनायें हिन्दी और अंग्रेजी के पाठक को उतना प्रभावित नहीं करेंगी जितना कि संस्कृत के पाठक को | इसीलिए किसी भी साहित्य या साहित्यकार से यह अपेक्षा न की जाय कि- उसकी रचना समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करेगी | ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकार थे पर और भाषा तथा दलित साहित्य में रूचि न रखने वाले के लिए वे किसी काम के नहीं | इस विधा को पढ़कर व्यक्ति की इच्छा प्रत्यक्ष रूप से उस स्थान को जाकर देखने की हो जाती है | वह वहाँ के बारे में अधिक-से-अधिक जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश करता है | इससे उसके ज्ञान की वृद्धि होती है |

[201]रसप्रियाविभावनम्, 2/28, पृष्ठ संख्या 22
[202]रसप्रियाविभावनम्, 2/41-42, पृष्ठ संख्या 26





**उद्देश्य –**

इस शोधपत्र में संस्कृत प्रेमियों को विदेशजवाद जैसी नई विधा से परिचित कराना है, जो अभी अन्वेषणकर्ताओं द्वारा अल्प ज्ञात है |

**उपसंहार-**

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि- धीरे-धीरे ही सही पर संस्कृत में भी आज नये-नये प्रयोग हो रहे हैं | आज के नये रचनाकारों ने बने –बनाये रास्ते के स्थान अपना स्वयं का साहित्यिक रास्ता बनाया है | आजकल संस्कृत में पत्र साहित्य, लोकगीत, गजल, कौव्वाली, डायरी लेखन, यात्रावृत्तांत, जीवनी, आत्मकथा, पत्रकारिता, अनुवाद आदि पर भी खूब कार्य हो रहे हैं | आधुनिक संस्कृत के संगीतवद्य गीतों और चलचित्रों ने भी बाजार में अपनी जगह बना ली है | आजकल संस्कृत में 'ध्रुवा' नामक बैण्ड भी बहुत चर्चा में है |

**सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची**

1.रामकरण शर्मा, वीणा, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली, 1990 ई., पृष्ठ संख्या 77
2.प्रो. राधा वल्लभ त्रिपाठी, संधानम्, www.sanskrit.nic.in
3.प्रो. हरिदत्त शर्मा, लसल्लतिकता, राका प्रकाशन, इलाहाबाद, 2004 ई., पृष्ठ संख्या 85
4.प्रो. हरिदत्त शर्मा ,उत्कलिका, योरोपीयम् , आञ्जनेय प्रकाशन, इलाहाबाद,प्रथम संस्करण 1989 ई., पृष्ठ संख्या 49
5.प्रो. हरिदत्त शर्मा ,उत्कलिका, पेरिसनगरीयम् , आञ्जनेय प्रकाशन, इलाहाबाद,प्रथम संस्करण 1989 ई., पृष्ठ संख्या 84
6.प्रो. रमाकान्त शुक्ल, सर्वशुक्ला (प्रथम खण्ड), देववाणी परिषद् प्रकाशन, दिल्ली, 2003 ई., पृष्ठ संख्या 132
7.डॉ. हर्षदेव माधव, (सम्पादक) नखदर्पण, श्रीवाणी अकादमी प्रकाशन, चाँदखेडा , 2008 ई., पृष्ठ संख्या 27
8.प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय, रसप्रियाविभावनम्, 2/11, नाग पब्लिशर्स दिल्ली, 2005 ई., पृष्ठ संख्या 17
9.प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय, रसप्रियाविभावनम्, 2/28, नाग पब्लिशर्स दिल्ली, 2005 ई., पृष्ठ संख्या 22
10.प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय, रसप्रियाविभावनम्, 2/41-42, नाग पब्लिशर्स दिल्ली, 2005 ई., पृष्ठ संख्या 26

# मध्यमकाव्यविमर्श

विपिनकुमारझा[203]

---

**मुख्यशब्दाः** ध्वनि, गूणीभूतव्यङ्ग्य, मम्मट, संलक्ष्यक्रमध्वनि, असंलक्ष्यक्रम रसादिध्वनि

---

**सारांशः-** साहित्यशास्त्रियों ने काव्य का विभाजन उत्तम मध्यम एवं अधम इन तीन प्रकारों से किया है वहीं पण्डितराजजगन्नाथ ने उत्तमोत्तम नामक एक नवीन भेद को भी प्रस्तुत किया है। काव्य के विभाजन का आधार सभी ने एक मत से ध्वनि को माना। प्रकृत शोधपत्र में मध्यमकाव्य की प्रकृति एवं मम्मट की दृष्टि का साङ्गोपाङ्ग विवेचन किया गया है।

---

वैयाकरणसम्मत ध्वनि[204]की आधारशिला पर काव्यशास्त्रियों ने ध्वनि को विशेष स्थान देते हुए काव्य का विभाजन ध्वनि[205] गुणीभूतव्यङग्य[206]एवं चित्र काव्य[207] के रूप में किया है। वाग्देवतावतार आचार्य मम्मट ने अपने ग्रन्थ काव्यप्रकाश के प्रथम उल्लास में इस आशय को व्याख्यायित किया है। ध्वनि काव्य को उत्तमकाव्य गुणीभूतव्यङग्य को मध्यम एवं चित्र को अवरकाव्य के रूप में सोदाहरण[208] प्रस्तुत किया है। इन त्रिविध काव्यों का विशद विवेचन क्रमशः चतुर्थ पञ्चम एवं षष्ठम उल्लासों में आचार्य मम्मट द्वारा किया गया है। मम्मटाभिमत गुणीभूतव्यङ्ग्य वहीं सम्भव है जहाँ व्यङग्यार्थ वाच्य से अधिक चमत्कारी न हो। इस गुणीभूतव्यङ्ग्य की परिभाषा एवं उदाहरण तो प्रथम उल्लास में प्रस्तुत किया गाया है किन्तु भेदोपभेद की चर्चा पञ्चम उल्लास[209] में विशद रूप में प्रस्तुत की गयी है, जहाँ आरम्भ में ही मम्मट ने कहा है- 'एवं ध्वनौ निर्णीते गूणीभूतव्यङ्ग्यप्रभेदान् आह'।

[203] साहित्यविभागीय प्राध्यापक, वेदव्यासपरिसर, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, बलाहर, हिमाचल प्रदेश।

[204]बुधैर्वैयाकरणैः प्रधानभूतस्फोट रूप ................. ध्वनिरिति व्यवहारः कृतः। प्रथमोल्लास काव्यप्रकाशः पृ.29

[205]इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः। वही कारिका 4

[206]अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यं व्यङ्ग्ये तु मध्यमम् । वहीं कारिका 5

[207]शब्दचित्रं वाच्यचित्रमव्यङ्ग्यं त्ववरं स्मृतम् । वहीं कारिका 5

[208]स्वच्छन्दोच्छलदच्छकच्छकुहरच्छाते तराम्बुच्छटा । मूर्च्छन्मोहमहर्षिहर्षविहित स्नानाह्निकाह्नाय वः 9.1 भिद्यादुद्यदुदारदर्दुरदरीदीर्घादरिद्रदुम-द्रोहोदोद्रेकमहोर्मि मेदुरमदामन्दाकिनी मन्दताम्। वहीं श्लोक 4

[209]एवं ध्वनौ निर्णीते गुणीभूतव्यङ्ग्यप्रभेदान् आह । काव्यप्रकाश पंचमोल्लास पृ.196





आचार्य मम्मट ने गुणीभूतव्यङ्ग्य के आठ भेदों को प्रस्तुत करते हुए उनके उपभेदों को सोदाहरण प्रस्ततु किया है ये आठ भेद क्रमशः अगूढव्यङ्ग्य, इतर का अङ्गभूतव्यङ्ग्य,वाच्यसिद्धि का अंग भूतव्यङ्ग्य, सदिग्धप्राधान्यव्यङ्ग्य, तुल्यप्रधान्यव्यङ्ग्य, काकु से आक्षिप्तव्यङ्ग्य, असुन्दरव्यङ्ग्य हैं।[210]

इन भेदों में से प्रथम भेद है अगूढव्यङ्ग्य । वस्तुतः ध्वनि काव्य सहृदयजन संवेद्य होता है जबकि अगूढ सामान्यजन द्वारा भी संवेद्य है। जबकि गूढव्यङ्ग्य सहृदयजन के द्वारा भी सर्वथा असंवेद्य होता है । ये दोनों ही गूढ एवं अगूढ गुणीभूतव्यङ्ग्य के प्रभेद स्वीकृत है ।[211] आशय को आचार्यो ने त्रिदेशीया स्त्री के कुचकलश के उपमा के माध्यम से स्पष्ट किया है ।[212] इस तथ्य को आचार्य मम्मट भी आत्मसात करते हुए कहते है 'कामिनी कुचकलशवद् गूढं चमत्करोति'। अगूढरूप गुणीभूतव्यङ्ग्य के प्रथम प्रभेद का दो उदाहरण आचार्य मम्मट ने प्रस्तुत किया है-लक्षणामूलध्वनि के अर्थान्तरसंक्रमितवाच्यभेद से गुणीभूत होने के कारण प्रथम उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है तो वहीं लक्षणा मूलध्वनि के ही अत्यन्ततिरस्कृतवाच्य भेद से गुणीभूत होने के कारण द्वितीय उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है । प्रथम उदाहरण[213] में 'जीवन्' पद 'निन्दितजीवन' रूप अर्थान्तर में संक्रमितवाच्य के ध्वनि के अत्यन्त गूढ होने से गुणीभूत व्यङ्ग्य के गूढ का प्रथम उदाहरण वना[214]जबकि द्वितीय उदाहरण[215] में 'उदयाचलचुम्बि विम्बम्' में वक्रसंयोग व्यापार रूप 'चुम्बन' इस अर्थ के सर्वथा बाधित होने के कारण सामान्य संयोग इस अर्थ को प्रस्तुत करता है अर्थात् प्रारंभिक अर्थ का अत्यन्त तिरस्कार किया गया है इस कारण यह अत्यन्त तिरस्कृतवाच्य 'चुम्बन' का सहज स्पष्टकारक होने के कारण अगूढगुणीभूत व्यङ्ग्य का उदाहरण बना ।[216]

अगूढव्यङ्ग्य के तृतीय उदाहरण का आधार पूर्वोक्त दो उदाहरणों के समान ही है प्रथम एवं द्वितीय उदाहरण लक्षणामूलध्वनि को ध्यान में रखते हुए किया गया है जबकि तृतीय का उदाहरण अभिधा मूलध्वनि को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। तृतीय उदाहरण में के 'नापि' इस अर्थशक्तिमूल अनुरणनरूपसंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य के अगूढ होने के कारण गुणीभाव को प्राप्त किया है ।[217]

गुणीभूतव्यञ्ग्य के प्रथम प्रभेद के तीन उदाहरण देने के बाद द्वितीय भेद का क्रमावसर प्राप्त होता है। द्वितीय भेद के चर्चा के क्रम में आचार्य मम्मट ने कुल दस उदाहरण प्रस्तुत किए है-

1. जहाँ रस अन्य रस का अङ्ग है ।[218]

[210]अगूढमपरस्यागं वाच्यसिध्यङ्गमस्फुटम्। वहीं

[211]कामिनी कुचकलशवद् गूढं चमत्करोति, अगूढं तु स्फुटतया वाच्यायमानमिति गुणीभूतमेव । का. प्र.पृ. 197

[212]नान्ध्रीपयोधर इवातिरतां .............. कुचाभः । का.प्र.पृ.196

[213]यस्यासुहृत्कृततिरस्कृतिरेत्य तत्पेति । का.प्र.प.उ. शलोक 113

[214]काव्यप्रकाश पं.उ.पृ.197

[215]उन्निद्रकोकनदरेणु पिशङ्गिताङ्गा । वही शलोक 114

[216]अत्र चुम्बनस्यात्यन्ततिरस्कृतवाच्यस्य । वही पृ. 198

[217]अत्रासीत् फणिपाशबन्धनविधिः शक्त्या भवद्देवरे । वहीं पृ. 198

[218]अत्र 'केनाप्यत्र' .............. अनुरणनं वा । वहीं पृ. 199

2. जहाँ भाव रस का अङ्ग है ।[219]
3. जहाँ भाव का अङ्ग है ।[220]
4. जहाँ रसाभास एवं भावाभास भाव के अंङ्ग है ।[221]
5. जहाँ भावशान्ति भाव का अङ्ग है ।[222]
6. जहाँ भावोदय(व्यभिचारीभाव) भाव का अङ्ग है ।[223]
7. जहाँ भावसन्धि भाव का अङ्ग है ।[224]
8. जहाँ भावशबलता भाव का अङ्ग है ।[225]
9. जहाँ शब्दशक्तिमूलध्वनि वाच्य का अङ्ग है ।[226]
10. जहाँ अर्थशक्तिमूलध्वनि वाच्य का अङ्ग है ।[227]

ध्यातव्य है कि प्रथम उदाहरण से आठवें उदाहरण तक असंलक्ष्यक्रम रसादिध्वनि को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है जबकि नवम एवं दशम ये दो उदाहरण संलक्ष्यक्रम अलङ्कारध्वनि तथा वस्तु ध्वनि को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया हैं।

प्रथम से अष्टमपर्यन्त एक असंलक्ष्यक्रम रसादि ध्वनि दूसरे व्यङ्ग्य भावादि ध्वनि का अङ्ग बन रहा है इसी कारण ये अपरस्याङ्ग रूप प्रभेद के तौर पर गिनाया गया है । यहाँ विशेष तौर पर ध्यान देने योग्य है कि मम्मटाचार्य ने 'यः कौमारहरः'[228] में जिस रसवत् अलङ्कार के बीजरूप को प्रथम उल्लास में दिखाया था तथा चतुर्थ उल्लास में दिङ्मात्र प्रस्तुत कर पञ्चम में निरुपण करेंगे ऐसा आशय प्रस्तुत किया था[229]उसका निर्वहण भी इसी प्रथम से अष्टम उदाहरणों को प्रस्तुत करते हुए किया है ।

वस्तुतः रसवदादि चार अलङ्कार है[230]

1. गुणीभूतव्यङ्ग्य में एक रस का अन्य रस के अंग होने पर रसवत् अलंकार[231]
2. भाव के अन्य का अङ्ग होने पर प्रेय अलंकार[232]

[219]अयं स रसनोत्कर्षी …………… करः । वहीं शलोक 116
[220]कैलासालयभाललोचन रुचा …………… समुत्सार्यते। वहीं शलोक 117
[221]अत्युच्चाः परितः ………. मुद्रिताः । वहीं शलोक 118
[222]अविरलकरवाल....क्षणात्। काव्यप्रकाश पृ. 202
[223]वहीं श्लोक 121
[224]वहीं पृ. 203
[225]वहीं पृ. 204
[226]वहीं पृ. 206
[227]वहीं पृ. 207
[228]वहीं पृ. 19
[229]ते च गुणीभूताभिधाने उदाहरिष्यन्ते। वहीं पृ. 94
[230]वहीं पृ. 94
[231]वहीं
[232]वहीं





3. रसाभास तथा भावाभास के अन्य का अंग होने पर ऊर्जस्वि अलंकार[233]
4. भावशान्ति (आदि) के अन्य के अङ्ग होने पर समाहित अलंकार[234]

यहाँ काव्यप्रकाश के द्वारा प्रस्तुत ये प्रथम आठ उदाहरण समीक्षणीय है क्योंकि आठवें उदाहरण के बाद उन्होने कहा है कि ये रसवदादि अलङ्कार हैं ।

समीक्षा में स्पष्ट है कि प्रथम उदाहरण तो स्पष्ट रूप से रसवत् अलंकार का उदाहरण है क्योंकि रसवत् का लक्षण स्पष्टतः इस पर आधारित होता है इसके साथ ही अन्य तीन अर्थात प्रेय ऊर्जस्वि तथा समाहित को मिलाकर रसवत् आदि (रसवदादि) चार अलङ्कारों का उदाहरण ही आचार्य मम्मट के द्वारा प्रस्तुत किया जाना चाहिए । किन्तु कुल आठ उदाहरण दिए गए हैं ।प्रथम उदाहरण रसवत् अलङ्कार की श्रेणी में है । द्वितीय उदाहरण प्रेय अलङ्कार की श्रेणी में आता है तृतीय उदाहरण भी प्रेय का ही माना जाएगा । चतुर्थ ऊर्जस्वि एवं पञ्चम समाहित में समाहित होता है[235] ।अब शेष तीन का अन्तर्भाव कहाँ किया जाए यह प्रशन उठता है क्योंकि आचार्य ने भावोदय भावसन्धि भावशबलत्व को अलङ्कार नहीं माना है । इस जिज्ञासा का प्रशमन पञ्चम उल्लास में ही आचार्य मम्मट ने 'तथापि कश्चित् ब्रूयात्[236]' के माध्यम से कर दिया है । मम्मट ने स्पष्ट किया है कि यद्यपि महिमभट्टादि प्राचीन आचार्यों ने उक्त तीन को अलङ्कार के रूप में परिगणित नही किया है[237]तथापि रसवदादि के समान इन से अन्य का उत्कर्ष होता है इस कारण इन तीनों को भी समाहित में उपलक्षण माना जा सकता है क्योंकि इनमें भी परोत्कर्षत्वरूप लक्षण पाया जाता है । पुनः समाहित में ही अन्तर्भाव होने का कारण बताते हुए आचार्य मम्मट कहते है प्राधान्येन व्यपदेशाः भवन्ति इति क्वचित् केनचित् व्यवहारः ।[238]

इसके अनन्तर ग्रन्थकार ने वाच्यसिध्यङ्ग[239] का उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रदत्त उदाहरण में 'विष' पद से जो अर्थ व्यङ्ग्य है, मेघ पर आरोपित सर्परूप वाच्यार्थ की सिद्धि का उपकारक होता है अस्तु यह वाच्यसिध्यङ्ग का उदाहरण बना।ग्रन्थकार ने पुनः 'गच्छाम्यच्युत[240]' रूप द्वितीय उदाहरण देने का औचित्य यह है कि है प्रथम में तो एक वक्तृक नहीं है[241] । अस्फुट का उदाहरण[242] देते हुए ग्रन्थकार ने बताया कि यह सहृदय के लिए भी समझने में क्लिष्ट है अस्तु इसका उदाहरण बना[243] इसी प्रकार सन्दिग्धप्रधान्य के उदाहरण

[233]वहीं
[234]वहीं
[235]वहीं पृ. 204
[236]वहीं पृ. 205
[237]वहीं पृ. 205
[238]वहीं पृ. 205
[239]वहीं पृ. 208
[240]वहीं पृ. 208
[241]वहीं पृ. 209
[242]वहीं पृ. 209
[243]वहीं पृ. 209

के स्पष्टीकरण में कहा गया है कि यहाँ व्यङ्ग्यप्रधान है या वाच्यप्रधान इस आशय की संदिग्धता के कारण ही अरस्तु विलोचनानि उदाहरणास्वरुप प्रस्तुत किया गया है [244] । इसी प्रकार तुल्यप्राधान्य [245] काकाक्षिप्त[246]तथा असुन्दर[247] का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

ग्रन्थकार ने 'एषां भेदा यथायोगं वेदितव्याशच पूर्ववत्'[248] के माध्यम से गुणीभूत व्यङ्ग्य के भेदों का विस्तार दिया है जिसकी विशद चर्चा आचार्य विश्वेश्वर भी करते है। प्रकारान्तर से गुणीभूतव्यङ्ग के 56784 भेदो की चर्चा संकर एंव संसृष्टि के आधार पर आचार्य ने प्रस्तुत की है ।[249]

इस प्रकार आचार्य मम्मट ने प्रथित ग्रन्थ काव्यप्रकाश के प्रथम उलास से आंरभ कर चतुर्थ उल्लास में तथा पञ्चम उल्लास में विशद रूप में चर्चा प्रस्तुत की है । आचार्य विश्वेश्वर ने तो सुधासागर मत की चर्चा कर गागर में सागर भरने का काम किया है ।

## सन्दर्भग्रन्थ-


1. काव्यप्रकाशः,आचार्यमम्मटः, आचार्यविश्वेश्वरः, व्याख्याकारः, ज्ञानमण्डललिमिटेड, २२००५
2. ध्वन्यालोकः,आनन्दवर्धनः,अभिनवगुप्तपादविरचितलोचनटीका,प्रकाशव्याख्याच, व्याख्याकारः, आचार्यजगन्नाथः पाठकः, चौखम्भाविद्याभवनम, वाराणसी,२००९.
3. ध्वन्यालोकः,आनन्दवर्धनः,व्याख्याकारः,आचार्यविश्वेश्वरः, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, २२००५.
4. ध्वन्यालोकः, आनन्दवर्धनः , टीकाकारः, रामसागरत्रिपाठी, तारावतीटीका, मोतीलाल वनारसीदास, दिल्ली.
5. जगन्नाथः,*रसगङ्गाधरः*, व्या०मदनमोहनझा, चौखम्बाविद्याभवनम, वाराणसी, 2007
6. पी० वी० काणे, *संस्कृतकाव्यशास्त्रस्यइतिहासः*, अनुवादक- इन्द्रचन्द्रः, मोतीलाल बनारसीदासः, पूणे, 2011
7. मम्मटः,*काव्यप्रकाशः*, झलकीकरोपनाम्नाभट्टवामनाचार्येणविरचितया बालबोधिन्याख्य-टीकयासमन्वितः, भाण्डारकर-प्राच्यविद्या-संशोधन-मन्दिरम, पुणे, 1983
8. मम्मटः, *काव्यप्रकाशः*, व्या०चण्डीदासः, स० रामगोविन्दशुक्ल, सम्पूर्णानन्दसंस्कृत-विश्वविद्यालयः, वाराणसी, 1990


[244]वहीं पृ. 210
[245]वहीं पृ. 210
[246]वहीं पृ. 210
[247]वहीं पृ. 211
[248]वहीं पृ. 211
[249]वहीं पृ. 214






9. मम्मटः,*काव्यप्रकाशः*, व्या०विश्वेश्वरसिद्धान्तशिरोमणि, ज्ञानमण्डललिमिटेड-प्रकाशनस्थानम्वाराणसी, 2005
10. विश्वनाथः, *साहित्यदर्पणः*, व्या०सत्यव्रतः, शशिकलाहिन्दीव्याख्योपेतः,चौखम्बाविद्याभवनम, वाराणसी, 2010
11. विश्वनाथः, *साहित्यदर्पणः*, व्या० श्रीशालग्रामविरचितविमला-हिन्दीव्याख्ययासहितम, मोतीलालबनारसीदासः, वाराणसी, 1986
12. विश्वनाथः,*साहित्यदर्पणः*,व्या०सत्यव्रतसिंहः,चौखम्बाविद्याभवनम,वाराणसी, 1997

# संस्कृत साहित्य में डॉ0 रामकरण शर्माजी का अवदान

सुमित कुमार मंडन[250]

---

मुख्य शब्द- साहित्य, सम्प्रदाय, पटना

---

सारांश

''सत्यव्रतं सत्यपरं त्रिसत्यं सत्यस्य योनिं निहितं च सत्ये।

सत्यस्य सत्यमृतसतयनेत्रं सत्यात्मकं त्वां प्रपन्नाः।।[1]

जो सत्य है वह सत्यव्रत है। जो सत्य है वह शिव है और जो शिव है वह सुन्दर है। अर्थात् सत्य, शिव ओर सुन्दर ये तीनों हीं सत्य है। इन तीनों का उद्‌गम स्थान सत्य में निहित है। सतात्मक सत्य ऋतात्मक सत्य नेत्रभूत प्रकाशपुञ्ज भास्वान् है। सत्यात्मक स्वतः प्रकाशमय ज्ञानस्वरूप को मैं प्रणाम करता हूँ। काव्य की आत्मा सौन्दर्य है जो काव्य में गुणतत्व से आविर्भूत होता है। सौन्दर्यात्मतावाद का अर्थ है सौन्दर्य। वामन काव्य की आत्मा सौन्दर्य को मानते हैं। अतः इनका सम्प्रदाय सौन्दर्य–सम्प्रदाय है, रीतिसम्प्रदाय नहीं। सत्य और तथ्य है कि वामन का सौन्दर्यसम्प्रदाय उतना ही समग्र है जितना आनन्दवर्धन का ध्वनि सम्प्रदाय। कवि, काव्य और सहृदय येही त्रिसत्य हैं। आकारसदृश प्रज्ञावान्, शेमुषी सदृश शास्त्राभ्यासी, शास्त्राभ्यास के अनुरूप उद्योगी तथा उद्योग के अनुसार कर्मफल प्राप्त करनेवाले, परम मनस्वी, वसिष्ठ गोत्र से अभिहित डॉ0 रामकरणशर्माजी 20/3/1927 ई0 को राष्ट्रहुतात्मा कामेश्वरप्रसादशर्मा के सुपुत्ररूप में, आदित्यनारायणजी के पौत्ररूप में, सारण मण्डलान्तर्गत शिवपुर नामक ग्राम को अपने जन्म से अलङ्कृत करनेवाले हुए। अपनी माता रैनी देवी से इन्हें वात्सल्य स्नेह भरपूर मिला। अपने पितृव्य बदरी बाबू से प्यार मिला। अध्ययन करने की प्रेरणा मिली।

1930 ई0 में इनके पूज्य पिता का असहयोग आन्दोलन में निधन हो गया।

शर्माजी की प्राथमिकी शिक्षा अपने गॉव के प्राथमिक विद्यालय में हुई। ग्रामीण प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक भागवतसिंह जी थे। इन्होंने ही शिशु–शर्मा में श्रीमद्‌भगवतगीता एवं रामचरितमानस के पारायण से आरम्भिक संस्कार का उद्‌भावन किया। संस्कार शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की सम्पूर्वक कृञ् धातु से 'घञ्' प्रत्यय से की गई है। सम्+कृ+घञ् त्र संस्कार। संस्कार का प्रयोग अनेक अर्थो में किया जाता है। मीमांसक यज्ञाङ्गभूत पुरोडाश आदि की विधिवत् शुद्धि से संस्कार मानते हैं।[2] अद्वैतवेदान्ती जीव पर शारीरिक क्रियाओं के मिथ्या आरोप को संस्कार समझते हैं।[3] नैयायिक भावों को व्यक्त करने की आत्म–व्यञ्जक शक्ति को संस्कार कहते हैं जिसका परिगणन वैशेषिक दर्शन में चौबीस गुणों के अन्तर्गत किया गया है। संस्कृत साहित्य में

[250] दरभंगा, बिहार





संस्कार शब्द का प्रयोग शिक्षा, संस्कृति प्रशिक्षण, सौजन्य, पूर्णता, व्याकरण–सम्बन्धी शुद्धि, संस्करण, परिष्करण, शोभा आभूषण प्रभाव, विरूप, स्वभावक्रिया, छाप, स्मरणशक्ति, स्मरणशक्ति पर पड़नेवाला प्रभाव, शुद्धि, क्रिया, धार्मिक विधि–विधान, अभिषेक, विचार, भावना, धारणा, कार्य का परिणाम, क्रिया की विशेषता आदि अर्थो में हुआ है।[4]

''होनहार वीरवान के होत चिकने पात'' इस कहावत के अनुसार, 'Morning shows the day' इस सूक्ति के अनुसार

''भवितव्यानां द्वाराणि फलन्ति सर्वत्र''

''फलानुमेया प्रारम्याः संस्काराः प्राक्तवा इव''

इन सभी तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि प्रारम्भिक शिक्षा मानव–जीवन के उत्कर्ष का सोपान है, आधारशिला है, पावन लौकिक–अलौकिक संस्कार है, वैयक्तिक विकास है जिन्हें शर्माजी की पूज्या माँ रैनी देवी चाचा, तथा प्रारम्भिक विद्यालय के आचार्य ने अधीती शिशु शर्मा को प्रदान किया।

सत्यान्वेषण में सारस्वत–संसाराब्धि के तलस्पर्श करने के लिए, ऐहिलौकिक चाकचिक्य से अपने को ऊपर रखने के लिए, शाश्वत निःश्रेयस प्राप्त करने के लिए, दिवङ्गतात्मा अम्बिकादत्त शर्मा के शिष्यत्व में डॉ0 शर्माजी ने लोकमान्य ब्रह्मचर्याश्रम, गन्नीपुर (आज के रामदयालुनगर मुजफ्फरपुर, बिहार) 1935 ई0 में प्रवेश प्राप्त किया। इन्होंने 1935 से 1942 सात वर्षो तक कठोर आश्रम जीवन–यापन किया।

''क ईप्सितार्थस्थिरनिश्चयं मनः पयश्च निम्नाभिमुखं प्रतीपयेत्।।''

इस कालिदास के वचनामृत का रसास्वादन करनेवाले शर्माजी ने अपने पारिवारिक स्नेहिल सदस्यों की इच्छा के प्रतिकूल ब्रह्मचारी के रूप में ब्रह्मचर्याश्रम में प्रवेश किया।

अतः शर्माजी ने आदर्शपूर्ण ब्रह्मचर्याश्रम का जीवन–यापन किया। अपने सुप्रसिद्ध आश्रम ''तत्र मीमांसा वाक्यार्थविचारात्मिका, न्यायश्च वहुपोद्धबालक युक्तिपरिशीलनात्मक इति विवके:। अत्रैव चच सर्वेषां दर्शनशास्त्रणामनुप्रवेशः तत्वबुमुत्सा प्रेरितमेव दर्शनशास्त्रम्। तत्र च बहवः प्रतिपाद्याः विषयाः अतीन्द्रिया इत्यत सर्वत्र स्वयंसिद्धप्रमाण्यानां वाक्याना मुपयोगं विना ज्ञानं द्दुश्कम्। अतोऽतीव प्रयोजिका वाक्यार्थ विचारात्मिका मीमांसा।''[5]

इन्होंने वेद–वेदागें का अध्ययन किया। औपनिषदिक साहित्यों का अध्ययन किया मीमांसा न्याय–वेदान्त–वैशेषिक सांख्य यागादि शास्त्रों का अध्ययन किया। प्रतियोगी अवस्था के अन्तराल में परम जितेन्द्रिय के सहाध्यायी थे पण्डित भावानीदत्त शर्मा, देवीदत्त शर्मा, रामकरण शर्मा, जैमिनी शर्मा तथा देवनन्दन शर्मा।

शर्माजी ने जी0बी0 कॉलेज में अपना प्रवेश करवाया। 1942 में पटना विश्वविद्यालय से, स्वतन्त्र छात्ररूप में मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की। तदन्तर, नवीन एवं प्राचीन पद्धति से इन्होंने संस्कृत विद्या का अध्ययन किया। संस्कृत में, स्नातक प्रतिष्ठा परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्णता प्राप्त करने के बाद 1946 ई0 में स्नातकोत्तर वर्ग में पटना विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया तथा 1948 ई0 में प्रथमें प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी अन्तराल में, स्वतन्त्र छात्र के रूप में इन्होंने,

साहित्याचार्य, वेदान्तशास्त्री तथा व्याकरण शास्त्री की उपाधि, बिहार संस्कृत एसोशियन, पूर्ववर्ती सर्वकारशासीनिकाय से प्राप्त की। यहीं पूर्ववर्ती शासीनिकाय के अन्तर्गत वर्तमान कामेश्वर सिंह दरभग संस्कृत एवं हिन्दी विषय में पटना विश्वविद्यालय के अन्तर्गत नालन्दा महाविद्यालय में व्याख्याता पद को आपने अलंकृत किया। पुनः प्रतियोगिकी अवस्था में आप शर्माजी ने सिविल सर्विस में प्रवेश पाया। कुछ समय बीतने पर, प्रशिक्षण रूप में, आनुषाङ्गिक लेखाविभाग सेवा में प्रवर्तमान हुए, बिहार विश्वविद्यालय सेवा में, हिन्दी विभाग में अस्थायी शिक्षक बने रहे। 1952 में ये अस्थायी हिन्दी के व्याख्याता थे। पुनः बिहार विश्वविद्यालय सेवा में 1955ई0 में संस्कृत के प्राध्यापक बने। जहाँ तक मुझे स्मरण है कि 1950–51 तक ये डिप्टी कलक्टर के रूप में, प्रथम पञ्चवर्षीय योजनान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अञ्चलाधिकारी पदों को सुशोभित किया। संस्कृत विद्या के प्रति शर्माजी को प्रगाढ़ स्नेह रहा है। अतः 1955 ई0 में, बिहार विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विभाग में, वेद, व्याकरण दर्शन, अलङ्कारशास्त्र, छन्दः शास्त्र तथा काव्य का आपने भरपूर अध्यापन किया। शिक्षण व्यवसाय से अपको पूरी सन्तुष्टि मिली। आपने भाषाविज्ञान के हेमन्तकालीन संस्थान पूना की1955 ई0 में तथा ग्रीष्मकालीन संस्थान डेकान महाविद्यालय, पूना की भरपूर सेवा की। ध्वनि विज्ञान–फोनेटिक्स एवं फोनोमिक्स, मोरफोमिक्स, प्रभृतिशास्त्रों का आपने अध्ययन किया। नवीन पद्धति से भाषा भाषा–विज्ञान की सारी विद्याओं का अध्ययन, मूर्धन्य विद्वान् शिक्षक *'मीनाक्षी सुन्दरम', फेयरबैंक्स, एडवार्ड–सी–डिमोक,* तथा विलियम ब्राइट से आधुनिक पद्धति से भाषा विज्ञान का अध्ययन किया। आपने कलिफोर्निया के विश्वविद्यालय, वरकेली का निरीक्षण किया तथा 1957–59 तक वहाँ फुल ब्राइट–स्मीथ–मनडेट ग्रैनटी के रूप में बने रहे। आपने नवीन एवं शास्त्रीय पद्धतियों से भाषा–विज्ञान का अध्ययन किया। लेटिन, जर्मन तथा फ्रेञ्च भाषाओं में आपने दक्षता प्राप्त की। डॉ0 शर्मा को सुप्रसिद्ध भाषाशास्त्री तथा भाषा वैज्ञानिक प्रो0 एम0वी0 इमेन्यू के साथ कार्य करने का सुअवसर मिला। इनका शोध प्रबन्ध 'Elemetns of Poctry in the Mahabharata' प्रसिद्ध है।

**वंश परिचयः–**

डॉ0 शर्माजी का जीवनवृत जाज्वल्यमान है। इनके ही वंश में समुत्पन्न पर्णमशर्मा डॉ0 नन्दकिशोर शर्मा, बिहार विश्वविद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक की पुत्री ने शर्माजी पर शोध कार्य किया तथा वह पी–एच0डी0 की उपाधि से विभूषित भी हुई। इन्होंने शर्माजी का वंश परिचय दिया है।

'Modern evaluation of the Mahabharata' – 'मॉडर्न इवेल्यूएसन ऑफ दी महाभारत' ग्रन्थ (Prof. R.K. Sharma felicitation volume) में प्रो0 आर0के0 शर्माजी का पूर्ण परिचय दिया है। सम्पादक प्रो0 सत्यपाल 'नारङ्ग' ने डॉ0 शर्माजी के आद्योपान्त जीवन चरित पर प्रकाश डाला है। डॉ0 शर्माजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के वर्णन प्रसङ्ग में मूल और गोत्र की चर्चा की गई है। गोत्र–प्रवर की परम्परा का ज्ञान आध्यात्मिक व्यक्ति के लिए अत्यावश्यक है। अतः अपने–अपने जानकारी अपने पिता, आचार्य तथा शास्त्र द्वारा लेनी चाहिए। जबतक गोत्र–प्रवर को कर्मनिष्ठ व्यक्ति नहीं जानता है तबतक उसके द्वारा सम्पादित समस्त कर्म विपरीतफल देते हैं। कश्यप, वसिष्ठ, विश्वामित्र, आर्ग्सि, च्यवन, मौकुन्य, वत्स, कात्यायन, अगस्तय आदि अनेक गोत्रप्रवर्तक ऋषि हैं। गोत्रों में एक, दो, तीन, पाँच प्रवर होते हैं। समानगोत्र में विवाहादि सम्बन्धों का निषेध है। वस्तुतः समस्त संसार महामुनि कश्यप से उत्पन्न हुआ है। जिन्हें अपने गोत्रों का ज्ञान न हो वे सभी काश्यप गोत्र–प्रवर–निबन्ध कदम्ब आदि अनेक स्वतन्त्र निबन्धग्रन्थ है। मत्स्यपुराण अध्याय 195–205 तक में





सविस्तार इस पर प्रकाश डाला गया है। स्कन्द पुराण के माहेश्वर खण्ड एवं ब्रह्मखण्ड में भी इसपर विचार किया गया है।

जैसा कि डॉ0 पर्णमशर्मा ने कहा है कि डॉ0 शर्माजी के पूर्वज नैमिषारण्य से उत्तर प्रदेश में पधारे थे। यह सर्वथा सत्य है। निमिष शब्द में अण् प्रत्यय करने पर (तथा (वि) स्त्री0 बी) नैमिष शब्द बनता है। इसका अर्थ है निमिषमात्र या क्षणभर रहनेवाला वहाँ पवित्र वनस्थली है जहाँ कुछ ऋषि–मुनि रहते थे जिन्हें सौति ने महाभारत सुनाया था। नामकरण इस प्रकार हुआ–

''य तस्तु निमिषेणेदं निहतं दानवलम्,  
अरण्येऽस्मिन ततस्तेन नैमिषारण्य संज्ञितम।

शर्माजी का वंशपरिचय निम्नलिखित हैः–

डॉ0 शर्मा वसिष्ठ गोत्रीय भूमिहार ब्राह्मण हैं। नैमिषारण्य से वसिष्ठ, विश्वामित्र एवं पराशर इन तीन गोत्र के ब्राह्मण सीतापुर 'उत्तर प्रदेश' से लगभग चीला किलोमीटर एकमा के पास आये। वहाँ स्थान के नाम पर इनका मूल एकसरिया रखा गया। वहाँ से परसागढ़, रेवतीथ, गोरेया कोठी आदि स्थानों में प्रथित होते गये। शिवपुर (प्राचीन नाम बहलोलपुर दियारा) पदार्पण करने के पूर्व भेल्दी (सोनहो, छपरा, बिहार के पास) के निवासी थे। भेल्दी के निवासी आज भी पुरूषोत्तम दीक्षित को अपना पूर्वज मानते हैं वहीं से 'दयामिश्र' के ज्येष्ठ पुत्र 'लोहामिश्र' ने नारायणी के पूर्वी तट पर स्थित जाफरावाद तथा राघवापुर में और कनिष्ठ पुत्र 'मोतीमिश्र' ने नारायणी के पश्चिम तट पर (सोनपुर से 27 किलोमीटर उत्तर) बहलोल दियारा आधुनिक नाम शिवपुर में अपना निवास स्थान निश्चित किया।

श्री मोती मिश्र के तीन पुत्र–

1) श्री तहबल मिश्र 2) श्री रामजी मिश्र एवं 3) श्री महादेव मिश्र। उनमें तहबल मिश्र के दो आत्मज 1) भूषण मिश्र और 2) हेमन मिश्र। उनमें भूषण मिश्र के तीन पुत्र 1) श्री महेश मिश्र, श्री यशपाल मिश्र तथा श्री दिक्पाल मिश्र। श्री यशपाल मिश्र के दो पुत्र 1) श्री आदित्यनारायण मिश्र और 2) युगेश्वर मिश्र। आदित्यनारायण मिश्र के दो पुत्र हुए श्री कामेश्वर प्रसाद शर्मा एवं श्री बद्री नारायण शर्मा।

श्री कामेश्वर प्रसाद शर्मा, जो एक स्वतन्त्र सेनानी थे, का भद्र अवज्ञा आन्दोलन के मध्य 1930 ई0 में निधन हो गया उन्हीं के एकमात्र पुत्र डॉ0 रामकरण शर्माजी का जन्म 20 मार्च 1927 ई0 को हुआ। अपनी पूज्या माता 'रैनी देवी', चाचा बद्री बाबू एवं चाची की सहज स्नेहपूर्ण प्रेरणा से श्री शर्माजी की प्रारम्भिक शिक्षा शुरु हुई।

**छात्र जीवनः– (शिक्षा)**

पूर्व में ही गृहनगर में इनकी प्राथमिकी शिक्षा की चर्चा की गई है। अग्रिम संस्कार हेतु श्रीमद्भगद्गीता तथा श्रीरामचरितमानस धर्मग्रन्थ की आनुषङ्गिकी शिक्षा इन्हें दी गई। 1935 ई0 में लोकमान्य ब्रह्मचर्याश्रम में ब्रह्मचारी के रूप में इनका प्रवेश हुआ। डॉ0 शर्मा की तीव्रतम उत्कण्ठा थी तथा उनका दृढ़ सङ्कल्प था कि गृहनगर से बाहर उनकी उच्चतम शिक्षा हो। ''यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्'' इस सूक्ति से ओतप्रोत इनका ध्येय निःश्रेयसत्व में परिणत सिद्ध हुआ। इन्होंने चारों वेदों का सषडङ्ग अध्ययन किया। भारतीय षड्दर्शनों का भी अध्ययन अपने विशिष्ट गुरु पण्डित प्रकाण्ड अम्बिका दत्त

शर्माजी से 1935 ई0 से लगातार 1942 तक सात वर्षों तक करते रहे। इनके सहाध्यायियों की चर्चा हो चुकी है।

1942 ई0 में पटना विश्वविद्यालय से स्वतन्त्र छात्र के रूप में इन्होंने प्रथम श्रेणी में प्रवेशिका परीक्षा (Matriculation) पास की। तदन्तर, जी0वी0बी0 कॉलेज (सम्प्रति लंगट सिंह कॉलेज) में नामाङ्कित हुए। इन्होंने शिक्षा की परम्परिक एवं आधुनिक दो पद्धतियाँ अपनाई। शर्माजी ने 1945 ई0 में संस्कृत में स्नातक प्रतिष्ठा की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की। 1946 ई0 में स्नातकोत्तर संस्कृत परीक्षा में, प्रथम श्रेणी में, पटना विश्वविद्यालय से उत्तीर्णता प्राप्त की। *''आम्रश्च सिक्ताः पितरश्च प्रीणिताः* इस जनश्रुति के आधार पर साथ ही साथ, स्वतन्त्र छात्र के रूप में, बिहार संस्कृत एसोसिएसन से साहित्याचार्य, वेदान्त शास्त्री एवं व्याकरणशास्त्री की उपाधियाँ भी प्राप्त कीं। ज्ञातव्य है कि बिहार संस्कृत एसोसिएशन, वर्तमान कामेश्वर सिंह दरभग संस्कृत विश्वविद्यालय की पूर्ववर्ती राजकीय शास्री निकाय थी। तीन वर्षो के बाद पटना विश्वविद्यालय से इन्होंने हिन्दी में एम0ए0 डिग्री प्राप्त की। वाल्यावस्था से ही इन्हें संस्कृत, हिन्दी एवं भोजपुरी में कविता करने की प्रवृति थी, कहानी लिखने की अभिरूची थी, अपने ग्राम में ही इन्होंने 'परिमल' नाम की एक मासिक पत्रिका का निष्कासन किया। बाल कवि के रूप में इन्होंने बहुत सी कविताएँ लिखी, अनेक निबन्ध लिखे जो इनकी डायरी के पृष्ठों में यत्र–तत्र विकीर्ण हैं।

यथा राजा दिलीप की पत्नी सुदक्षिणा, वसिष्ठ पत्नी अरून्धती, अगस्त्य पत्नी लोपाणुद्रा, याज्ञवल्क्य पत्नी मैत्रायणी, शैलाधिराजतनया पार्वती के समान, शर्माजी की पत्नी श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा, पति की साहित्य–संस्कृति की सेवा में, एवं दाम्पत्यजीवन को स्वर्णिम सैविध्य प्रदान करने में, उनके प्रशासनिक एवं अन्य उत्तरदायित्व के सहज निर्वहन में, आत्मार्पित रहनेवाली, एक आदर्शपत्नी के रूप में, स्वामी के शाश्वत सम्बल के रूप में सहयोगदात्री बनी रही है। अरून्धती से इनकी उपमा क्यों की गई है इसके उत्तर में कहा जाता है कि अरुद्ध (न+रूध्+क्त) का अर्थ निर्बाध है जिसे रोका न जाता अर्थात् निर्विघ्न स्वरूपा है। विवाह संस्कार के शुभावसर पर की जानेवाली एक प्रक्रिया का नाम 'अरुन्धती दर्शन' है। जहाँ दुल्हन को अरुन्धती तारा का दर्शन कराया जाता है। 'अरुन्धतीदर्शन'– एक न्याय है जिसके अनुसार ज्ञात से अज्ञात जिसके अनुसार ज्ञात से अज्ञात की भाँति क्रमिक शिक्षा ग्रहण की ओर संकेत किया जाता है जैसे अरुन्धती को दिखलाने के लिए पहले किसी और ज्ञात तारे की ओर संकेत किया जाय।

डॉ0 शर्मा सर्वधर्म समभाव में आस्थावान हैं। कर्म और विचार उनके दो स्तर हैं। सर्वधर्म समन्वय स्थापित करने के लिए भगवान् भास्कर पृथ्वी पर जलवर्पण करने के लिए पृथ्वी से रस खींचते हैं।

''सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः''–6

भगवान् मनु ने कहा है कि वयुष्मान का अक्षय–सुख–संयोग धर्म से होता है, और अधर्म दुःख का मूल है।–7 शर्माजी योगद्वारा परमात्मा की सूक्ष्मता का विचार करते हैं।

यह हिमालय निर्मल सलिलवाले मानसरोवर को धारण करता है। इस मानसरोवर में सदा कमल खिले रहते और कलहंसों के समूह या सभी जातिवाले हंस–समूह निवास करते हैं। यहाँ शङ्कर जी भी रहते हैं। विशुद्ध माया रहित शङ्कर जी को भी यह हिमालय धारण करता है।





यह हिमालय अपने उतुङ्ग शिखरों पर प्रवहमान गङ्गाजी को धारण करता है। यह सुरदीर्घिका बड़ी–बड़ी चट्टानों से अवरूद्ध होती हुई नीचे की ओर गिरनेवाले जलों से ऊपर को उछलती है, फुहारे की भाँति जलकणों से शुभ्र चामर धारण की हुई प्रतीत होती है। जिस प्रकार उपनिषदों के '*तत्त्वमासी*' इत्यादि महाकाव्यों द्वारा अज्ञानान्धकार निवर्तक ब्रह्म ज्ञान होता है उसी प्रकार जीव ब्रह्म में तादात्म्य स्थापित करने वाले भुमुक्षु साधक मुनि सदृश शर्माजी तत्वज्ञानी हैं।

शर्माजी के गाँव में किसी समय, विशाल प्राचीन मन्दिर से मूर्ति की चोरी हो गई थी। यह सर्वथा सच्ची घटना है। ग्रामीणों की इच्छा दीर्घकाल से जाग्रत थी कि मूर्ति की स्थापना हो एवं उसमें पूजा पाठ पुनः शुरू हो।

*''भावनमय्यो हिं देवताः''* अपने ग्रामीणों की भावना का आदर करते हुए उस मन्दिर में ' अष्टधातु' की भव्यमूर्तियों की व्यवस्था उन्होंने तत्क्षण करवा दी।–8 अष्टन शब्द अंश में कनिन् तुट प्रत्यय करने पर बनता है। शरीर के आठ अंश जिनसे अतिनम्र अभिवादन किया जाता है

''जानुभ्यां च तथा पद्भ्यां पाणिभ्यामुरसा धिया,

शिरसा वचसा दृष्टया प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः।।''

योगाभ्यास– अर्थात् मन एकाग्रता के आठ भाग हैं– पूजा की सामग्री, अर्घ्य आठ वस्तुओं का उपहार, प्रणयकी प्रगति में आठ अवस्थाएँ–

स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं ग्रह्य भाषणम्,

सङ्कल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिष्पतिरेव च।।''

अष्टगुणों से युक्त ब्राह्मण को होना चाहिए,

''दया सर्वभूतेषु, शान्तिः, अनसूया, शौचम्, अनायासः, मग्लम्, अकार्पण्यम्, अस्पृष्ट चेति।–9

आठ दिशाएँ हैं– '' पूर्वाग्नेयी दक्षिणा च नैऋती पश्चिमा तथा,

वायवी चौत्तरैशानी दिशा अष्टविमाः स्मृताः।।'' आठों दिशाओं की रक्षा करनेवाले आठ गज हैं–

''ऐरावतः, पुण्डरिको वामनः कुमुदोऽञ्जनः।

पुष्पदन्तः सार्वभौमः सुप्रतीकश्च दिग्गजाः।।''–10

आठ धातुएँ हैं–

''स्वर्ण, रूप्यं च ताम्रं च रं यशदगेव च,

शीसं लौहं रसश्चेति धातवोऽष्टौ प्रकीर्तिताः।।''

आठ रस हैं–

''श्रृङ्गारहास्यकरूणरौद्रवीर भयानकाः,

बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।।

इनमें नौवा रस– *'शान्त'* जोड़ दिया गया है। अष्ट रूप शिव हैं– पाँच तत्त्व– पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा तथा यज्ञकरानेवालो पुरोहित। आठ भागों में प्रकृति का विभाजन है (भिन्ना प्रकृतिरष्टधा)।

भिन्नोऽष्टधा विप्रससार वंशः।–[11]

उपर्युक्त भावनाओं से उत्प्रेरित होकर डॉ0 शर्माजी ने अष्टधातु से निर्मित भव्यमूर्तियों की स्थापना अपने गाँव के मन्दिरों में की। मन्दिर के जीर्णोद्वार कराने से, मूर्तियों की धुमधाम से सात्विक वातावरण में प्राणप्रतिष्ठा कराने से समाज एवं करानेवाले अपने नाम को सार्थक करने वाले शर्माजी ने किया।

उपर्युक्त पुण्यकार्य के सम्पादन में धर्मपरायणा श्रीमती अन्नपूर्णा, सेवा–परायणा, कर्तव्यपरायणा पतिव्रता नारी का अपूर्व योगदान है। शर्माजी के सर्वतोमुखी विकास में परम विदूषी, गार्गी और मैत्रायणी सदृशी श्रीमती अन्नपूर्णाजी का परम सहयोग सराहनीय है।

**अध्यापन जीवन**

पटना विश्वविद्यालय, पटना के अन्तर्गत व्याख्याता के रूप में 1949 में डॉ0 शर्मा ने योगदान किया। अल्पकालावधि (Subordinate) तक सुबोर्डिनेट एकाउन्टस सर्विस में एक प्रशिक्षण कर्तृक के रूप में तथा बिहार विश्वविद्यालय सेवा में, एक अस्थायी व्याख्याता के रूप में, समय व्यतीत करने के पश्चात् पुनः एक ललकार पूर्ण परिस्थिति में इन्होंने बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की सेवा में लंगट सिंह कॉलेज में 1955 में व्याख्याता पद पर नियुक्त हुए तथा वहाँ स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को वेद, व्याकरण दर्शन, अलङ्कारशास्त्र, छन्दशास्त्र और काव्यादि विषयों का अध्यापन किया। इन्होंने 1955 ई0 में ही औटमन् स्कूल (Autumn School) ऑफ लिग्ंस्टिक तथा समर स्कूल (Summar School) से 1956 डेक्कन कॉलेज पूना में भाग लिया जहाँ नवीन (Modern Linguistics classical) भाषा विज्ञान लिङ्गिस्टिक के अन्तर्गत फोनेटिक्स फोनिमिक्स तथा द्राविडभाषा विज्ञान आदि के पाठ्यक्रम का अध्ययन किया (Dravedian linguistics) कैलोफोर्निया विश्वविद्यालय वर्कले में 1954–1955 तक फुलब्राइट स्मीथ्युट् क्लासिक फैलोलोजी का इन्होंने अध्ययन किया तथा लैटिन, जर्मन और फ्रैंच में कार्यकारी दक्षता भी प्राप्त की। इन्हें प्रख्यात लिग्विस्टिक्स एवं इन्डोलोजिस्ट प्रो0 एम0बी0 इमेन्यू के साथ कार्य करने का भी वैशिष्टय प्राप्त है। उनके पी–एच0डी0 का शोधप्रबन्ध 'Elements of Poetry in the Mahabharata' (जिसमें प्रधानतः कल्पना एवं मौखिक काव्य की पहचान का अध्ययन किया गया है।) कतिपय आवश्यक परिवर्द्धनों के साथ 1964 में कैलिफोर्निया युनिवर्सिटी प्रकाशन में क्लासिकल फैलोलोजी सीरिज में प्रकाशित हुआ। इनका इण्डेक्स के साथ पुनर्मुद्रण 1988 में दिल्ली में हुआ जिसे विश्वस्तर पर सराहा गया। 1960 में इन्होंने फैकेल्टी मेम्बर के रूप में भी 'The Summar School of Linguistics' पूना में कार्य किया। ये जनवरी 1961 तक बिहार विश्वविद्यालय सेवा में रहे।

अध्ययन–अध्यापन के क्षेत्र में रहते हुए, इन्होंने प्रशासनिक कार्य–कुशलता का जो परिचय दिया है वह अपने आप में संस्कृत जगत् के लिए प्रेरणास्रोत है, स्वर्णाक्षर में लिखने योग्य है। इन्होंने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली में स्पेशल औफिसर के रूप में फरवरी 1961 में योगदान किया और अनवरत वहाँ कार्य करते हुए संयुक्त शिक्षा सलाहकार के रूप में मार्च, 1985 में वहाँ से





अवकाशग्रहण किया। इसी बीच डॉ0 शर्मा ने संस्थापक, निदेशक, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थापक, (1970–74, 1980–83) तथा कुछ अवधि के लिए 1961–62 में केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ तिरुपति के निदेशक के रूप में कार्य किया; कुलपति के रूप में कामेश्वर सिंह, दरभग संस्कृत विश्वविद्यालय, (1974–80) तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी(1984–85) को अपनी सेवा से सुशोभित किया। डॉ0 शर्माजी ने फुलब्राइट भीजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, न्यूयार्क सीटी में 1982 तथा 1986 में शिकागो यूनिवर्सिटी में 1989 एवं बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (1991–92) में कार्य किया। 1970 ई0 में पंजाब विश्वविद्यालय में कालिदास– प्रोफेसर के रूप में भी ये आमन्त्रित हुए। ऐसा ही आमन्त्रण इन्हें पूना विश्वविद्यालय से भी मिला था पर/ इन्होंने किसी भी आमन्त्रण को तत्कालीन शिक्षामन्त्री प्रो0 भी0के0आर0भी0 राव की इच्छाओं के सम्मान करते हुए स्वीकार नहीं किया।

बर्कले के फुलब्राइट तक के अनुभूतिजन्य ज्ञान–संस्कार से शर्माजी ने संस्कृत विद्या की समस्त विद्याओं का उत्थान किया। उससे सम्बद्ध बहुसख्यक सर्जनात्मक योजनाओं को कार्यान्वित किया; कतिपय योजनाओं का निर्माण किया, समान्वित कर कार्यरूप प्रदान किया तथा दक्षतापूर्ण सम्यक् उसका पर्यवेक्षण किया।

डॉ0 (पुण्यश्लोक) शर्माजी ने संस्कृत के पारम्परिक एवं आधुनिक अध्ययन के मध्य स्वरूप सामञ्जस्य स्थापित करने में अपनी प्रतिभा का सम्यक् उपयोग किया।

विचार सम्प्रेषण एवं अध्यापन के माध्यम से संस्कृत विद्या का संस्कृत में विविध पारम्परिक शास्त्रीय परमपराओं का उत्थान किया। संस्कृत शिक्षकों की विधिसम्मत स्थिति में सुधार लाया। उनके वेतनमानों की विसगंति दूर की। विश्वव्यापी स्तर से संस्कृत की प्रति समर्पित रहे हैं। अन्तराष्ट्रीय उत्तरदायित्वों का निर्वहण किया। शर्माजी की ही सर्जनात्मक कल्पना–कला के प्रभाव से शिक्षा–मन्त्रालय तथा राष्ट्रीय संस्कृत–संस्थान के संयुक्त तत्त्वधान में 1972 में नई दिल्ली में विश्व संस्कृत सम्मेलन का अधिवेशन सम्पन्न हुआ। अधिवेशन व्यवस्थापक सचिव के रूप में डॉ0 शर्माजी ने अपनी ओर से एक स्थायी विश्व संस्कृत संस्था के स्थापनार्थ एक प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से अधिवेशन के योजनात्मक सत्र में स्वीकृत कर लिया गया। तत्पश्चात् International Congress of Orientalists के द्वारा भी यह (I.A.F.F.S) इसके संस्थापक अध्यक्ष मनोनीत हुए; उनके बाद प्रो0 आर0एन0 दाण्डेकर इसके अध्यक्ष हुए। पुनः भारत सरकार एवं राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्त्वधान में 1981 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय कैम्पस में पाँचवा विश्व–संस्कृत सम्मेलन आयोजित हुआ। आप डॉ0 आर0के0 शर्मा इसके व्यवस्था–सचिव थे। इन्हीं के सहयोग से राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान मानिक विश्वविद्यालय में परिणत हुआ है।

आप अनेक विश्वविद्यालयों एवं अन्य शैक्षिक संस्थओं से आबद्ध हैं। यथा– मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, साहित्य एकेडमी, कालिदास एकेडमी, दिल्ली संस्कृत एकेडमी एवं मध्य प्रदेश संस्कृत एकेडमी इत्यादि से सक्रिय रूप में।

प्रेक्षवान्, डॉ0 रामकरणशर्मा जो सारस्वत साधक हैं, सतत साधनालीन हैं, सर्वकार की सेवा एवं प्रशासनिक कार्य से विमुक्त होने पर भी संस्कृत भाषा काव्य–साहित्य के प्रचार–प्रसार में अनुरक्त हैं, अध्ययन–अध्यापन के अनुसंधान के नये आयाम प्रदान करने वाले हैं, उन्हें नमन करते हैं। *'क्षणशः'*

*कणशश्चैव विद्यामर्थञ्च* चिन्तयेत' इस नीति को प्रश्रय देने वाले शर्माजी के संस्कृत विद्याभिलाषी गण कृतज्ञ हैं।

**सर्जनात्मक योगदान**

आधुनिक संस्कृत जगत् शर्माजी के सर्जनात्मक योगदान से कृतकृत्य है। शर्माजी की प्रतिभा बहुमुखी हैं। इसकी काव्यसर्जना की अनेक विधाएँ हैं– प्रबन्धकाव्य, उपन्यास, शोध सम्बन्धी अनेक कृतियाँ। इनके सर्जनात्मक एवं शोधविषयक योगदान का ज्ञान क्रमबद्ध रूप में समुपार्जित किया जा सकता है–

1. मदालसा 2. शिवशुकीयम् 3. सीमा 4. सन्ध्या 5. पाथेयशतकम् 6. वीणा 7. दीपिका 8. रवीशः 9. सर्वमग्ला

10. गगनवाणी 11. अभिनन्दनग्रन्थ (Felicitation Volume) 12. Poetry of R.K. Sharma 13. मानसी 14. Elements of Poetry in the Mahabharata 15. शिवसहस्रनामाष्टकम् 16. Health care in Aurveda 17. Ganesha Purana introduction 18. ज्ञानभैषज्यमञ्जरी 19. Charaka samhita, a simple survey 20. Charaka Samhita Volumes (–1.6) का चक्रपाणी व्याख्या के साथ अंग्रेजी अनुवाद।

'' ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्मानौ ब्रह्मणाहुतम्।

ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं कर्मकर्मसमाधिना।।''–12

डॉ0 राधाकृष्णन ने कहा है कि चारू पुराडाशादिद का प्रक्षेप ब्रह्म है, ईश्वर है; हवन ब्रह्म है; ब्रह्म द्वारा, ईश्वर द्वारा, अग्नि में चारू–पुरोडाशादि कर्म ब्रह्म है। जो अपने कर्म में ब्रह्मभाव से रत है वह ब्रह्ममय हीं है। वैदिक यज्ञ आध्यात्मिक रूप में यहाँ अभिव्यक्त है। यद्यपि यज्ञकर्त्ता अपना कर्म करता है तथा कर्म से लिप्त नहीं रहता है। उसका संसार शाश्वत बुद्धिपरक सिद्ध होता है। दिल्ली संस्कृत आकादमी की त्रैमासिक *संस्कृतमञ्जरी में, 'श्रीमद्भगवद्गीतायाः* कर्मयोगः' इस शीर्षक में डॉ0 शर्माजी ने कहा है कि कर्मयोगी की ऐसी ब्राह्मी स्थिति होती है कि उसे अपने कर्तृत्व का अभिमान नहीं होता है। उनके सभी कर्म ब्रह्ममय हैं, परमात्ममय है। सभी कर्मजात ब्रह्मात्म में अर्पित है। कर्मयोगी को लाभालाभ, जयाजय, यश अपयश की चिन्ता नहीं होतीं। उस तरह के समर्पितसर्वात्मा कर्मयोगी स्वयं योगक्षेम का निर्वहन करता है। न उसे हर्ष है और न विषाद। 'यह वस्तु मेरी है, 'यह वस्तु आपकी है'– इस तरह की भेदबुद्धि से वर परे रहता है।

डॉ0 राधाकृष्णन् ने कहा है–

For him the act of offering is Brahma or God; the oblation is Brahma is God. By Brahma or God, is it offered into the fire of Brahma (God). Brahma or God is that which is to be attained by him who realiyes Brahma or God in his works.

आध्यात्मिक स्वरूप वैदिक पञ्चमहायज्ञों का अभिव्यक्त हो पाया है। अध्ययन अध्यापन ब्रह्मयज्ञ की प्रशस्ति यहाँ कीर्तित हो पायी है।

''क्षमी दाता गुणग्राही स्वामी पुण्येन लभ्यते।

अनुकूल शुचिर्दक्षः कविर्विद्वान् सुदुर्लभः''





इस भोजप्रबन्ध के महावाक्य यहाँ समाहृत हैं।

---

## सन्दर्भ सूची


1– भागवत 10/2/26

2– ''प्रोक्षणादिजन्य संस्कारो यज्ञापुरोडाशेषिति द्रव्यधर्मः।

3– स्नानाचमनादिजन्याः संस्कारा देहे उत्पध्मानानि तदभिधानानि जीवे कल्प्यन्ते – वहीं।

4– ''विसर्गसंस्कारविनीत इत्यसौ नृपेण चक्रे युवराजशब्दभाव''।

– रघुवंश 3/35

''प्रयुक्त संस्कार इवाधिकं बभौ'' – रघुवंश 3/18

''संस्कारवत्येव गिरा मनस्वी'' – कुमारसम्भव 1/28

''स्वभावसुन्दरं वस्तु न संस्कारमपेक्षते'' – शाकुन्तला 3/33

त्यन्नवे भाजने लग्नः संस्कारो नान्यथा भवेत्।।''

– हितोपदेश – 1/8

5 पृ0 4, भूमिका– न्यायराष्य खद्योत पूना संस्करण 1939 ई0

6 रघुवंश 1/18

7 मनुस्मृति अध्याय 6/61–65

8 किरात सर्ग 5/–7–18

9 गोपथ ब्रा0

10 (अमरकोश)

11 रघु0 16/3

12 गीता 4/24

# सन्निपातपरिभाषाप्रयोजनम्

**गिरिधारीपण्डा**[२५१]

---

**मुख्यशब्दः-** शिष्टानुशिष्टवचनम्, शेषाद्रिसुधी , पातञ्जलमहाभाष्यम्।

---

**सारांशः**

'अगत्या हि परिभाषाऽऽश्रीयन्ते' इति शास्त्रकृतां वचनात् शास्त्रीयरहस्यस्य पदसाधुत्वोपायस्य च झटिति प्रतिपत्तये परिभाषाणामुपयोगित्वं सर्वथाऽनस्वीकार्यम्। लक्ष्यसिद्धौ लक्षणोपप्लवने च परिभाषा आश्रीयत इति शिष्टानुशिष्टवचनं प्रमाणान्तरं नापेक्षते। सूत्रात्मकव्याकरणपरम्परायां प्रवर्त्तमानस्य त्रिमुनिव्याकरणस्य विचारावधौ सुखेन प्रतीतिसाधनाय परिभाषावलम्बनमभिलष्यते।लक्ष्ये लक्षणस्य सञ्चरणं पुनश्च लक्षणे अद्भूतदोषवारणपरिभाषाप्रवृत्तिकारणम्। किं बहुना पातञ्जलमहाभाष्यं परिभाषाणामुद्गमस्थलम्। "[१]सर्वेषां न्यायबीजानां महाभाष्ये निबन्धने" इत्युक्तिः प्रमाणबीजं समुद्भावयति। व्याडितः शेषाद्रिसुधी इति यावत् चतुर्दशपरिभाषाकाराः परिभाषावचनानि पाणिनीयप्रक्रियायां ग्रथितुं यतन्ते। तेषु नागेशभट्टः अन्तिमपरिभाषाकारात् शेषाद्रिसुधी इति अस्मात् पूर्ववर्त्ती। येन प्रायशः१ ३ ३ परिभाषावचनैः परिभाषेन्दुशेखराख्यपरिभाषाग्रन्थः उपपादितः। पाणिनीयसूत्रेषु शास्त्रियविचाराणां तात्पर्यानुशीलने परिभाषावचनानां प्रयोजनं लक्ष्यसिद्धावतिष्ठते इति तद्रहस्यम्।अत्र विधौ सन्निपातपरिभाषा अन्यतमा।सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्य (परिभाषा-८ ३) इति भावेन प्रसिद्धा एषा सन्निपातपरिभाषा परिभाषाजगति स्वप्रकाश्यं समुद्गीतेन पथा परिव्याप्य प्रथ्नाति। तथा हि-व्याडिः,शाकटायनः,चान्द्रः,कातन्त्रः,कालापः,जैनेन्द्रः,भोजदेवः,हेमचन्द्रः, पुरूषोत्तमदेवः,सीरदेवः, श्रीमानशर्मः, नीलकण्ठः,हरिभास्करः,नागेशभट्टः,शेषाद्रिसुधीः एते परिभाषाकर्त्तारः परिभाषामिमां स्वीकुर्वन्ति समुपस्थापयन्ति च। नागेशेन परिभाषायाः एतस्या अवतरणं [3]शतानि,उपादास्त इति प्रयोगद्वयस्य उत्थापनं साधितम्। व्याख्यानवलात् परिभाषायाः प्रयोजनीयत्वं पुनश्च यथाविधि दूषणत्वम् इत्युभयथा प्रकारेण परिभाषायाः एतस्याः कृते प्रतिपक्षसप्रतिपक्षादेशः प्रतिविम्बिताः सन्ति। महाभाष्याधारेण एतत्परिभाषावचनं ग्रहणीयं दृश्यते। भाष्याब्धिनिर्मन्थनेन सन्निपात सन्निपातपरिभाषा – न धातुलोप आर्धधातुके -1/1/4, दाधा घ्वदाप्- 1/1/20, .ष्णान्ता षट्- 1/1/24, कृन्मेजन्तः- 1/1/39, इजादेश्च गुरूमतोऽनृच्छः- 3/1/36, जरायाः जरसन्यरतस्याम्- 7/2/101, .ढो ढे लोपः- 8/3/13 - इत्येतेषु सप्तसु सूत्रेषु समुत्कीर्णा विद्यते। तथा हि - तत्रापि

---

[251] सहायकाचार्यः , स्नातकोत्तरसंस्कृतविभागः, मिदनापुरमहाविद्यालयः, मिदनापुरम्, पश्चिमबङ्ग



[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st, Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

कृन्मेजन्तः इति सूत्रे सन्निपातपरिभाषापक्षे दूषणानि , सन्निपातपरिभाषायाः सपक्षपातः (प्रयोजनानि) इति भावेन बहुन्येतस्याः परिभाषायाः प्रयोजनानि विचारितानि बर्त्तन्ते।

शब्दानामनुशासनार्थं समुद्दिष्टे व्याकरणशास्त्रे सूत्रात्मकेन मार्गेण यत् रहस्यमवधारितं विद्यते, तत्र परिभाषासञ्चरणमन्यतमम्।'संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च..' इति षड्विधेषु सूत्रप्रकारकोटिषु परिभाषासूत्राणि, सूत्राणां तात्पर्यप्रतिपत्तये समुद्दिष्टानि परिभाषावचनानि च पाणिनीयव्याकरणे अनियमस्थले नियममुपपाद्य सूत्रोपातपदानां गोपायितं रहस्यमुद्धाटयन्ति, शास्त्रीयप्रक्रयानिर्वाहञ्च साधयन्ति। परिशीलनेन परिगणनेन च ज्ञायते यत् पञ्चाशत् संख्यकानि परिभाषासूत्राणि अष्टाध्यायीग्रन्थविमण्डितानि भवन्ति।एवञ्च 550 संख्यकानि परिभाषावचनानि व्याडित आरभ्य शेषाद्रिसुधि इति यावत् प्रतिनिबद्धानि बर्त्तन्ते।तेषां सर्वेषां सूत्राणां वचनानाञ्च समूहितेन मार्गेण व्याकरणजगति सूत्रात्मकस्वरूपस्य सूत्रतथ्यस्य च परिष्कारात्मकं परिशीलनं पर्य्यालोचनञ्चावधातव्यं जायते। 'अगत्या हि परिभाषाऽऽश्रीयन्ते' इति शास्त्रकृतां वचनात् शास्त्रीयरहस्यस्य पदसाधुत्वोपायस्य च झटिति प्रतिपत्तये परिभाषाणामुपयोगित्वं सर्वथाऽनस्वीकार्यम्। लक्ष्यसिद्धौ लक्षणोपप्लवने च परिभाषा आश्रीयत इति शिष्टानुशिष्टवचनं प्रमाणान्तरं नापेक्षते। सूत्रात्मकव्याकरणपरम्परायां प्रवर्त्तमानस्य त्रिमुनिव्याकरणस्य विचारावधौ सुखेन प्रतीतिसाधनाय परिभाषावलम्बनमभिलष्यते।लक्ष्ये लक्षणस्य सञ्चरणं पुनश्च लक्षणे अद्भूतदोषवारणपरिभाषाप्रवृत्तिकारणम्। किं बहुना पातञ्जलमहाभाष्यं परिभाषाणामुद्गमस्थलम्। "[१]सर्वेषां न्यायबीजानां महाभाष्ये निबन्धने" इत्युक्तिः प्रमाणबीजं समुद्भावयति।

नागेशभट्टेन विदुषा पाणिनीयं व्याकरणमाधारीकृत्य परिभाषावचनं यद् यद् रूपायितं परिकीर्त्तितञ्च विद्यते, तेषामाकलनमादाय लक्ष्यदिशा शास्त्रप्रवृत्तिदिशा च व्याख्यातम् । कर्त्तृत्वं तस्मिन् न वर्त्तते, अपि तु व्याख्यातृत्वमवधार्यते इति तद्भावः।ज्ञातं स्वव्याख्यानग्रन्थात् - "पाणिनीयव्याकरणतन्त्रे वाचनिकानि, पाणिनीयतन्त्रे ज्ञापकन्यायसिद्धानि यानि परिभाषावचनानि तान्यत्र व्याख्यायन्ते" (परिभाषेन्दुशेखरः-पृ-3) । व्याडितः शेषाद्रिसुधी इति यावत् चतुर्दशपरिभाषाकाराः परिभाषावचनानि पाणिनीयप्रक्रियायां ग्रथितुं यतन्ते। तेषु नागेशभट्टः अन्तिमपरिभाषाकारात् शेषाद्रिसुधी इति अस्मात् पूर्ववर्त्ती। येन प्रायशः१ ३ ३ परिभाषावचनैः परिभाषेन्दुशेखराख्यपरिभाषाग्रन्थः उपपादितः। पाणिनीयसूत्रेषु शास्त्रियविचाराणां तात्पर्यानुशीलने परिभाषावचनानां प्रयोजनं लक्ष्यसिद्धावतिष्ठते इति तद्रहस्यम्।अत्र विधौ सन्निपातपरिभाषा अन्यतमा।

**विचारः -**

सन्निपातपरिभाषा परिभाषाजगति स्वप्रकाश्यं समुद्गीतेन पथा परिव्याप्य प्रथ्नाति। तथा हि-व्याडिः,शाकटायनः,चान्द्रः,कातन्त्रः,कालापः,जैनेन्द्रः,भोजदेवः,हेमचन्द्रः, पुरू-षोत्तमदेवः,सीरदेवः, श्रीमानशर्मः, नीलकण्ठः,हरिभास्करः,नागेशभट्टः,शेषाद्रिसुधीः एते परिभाषाकर्त्तारः परिभाषामिमां स्वीकुर्वन्ति समुपस्थापयन्ति च। व्याडिपरिभाषासूचनम्-10, व्याडिपरिभाषापाठः-12,शाकटायनपरिभाषासूत्राणि-12,चान्द्रपरिभाषासूत्राणि-13, कातन्त्रपरिभाषावृत्तिः-31, कातन्त्रपरिभाषासूत्रम्-33, कालापपरिभाषासूत्रम्-40,

जैनेन्द्रपरिभाषावृत्ति:-39, भोजदेवपरिभाषासूत्राणि-65, हेमचन्द्रन्यायसंग्रह:-19, पुरूषोत्तमदेवपरिभाषापाठ:-70, सीरदेववृहत्परिभाषावृत्ति:-64, श्रीमानशर्मबृहतपरिभाषावृत्तिटिप्पणी-64,नीलकण्ठपरिभाषावृत्ति:-75, हरिभास्करपरिभाषाभास्कर:-66, नागेशपरिभाषेन्दुशेखर:-85,शेषाद्रिसुधीपरिभाषाभास्कर:-73

सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्य (परिभाषा-८३) इति भावेन प्रसिद्धा एषा सन्निपातपरिभाषा। सन्निपात: संश्लेष: लक्षणं निमित्तं यस्य स: सन्निपातलक्षण:।विधि: कार्यम्।तद्विघातस्य – तं सन्निपातं विहन्तीति तद्विघात: तस्य।सन्निपातविघातकस्य निमित्तमित्यर्थ:।उपजीवकमुपजीव्यस्य विघातकं न भवतीति। [2]"पितुरूत्पन्न: पुत्र: पितरं न विहन्यात्" इति लोकव्यवहारेणायं न्याय: सुष्ठुतया अवबोधनीयो जायते यन्निमित्तीकृत्य यस्योत्पत्ति: जाता स तस्य विनाशकत्वेन नोपतिष्ठते। द्वयो: य: पूर्वापरभावसम्बन्ध:, विशेष्यविशेषणभावसम्बन्ध:,अव्यवहितपूर्वत्वोत्तरत्वसम्बन्ध:,व्यवस्थापित: दृश्यते,तादृशस्य सम्बन्धस्य विनाशपदसाधुत्वविधौ प्रक्रियात्मककार्येण उपचर्यते। तद्विधातस्य अनिमितं सन्निपात इति परिभाषापदप्रकृतिकफलितार्थ:।

परिभाषेन्दुशेखरे नागेशेन परिभाषाया: एतस्या अवतरणं [3]शतानि,उपादास्त इति प्रयोगद्वयस्य उत्थापनं साधितम्। शतानित्यत्र शत जस् नुमागमे [4](नपुंसकस्य झलच:) दीर्घे [5](सर्वनामस्थाने चाऽसम्वुद्धौ) नान्तत्वात् षट्संज्ञा। [6]षड्भ्यो लुक् इति लुक् कार्यं तद्वत् उपपूर्वकं दाङ् धातो: लुङ्लकारे च्लौ सिचि अडागमे उपादास्त [7]"मीनतिमिनोतिदी-ङां ल्यपि च " इति सूत्रेण ईकारस्य आत्वे [8]"स्थाघ्वोरिच्च" सूत्रेण आकरस्य स्थाने इत्वप्राप्ति:। तद्वारणाय परिभाषोपस्थिति: प्रयोजनीयता च। किं बहुना व्याख्यानवलात् परिभाषाया: प्रयोजनीयत्वं पुनश्च यथाविधि दूषणत्वम् इत्युभयथा प्रकारेण परिभाषाया: एतस्या: कृते प्रतिपक्षसप्रतिपक्षादेश: प्रतिविम्बिता: सन्ति। महाभाष्याधारेण एतत्परिभाषावचनं ग्रहणीयं दृश्यते। न हि दोषा: सन्ति परिभाषा न कर्त्तव्या लक्षणं वा न प्रणेयम्। न हि भिक्षुका: सन्तिति स्थाल्यो नाधिश्रीयन्ते। न च मृगा: सन्तीति यवा: नोप्यन्ते। दोषा: खल्वपि साकल्येन परिगणिता:।

भाष्याब्धिनिर्मन्थनेन सन्निपातपरिभाषा सप्तसु सूत्रेषु समुत्कीर्णा विद्यते। तथा हि-

1.न धातुलोप आर्धधातुके - 1/1/4
2.दाधा घ्वदाप्- 1/1/20
3.ष्णान्ता षट्- 1/1/24
4.कृन्मेजन्त:- 1/1/39
5.इजादेश्च गुरूमतोऽनृच्छ:- 3/1/36
6.जराया: जरसन्यरतस्याम्- 7/2/101
7.ढो ढे लोप:- 8/3/13

**1.न धातुलोपआर्धधातुके -**





यस्मिन्नार्द्धधातुके धातोरवयवस्य लोपो भवति, तस्मिन्नेवार्धधातुके इक: स्ताने ये गुणवृद्धी प्राप्नुतस्ते न भवत:। उदाहरणम्-लोलुव:,पोपुष:। मरीमृज,सरीसृप:।

अत्र प्रसङ्गे सूत्रस्यास्य प्रत्याख्यानसन्दर्भे परिगणितानामुदाहरणानां सिद्धविधौ सन्निपातपरिभाषाया: सञ्चरणं साधितम्। स्यद: (स्यन्द् + घञ्) प्रश्रय: हिमश्रय:(प्र + हिम + स्यन्द + घञ्) जीरदानु(ज्या + स्क् + अदानु) निकुचित (नि + कुञ्ज् + क्त)उद्दिष्टस्य प्रक्रियात्मककार्यस्य संसाधनाय निपातनव्यवस्था अङ्गीकृता गुणवृद्धिसाधनं स्वरविधानं चेति उद्दिष्टानि इमानि कार्य्याणि। तत्र निकुचित इति प्रयोगप्रसङ्गे "क्ङिति च" इत्यनेन सूत्रेण प्राप्तस्य गुणकार्यस्य आवश्यकता नास्ति। परिभाषया अनया वारणीयं भवेत् तच्च भाष्यं [9]"कथं स्यद: प्रश्रय: हिमश्रय:। जीरदानु:। निकुचित: इति। उक्तं शेषे किमुक्तम्। निपातनात् स्यदादिषु। प्रत्ययाश्रयत्वादन्यत्र सिद्धम्। नि कुञ्च् इच क्त इत्यवस्थायांम् अनिदिता इति सूत्रेण नकारलोपे उदुपधत्वं प्रतिपद्यते। नत्र उदुपधात् भावादिकर्मणो: इति सूत्रेण कित्वं विनाशायितुं न शक्यते सन्निपातत्वात् इति रहस्यम् "। अत एव प्राप्तस्य गुणकार्यस्य क्ङिति च इत्यनेन निषेध:।

**2.दाधा घ्वदाप् -**

दारुपा धारूपाश्च धातवो घुसंज्ञका: भवन्ति,दापदैपौ वर्जयित्वा। दारूपाश्चत्वरो धातव:- डुदाञ् दाने, दाण् दाने,दाऽव-खण्डने ,देङ् रक्षणे इति। धातुरूपावपि द्वौ धातू डुधाञ् धारणपोषणयो:,धेट् पाने इति। उदाहरणम्-प्रणिददाति,प्रणिदीयते,प्रणिदाता,प्रणिधयति। देहि। धेहि।

अत्र सन्दर्भे उपदास्त (उप + दैङ + लुङ् प्रथमपु.एकव.) इति प्रयोग: दैप् धातो: आकर विधानादनन्तरं प्रकृतिमादाय घुसंज्ञा स्यात् येन घुसंज्ञकोद्येश्यं कार्यं "स्थाघ्वोरि च्च" इति सूत्रेण इत्वविधानम् आपद्येत तद्वारणाय सन्निपातपरिभाषाया: आश्रयणं भाष्यकृता साधितम्। तच्च स्थलम् [10] स तर्हि प्रतिषेधो वक्तव्य:। न वक्तव्य:। घुसंज्ञा कस्मात्र भवति। सन्निपातलक्षणे विधिरनिमित्तं तद्विघातस्येत्येवं न भविष्यति।

**3.ष्णान्ता षट् -**

षकारान्ता नकारान्ता च या संख्या सा षट्संज्ञका भवति। उदाहरणम्-षकारान्ता-षट् तिष्ठन्ति,षट् पश्य,नकारान्ता- पञ्च सप्त नव दश।

अत्र सन्दर्भे शतानि सहस्राणीति (शत/सहस्र + नुक् इ -शि + जस्) इत्यत्र नुगागमनादनन्तरं नान्तत्वमादाय षट्संज्ञा सिद्धौ "षड्भ्योलुक्" इति सूत्रेण जस् विभक्ते: लुक्कार्यमुपतिष्ठते। सन्निपातपरिभाषया तद्वारणप्रसङ्ग भाष्यदिशा औचित्यं भजते। [11]तदुक्त्या उक्तं वा किमुक्तम्,इह तावत् शतानि सहस्राणीति सन्निपातलक्षणविधिरनिमितं तद्विघातस्येति।

**4.कृन्मेजन्त: -**

कृद् यो मकारान्त एजन्तश्च तदन्तं शब्दरुपमव्ययसंज्ञकं भवति। उदाहरणम् -अस्वाद्वी स्वाद्वी कृत्वा भूङ्क्ते =स्वादुं कारं भुङ्क्ते। सम्पन्नकारं भुङ्क्ते। लवणकारं भुङ्क्ते।

अत्र सन्दर्भे परिभाषाया: एतस्या प्रयोजनं प्रत्याख्यानं चेति आशयद्वयेन सञ्चरणं दृश्यते। तथा च-

**सन्निपातपरिभाषापक्षे दूषणानि (प्रयोजनस्य प्रत्याख्यानम्)**

i. प्रयोजनं ह्रस्वत्वं तुगविधेर्ग्रामणि कुलम्-ग्रामणि कुलम्

ii. न लोपि वृत्रहभि:-वृत्रहभ्याम्।

iii .उदुपधप्वमकित्वस्य निकुचिते निकुचिते।

iv. नाभावे यञि दीर्घत्वस्यामुना -अमुना।

v.तिसृचतसृत्वं ङीब्विधे:

**सन्निपातपरिभाषाया: सपक्षपात:(प्रयोजनानि)–**

i. आत्वं पुग्विधे: क्रापयति-क्रापयति।

ii.पुग्हस्वत्वस्यादीदपत्-अदीदपत्।

iii. त्यदाद्यकारष्टाब् विधे:- या सा।

iv. इडविधिराकरलोपस्य ययिवान्-ययिवान्।

v. मतुब् विभक्त्युदात्तत्वं पूर्वनिघातश्च अग्निमान्

vi. नदीह्रस्वत्वं सम्बुद्धिलोपश्च-नदि,कुमारि।

**बहुन्येतस्या: परिभाषाया: प्रयोजनानि –**

[12]" न हि भिक्षुका सन्तीति स्थाल्यो नाधिश्रीयन्ते। न च मृगा: सन्तीति यवा नोप्यन्ते। दोषा: खल्वपि साकल्येन परिगणिता: प्रयोजनानामुदाहरणमात्रम्। कृत एतत्। नहि दोषाणां लक्षणमस्ति। तस्माद् यान्येतरस्या: परिभाषाया: प्रयोजनानि तदर्थमेषा परिभाषा कर्त्तव्या। प्रतिविधेयं दोषेषु "।

**5.इजादेश्च गुरूमतोऽनृच्छ: –**

इजादिर्यो धातुगुरूमान् तस्मात् आम्प्रत्ययो भवति अमन्त्रे लिटि परत: ऋच्छधातुं वर्जयित्वा। उदाहरणम्-इहाञ्चक्रे,ऊहाञ्चके।

अत्र प्रसङ्गे इयेष,उवोष,(इस् + लिट्,प्रथम पु.एक व.) (वस् + लिट,प्रथम पु.एक व.) आम्वारणाय अनृच्छग्रहणं कर्त्तव्यमिति प्रसङ्गे भाष्यकृता समाहितं सन्निपातलक्षणपरिभाषाया तत्र कर्त्तव्यमिति। लिट् सन्निपातनिमित्तगुणतद्विघातनिमितम् आम् न भवतीति। तच्च भाष्यं [13]कस्मात्र भवति इयेष,उवोषेति। किमुक्तम्? सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्य इति।

**6.जराया जरसन्यतरस्याम् –**

अजादौ विभक्तौ परतो जस् इत्येतस्य जरस् इत्ययमादेशो भवति विकल्पेन। उदाहरणम् -जरसौ,जरे,जरस:-जरा:।

अत्र प्रसङ्गे अतिजरसमिति उदाहरणप्रसङ्गे (अतिजरा + अम्) इतिस्थिते एकदेशविकृतस्यानन्यत्वात् जरस्शब्दस्य जरसि कृते स्वमोर्नपुंसकादिति स्वमोर्लुक् प्राप्नोति। कृते तु जरस्भावे सन्निपातपरिभाषया अजादिसन्निपातेन जरस्भावो निष्पन्न अजादि आनन्तर्यं विहन्तुं नेष्यते। अस्त्यत्र विशेषोऽत्राकृतेऽम्भावे जरस्भाव: प्राप्नोति। किं कारणम्? अचीत्युच्यते। यदा च जरस्भाव: कृतस्तदा लुङ् न भविष्यति। [14]सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्येति।

**7.ढो ढे लोप: –**





ढ कारे परतो ढकारस्य लोपो भवति, संहितायां विषये। उदाहरणम्-लीढम्,गूढम्।

अत्र "सम्ग्रहणं वेति " वार्त्तिकप्रसङ्गे सन्निपात कीदृश इति पर्यालोचनेच्छया परिभाषाया: प्रसङ्गोऽवतीर्ण:। शास्त्रकृतामन्तर्यं सन्निपातकृतमान्तर्यमिति भावेन एतत् विवक्षितमिति। तथा हि [15] सङि ढ इति वक्तव्यम्। तत्तर्हि वक्तव्यम्? न वक्तव्यं? आनन्तर्यमिहाश्रीयते 'ढकारस्य ढकारे' इति। क्वचिच्च सन्निपातकृतमानन्तर्यं शास्त्रकृतमनानन्तर्यं क्वचिच्च नैव सन्निपातकृतं नापि शास्त्रकृतम्। ष्टुत्वे सन्निपातकृतमानन्तर्यं शास्त्रकृतमनान्तर्यं जश्त्वे नैव सन्निपातकृतं नापि शास्त्रकृतम्।

पाणिनीयसूत्राणां तात्पर्यसाधने परिभाषायारस्या: प्रयोजनं शास्त्रीयविवेकेन साधितं विद्यते। महाभाष्ये एतत्सूत्रसन्दर्भे सन्निपातपरिभाषाया: सञ्चरणमाश्रयणं,दूषणं प्रदर्शनं,सिद्धान्ततया ग्रहणञ्चेति भावेन विषयपल्लवने लक्ष्यसिद्धिरिति शास्त्रीयविवेक: व्यख्यानेन सा परिभाषा अनित्या इति यदुपस्थापितं दूषणपक्षस्य तेन समुद्धरणं जायत इति।

---

**सन्दर्भ टिप्पणी-**

| | |
|---|---|
| 1. वा.प. | 2.म.भा. 1/1/39 |
| 3.प.शे.प- 85 | 4.पा.सू. 7/1/72 |
| 5.पा.सू. 6/4/8 | 6.पा.सू. 7/1/22 |
| 7.पा.सू. 6/1/50 | 8.पा.सू. 1/2/27 |
| 9.मा.भा. 1/1/4 पृ.172 चारूदेवशा. | 10.मा.भा. 1/1/20 पृ. 267 चारूदेवशा. |
| 11.मा.भा .1/1/24. पृ.299 चारूदेवशा. | 12.मा.भा. 1/1/39. पृ.360 चारूदेवशा. |
| 13.मा.भा. 3/1/36 पृ.83 भा.3/6 | 14.मा.भा. 7/2/101 पृ.167 भा.6/6 |
| 15.मा.भा. 8/3/13 पृ.156 भा.6/6 | |

---

## सहायकग्रन्थसूची –

१. अष्टाध्यायीसूत्रपाठ:,दीक्षितपुष्पा, संस्कृतभारती, नवदेहली, २०१०।

२. अष्टाध्यायीसूत्रपाठ:,मिश्रनारायण:,चौखम्बा ओरियन्तालिया, वाराणसी, १९७७।

३. लघुशब्देन्दुशेखर:, मिश्रविश्वनाथ:, पञ्चसन्ध्यन्त:, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली १९९८।

४. लघुशब्देन्दुशेखर:, शास्त्रीवैकुण्ठनाथ:,अव्ययीभावान्त:, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, १९९४।

५. वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी, प्रथमभाग:, बालमनोरमा-तत्त्वबोधिनीटीका, मोतिलाल बनारसीदास, दिल्ली, २००५।

६. वैयाकरणमहाभाष्यम्, डा: आचार्यसुद्युम्न:, रामलाल कपूर ट्रष्ट, रेवलि, सोनीपत,२००८।

७. वैयाकरणमहाभाष्यम्, मीमांसकयुधिष्ठिर:, रामलाल कपूर ट्रष्ट, रेवलि, सोनीपत,२००८।

८. परिभाषेन्दुशेखर:, मिश्रविश्वनाथ:, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी,२००५।

९. अष्टाध्यायीसूत्रपाठः, प्रह्लादटिप्पणीसहितः, सम्पादकः- पं. सत्यनारायणशास्त्री खण्डुडी, कृष्णदास संस्कृत सीरीज ६५, कृष्णदास संस्कृत अकादमी, वाराणसी-२२१००१, १९८५।

१०. महाभाष्यम्,(नवाह्निकम्), सम्पादकः- चारुदेव शास्त्री, मोतिलाल बनारसीदास, दिल्ली, १९६८।

११. वाक्यपदीयम्, ब्रह्मकाण्डम्- श्री वामदेव आचार्यः, चौखम्बा कृष्णदास संस्कृत अकादमी, वाराणसी-२२१००१,१९८७।

महाभाष्यम्, सम्पादक :- श्रीगुरुप्रसादशास्त्री, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, नइ देल्ली-११००५८,२००६।





# प्रसन्नराघव में वन्य जीव संरक्षण

उष्मा यादव[252]

---

**मुख्य शब्द-** पर्यावरण सन्तुलन, मानव, पृथ्वी

---

**सारांश**

पर्यावरण सन्तुलन को बनाये रखने के लिए समस्त जीव–जन्तुओं एवं प्राकृतिक तत्वों का संरक्षण परमावश्यक है। मानव सभ्यता का विकास प्रकृति के सुरम्य वातावरण में वन्य जीवों के सान्निध्य में रहते हुए ही हुआ है। पृथ्वी पर जीवन तभी तक सम्भव है जब तक कि समस्त प्राकृतिक तत्वों में सन्तुलन उपस्थित है। संस्कृत वाड्मय के मनीषि इस तथ्य से भलि–भाँती परिचित थे अतएववैदिक ऋषियों ने प्रकृतिमे देवत्व की कल्पना करते हुए उनकी स्तुति की है। पंचमहायज्ञों में वर्णित भूतयज्ञ इस ओर संकेत करता है कि जीवों का संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। भविष्य पुराण तो यहाँ तक कहता है कि जो गृहस्थ इस यज्ञ को नही करता वह वृषली है–

**वैश्वदेवेन ये हीना आतिथ्येन विवर्जिता :।**
**सर्वे तु वृषला ज्ञेयाः प्राप्त वेदा अपि द्विजाः।।**

**भविष्यपुराण, ब्राह्मपर्व** 4/103

---

संस्कृत साहित्य की अधिकाँश कृतियों में वन्य जीवों को मानव के सहयोगी एवंमित्र के रूप में वण्ति किया गया है। महाकवि जयदेव ने भी प्रसन्नराघव नामक अपने नाट्यग्रंथ में कथा प्रवाह को बनाये रखने के लिए विविध वन्य जीवों का आश्रय लेते हुए उनकी महत्ता प्रतिपादित की है। कहीं भौरों के एवं नदियों के परस्पर वार्तालाप से तो कहीं पक्षियों के माध्यम से कथानक को आगे बढ़ाया गया है। रामायणाश्रित प्रसन्नराघव की कथावस्तु की अधिकाँश घटनाएँ अरण्य में ही घटित हुयी है। महाकवि ने प्रकृति एवं वन्य जीवों को मानवीय संवेदनाओं से ओत–प्रोत माना है। नाटक के द्वितीय अंक में महाकवि जयदेव मिथिलोपवन की बसन्त शोभा से आकृष्ट हो भ्रमरियों की मधुर गुंजार, अशोक मंजरी के नर्तन तथा मलयाचल से कैलाश की ओर प्रवाहित होते हुए मन्द पवन

[252] असि0 प्रो0 (संस्कृत), डॉ0 राम मनोहर लोहिया, रा0 महा0 मुफ्तीगंज, जौनपुर।

का सुन्दर वर्णन प्रस्तुत करते है।(1) महाकवि ने नाटकीय पात्रों के माध्यम से लोगो में वन्य जीवों का पालन करने तथा उनके प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करने का प्रयत्न किया है। वन में राम और लक्ष्मण के साथ जाती हुई सीता जब किसी हरिण को राम के धनुष से भयभीत देखती हैं तब वह धनुष को अपने आँचल से ढक लेती थी।(2)वन्य जीवों के प्रति ऐसी सहृदयता अत्यन्त मर्मस्पर्शी है।

जयदेव वन्य जीवों एवं मनुष्यों के मध्य स्थित आत्मीय सम्बन्ध को अत्यन्त सूक्ष्मता के साथ वर्णित करते है। वन को लिए जाने वाले राम, लक्ष्मण और सीता का मार्ग कालहंसो के कूजन और भ्रमरो के गुंजन से मार्ग की थकावट मिटाने वाला सुन्दर स्थान बन गया है।(3) सीता का वन्य जीवों एवं प्रकृति के प्रत्येक तत्वों यथा फूलों, नदियों, पर्वतों के प्रति असीम स्नेह है। वनगमन के समय मार्ग में आये हुए तालाबों के किनारे की भूमि तथा नदियों के बालुकामय तट में अपने प्रिय चक्रवाक के सान्निध्य को क्षणभर भी छोड़ने के लिए असमर्थ चक्रवाकी को चंचलतापूर्वक देखती हुई सीता के विषय में गंगा कहती है "मेरी सीता इसी तरह दया के योग्य जीवों पर स्नेह करने वाली है।"(4)

जयदेव ने प्रसन्नराघव में मानव जीवन एवं प्राकृतिक जीवन को इस प्रकार सम्बद्ध कर दिया है कि जिससे यह प्रतित होता है कि वन में हिंसक एवं अहिंसक जीवों के साथ मनुष्य प्रेमपूर्वक रहते थे। जिस प्रकार सीता का हृदय वन्य जीवों के प्रति सहानुभूति एवं प्रेमभाव से सम्प्रक्त है उसी प्रकार वन्य जीव भी उनके प्रति श्रद्धा एवं अनुरक्ति रखते है। दुःख एवं सुख दोनों ही परिस्थितियों में मनुष्य ने इन प्राकृतिक जीवों के सम्मुख स्व–मनोभाव अभिव्यक्त किए है। सीता के विरह से व्याकुल श्रीराम चकोर पक्षी से आग्रह करते है, "हे भाई चकोर, प्रियतमा चकोर के साथ अपने चन्द्रमा को छोड़कर जिसके मनोहर कपोल की कान्ति पी थी, जानकी के उस मुख को मुझे बतलाकर हमें सफल प्रयास बनाओं।" (5) महाकवि जयदेव ने वन्य जीवों को मनुष्य के बन्धु–बान्धवों की भाँति वर्णित किया हैं। वन में रहने वाले जीव और मनुष्य दोनों एक–दूसरे के सुख–दुःख में यथोचित भाव प्रदर्शित करते हुए प्रतीत होते हैं। जयदेव वन में निवास करने वाले पक्षियों एवं विविध जीवों के व्यवहार से भली–भाँति परिचित हैं। उन्होने सीता के वियोग में दुःखी श्रीराम की तुलना चक्रवाक पक्षी से की है। जिस प्रकार चक्रवाक पक्षी शापवशात् सूर्यास्त के पश्चात् अपनी स्त्री के साथ न रह पाने के





कारण दुःखी है, उसी प्रकार सीताके वियोग मे दुःखी श्रीराम की स्थिति अत्यन्त कारुणिक हो गयी है। प्रिया के वियोग से विदीर्ण हृदयवाले चक्रवाक के सन्दर्भ में राम कहते है "निश्चय में विमुक्त यह एक समान दुःख होने के कारण मेरे ही समान स्वभाव वाला है।"(6)उन्मत्त राम चकोर भ्रमर, चक्रवाकादि वन्य जीवों से सीता के विषय मे पूछते हैं।

प्रकृति मानव की चिर सहचरी है। प्राकृतिक तत्वों एवं वन्य जीवों के साथ मनुष्य का सम्बन्ध अनादिकाल से रहा है। प्राकृतिक उपदानों के बिना मानव जीवन असम्भव है। यही कारण है कि प्रत्येक कवि ने मानव एवं प्रकति के अबिनाभाव सम्बन्ध को उद्घाटित किया है।प्रकृति का सौन्दर्य वन्यजीवों के सन्निध्य से ओर भी अधिक मनोहारी हो जाता है। जयदेव ने बसन्त ऋतु की सुषमा का जो वर्णन किया है वह भ्रमरों, हरिणो की उपस्थिति से अविस्मरणीय हो गया है। भ्रमर समूह मधुमास के आगमन से पुष्पित बासन्ती लता के सुमनोहर रस बिन्दु को पीकर अपने चिर मन्दिर कमल को छोड़ते जा रहे है।(7) भ्रमर कामदेव की भार्या रति के नूपुर की झंकार के सदृश रमणीय तथा अनिर्वचनीय ढंग से गुंजार करते हुए आम के मकरन्द का पान करने से मधुर मुख वाले होकर भ्रमण का रहे है।(8) महाकवि ने सूर्योदय के चिरन्तन सौन्दर्य का वर्णन करते समय प्रभातकाल के आने से उत्साहित चक्रवाकियों की दशा का जिस प्रकार चित्रण किया है वह दर्शनीय है।(9)आभायुक्त सूर्य ने तत्क्षण ही चकवे–चकवियों को मिलाने के बहाने से दिशा रूपी बालाओं के कुचकुंभों को उधार दिये है, जिससे उनकी यौनावस्था प्रकट होने लगी है साथ ही दुर्भाग्य की अक्षर–पंक्ति का तरह भ्रमरों की श्रेणी को सद्यः हटाकर कमलिनी की शोभा का विस्तार कर रहे है।

नदी, सरोवर, पर्वतादि का सौन्दर्य हंसों, भ्रमरों तथा अन्य वन्य जीवों की उपस्थिति से और भी अधिक रमणीय हो जाता है। चंचल तरंगो के साथ तरंगे होती हुई हंसमाला से युक्त गंगा का वर्णन करते हुए कवि कहता है "चंचल तरंगों की टूटने की क्रीडा में प्रचुर विलास के साथ चपल हंसो की श्रेणी से युक्त माँ गंगा दूर नही है।"(10) मन्द मनोहर सुगन्धवाला कमलों का वन बार–बार मधुर गुंजन करने वाली भ्रमरियों के कारण सुन्दर स्थल बन गया है।(11)

वन्य जीव सदैव ही मनुष्य के सहयोगी रहे है, यही कारण है कि सस्कृत साहित्य के महाकवियों ने किसी न किसी रूप में इनका उल्लेख अपनी कृतियों में किया है। वन में रहते समय राम सीता और लक्ष्मण को वन्य जीवों से सहायता प्राप्त होती है।

राक्षसराज रावण के द्वारा सीता का अपहरण किए जाने पर पक्षिराज जटायु उनकी रक्षा के लिए बिना भयभीत हुए रावण से युद्ध करते हुए उसके अंगों को विदीर्ण करके वज्र से भी कठोर अपने नखों के प्रहार से रावण के सुवर्ण–मण्डित रथ को भग्न कर देता है।(12) तथा वानरों के स्वामी सुग्रीव सीता को खोजने के लिए हनुमान सहित कुमुद, नल–नील तथा अंगदादि प्रमुख वानर वीरों को नियुक्त करते है।(13)

रावण के साथ युद्ध में श्रीराम को अनेक वन्य जीवों यथा–वानर, रीछ, भालू इत्यादि की सहायताप्राप्त होती है। युद्ध में मूर्च्छित लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए हनुमान अत्यन्त गुणकारी औषधियों के आधार गन्धमादन पर्वत को लेकर आते है।(14) न केवल वन्य जीवों ने राम की सहायता की है अपितु वन में रहते हुए राम ने भी इन वन्य जीवों की सहायता करते हुए वनों को राक्षसदि से मुक्त किया। वह बालि को सोने के मृग की भाँति ही मार कर वानरों के साम्राज्य पर सुग्रीव का अभिषेक करते है।(15)

युद्ध के पश्चात् आयोध्या लौटते समय श्रीराम अनेक नदियों, पर्वतों को पार करते हुए चित्रकूट पर्वत परस्थित ऋषि भारद्वाज के आश्रम को देखकर हर्षित होते हैं जहाँ जंगली जानवर परस्पर विरोध का त्याग कर एक साथ निवास कर रहे हैं"**अपि तदिदं निर्मुक्तविरोधश्वापदं भगवतो भारद्वाजस्याश्रमपदम्।**" लक्ष्मण आश्रम का वर्णन करते हुए कहते है"कुछ गजशावक अपनी सूँड से जँभाई लेते हुए सिंह की गर्दन के बालों को खींच रहे हैं तथा कुछ अन्य गजशावक सिंह के बच्चों के द्वारा पीकर छोड़े गये सिंहनी के स्तन से निर्गत दूध का पान कर रहे हैं।" (16) महाकवि जयदेव ने वन्य जीवों के साथ मनुष्योंके साथ सम्बन्ध को जिस प्रकार निरूपित किया है उसमें भय अथवा हिंसा का कोई स्थान नही है। दोनों एक दूसरे के सहयोगी एवं पूरक है।

किन्तु वर्तमान में बढ़ती हुई भौतिकवादी मनोवृत्ति ने मनुष्य को प्रकृति का शत्रु बना दिया है। औद्योगिकीकरण एवं नगरीकरण के इस युग में प्राकृतिक तत्वों का अत्यधिक दोहन हो रहा है जिसके परिणामस्वरूप वन्य जीवों की अनेक प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी हैं तथा कई समाप्त होने के कगार पर पहुँच गयी है। प्रकृति एवं वन्य जीवों कोइस भयवाह स्थिति से संरक्षित करने हेतु भारत सरकार ने 42 वें सविंधान संशोधन द्वारा नीति निदेशकतत्व के अन्तर्गत यह प्रावधान किया है कि–' राज्य देश के पर्यावरण के संरक्षण तथा सम्वर्धन का और वन तथावन्य जीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।'





(48–ए) तथा मूल कर्तव्यों के अन्तर्गत अनुच्छेद 51–ए/जी में यह प्रावधान है कि–'प्राकृतिक पर्यावरण को जिसके अनतर्गत वन नदी और वन्य जीव है, रक्षा करे और उनका संवर्धनकरे तथा प्राणिमात्र के प्रति दया भाव रखें।' ऐसी परिस्थित में महाकवि जयदेव द्वारा प्राकृतिक तत्वों के संरक्षण हेतु दिये गए निर्देश और जीव जन्तुओं के प्रति व्यक्त आत्मीयभाव अनुकरणीय है। राष्ट्रीय स्तर पर चलायी जाने वाली योजनाएँ तभी सफल हो सकती है जब राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक उसके महत्व को समझते हुए प्राकृतिक तत्वों एवं वन्य जीवों के सरंक्षण हेतु सक्रिय होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करे।

सन्दर्भ–


1. प्रसन्नराघव–2.4,5
2. प्रसन्नराघव–5.23–भीतं विलोक्य हरिणं करुणाद्रिचित्तापत्युर्निजेन पिदधे धनुरंशुकेन। वेदारसीग्नि सदयं च यवप्रोहमादाय साधु विदधे श्रवणावतंसम्।।
3. प्रसन्नराघव–5.21,22
4. प्रसन्नराघव–5.– एवमनुकम्पनीयवत्सला मे जानकी।
5. प्रसन्नराघव–6.3–तन्मे विदेहतनयावदनं निवेद्य भ्रातश्चकोर कुरु मां चरितार्थवृत्तिम्।
   पीता यदीयकमनीयाकपोलकान्तिः कान्तासखेन भवता शशिनं विहाय।।
6. प्रसन्नराघव–6 नूनमयमेकः समदुः खतयासमानशीलो मे।
7. प्रसन्नराघव–2.18 बासन्तीरसबिन्दु सुन्दरमिन्दिदिरा इह चरन्ति।
   चिरमन्दिरमरबिन्द मन्दं मन्दं परिहरन्ति।।
8. प्रसन्नराघव–2.24
9. प्रसन्नराघव–7.81, 82
10. प्रसन्नराघव–7.88 तरलतरंगभंगहेलाबहलविलास विलोल हंसमाला।
11. प्रसन्नराघव–5.22 इदमिदमितः स्निग्धामोदं मुहुर्मधुरध्वनन्मधुकरवधू मुग्धाभोगं वनंसरसीरुहाम्।

12. प्रसन्नराघव–5.47

13. प्रसन्नराघव–5.51

14. प्रसन्नराघव–7.33

15. प्रसन्नराघव–5.50

16. प्रसन्नराघव–7.71

सहायक ग्रन्थ–


- प्रसन्नराघव–जयदेव, चौखम्बा प्रकाशन वाराणसी 1970
- प्रसन्नराघव–जयदेव, टीका रमाशंकर त्रिपाठी, मोती लाल बनारसीदास, वाराणसी 1970
- पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण– एस0 के0 ओझा, बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2013–14






# यज्ञ : पर्यावरण विज्ञान

नन्दिनी दास[253]

**मुख्य शब्द**

वेद, यज्ञ, पर्यावरण, स्वस्थ, कल्याण, प्रदूषण, आहुति, आरोग्य, पृथ्वी, औषधियाँ, शुद्ध, ऋषि।

---

**सारांश**

वेद के चार भाग हैं- संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक एवं उपनिषद्। संहिताओं के मन्त्र तथा ब्राह्मण भाग में यज्ञों का विधान बतलाया गया है। वेद के अन्तर्गत अति महत्त्वपूर्ण विषय यज्ञ है। प्रस्तुत शोधपत्र में यज्ञ द्वारा किस प्रकार पर्यावरण को परिशोधित किया जाता हैं तथा रोगों का निवारण होता हैं, इस विषय पर सामान्य रूप से चर्चा होगी। प्रकृति में सभी (मानव-जीव-जन्तु-पेड़-पौधे आदि) वस्तुऐं सम्मिलित हैं, जो दृश्य एवं अदृश्य रूप में एकदूसरे से किसी न किसी प्रकार से जुड़ा हुआ है। वैदिक ऋषिओं ने इस विषय का अनुभव बहुकाल पूर्व ही किया था। इसलिए वेदों में हमें प्रकृति में विद्यमान सभी वस्तुओं (वृक्ष-जल-पृथिवी-सूर्य-उषा आदि) की श्रद्धापूर्वक स्तुति प्राप्त होती है, इसके संरक्षण के लिए प्रार्थनायें की गयी हैं। मनुष्य शान्तिपूर्वक तथा स्वस्थ पर्यावरण के साथ जीवनयापन करें, इसलिए बहुकाल पूर्व ही यज्ञ को नित्यकर्म रूप विधान किया गया हैं। वेद, पुराण, धर्मग्रन्थ आदि में उल्लेख प्राप्त होता है कि यज्ञ में प्रक्षिप्त हवियों द्वारा पर्यावरण को परिशोधित किया जाता है तथा यज्ञ के द्वारा न केवल पर्यावरण को ही शुद्ध किया जा सकता है अपितु विभिन्न रोगों की चिकित्सा का भी विवरण मिलता हैं। सृष्टि की प्रक्रिया को सुरक्षित और मनुष्य को स्वस्थ रखने के लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना आवश्यक हैं। आधुनिक युग में उन्नत समाज के साथ साथ दूषण अतिमात्रा में बढ़ने के कारण पर्यावरण की भारसाम्य नष्ट होती जा रही है। वर्तमानकाल में दूषण एवं मानवता-हानि दोनों ही गम्भीर समस्या के रूप में खड़ा है, इसलिए वैदिक काल में भी पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिये जिसप्रकार यज्ञ का प्रचलन था वर्तमान काल में भी पुनः यज्ञ का प्रचलन करना पर्यावरण के लिये तथा मानव कल्याण हेतु आवश्यक है। मानवीय गुण को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिये केवल यज्ञ करना ही नहीं अपितु यज्ञ द्वारा उदारभावना, एक दूसरे की सहायता करना, तथा परिष्कृत व्यक्तित्व को भी ग्रहण करना आवश्यक हैं।

---

253 शोधच्छात्रा, जवाहरलालनेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

वेद के दो प्रमुख प्रतिपाद्य विषय हैं- कर्म और ज्ञान। वेद के अन्तिम भाग को ज्ञानकाण्ड कहा गया है, वहाँ अध्यात्मविद्या का वर्णन हैं। कर्मकाण्ड के अन्तर्गत यज्ञ का विधान किया गया है। चारों वेदों में यजुर्वेद कर्मकाण्ड प्रधान है, अतः यजुर्वेद में यज्ञ मुख्य विषय है, इसलिए यज्ञ कर्म की दृष्टि से यजुर्वेद का ही प्रधानता है। चारों वेदों में भी यज्ञ का बहुत अधिक महत्त्व बताया गया है। इसका मुख्य कारण यह है कि यज्ञ वह विधि है जिसके द्वारा प्राकृतिक सन्तुलन बनाए रखा जा सकता है। यजुर्वेद में यज्ञ को सृष्टिचक्र का नाभि कहा गया है।[254] श्रीमद्भगवद्गीता में यज्ञ को कर्म के रूप में बताया है।[255] शतपथ ब्राह्मण में यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म कहा गया है।[256] यज्ञ शब्द यज् धातु[257] से भाव अर्थ में नङ्-प्रत्यय[258] होकर निष्पन्न होता है। जिसका अर्थ याग या मख, यजन सम्बन्धी कृत्य होता है। वेद में उद्धृत है – 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः, तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः'।[259] यज्ञ से ऋचायें, छन्द, तथा जीवों[260] की उत्पत्ति का वर्णन पुरुषसूक्त में मिलता है, इस सूक्त में यह भाव प्रकाश किया गया है कि सृष्टि का मूलकारण यज्ञ ही है। यज्ञ शब्द का अर्थ कोशशास्त्रीयानुसार है-

१. यज्ञः सर्वोऽध्वरो यागः सप्ततन्तुर्मखः क्रतुः।[261]

२. क्रतुर्यज्ञे मुनौ पुंसि।[262]

३. यज्ञः स्याद् आत्मनि मखे नारायणहुताशयोः।[263]

४. देवतोद्देशेन हविस्त्यागः, यूपसम्बन्धरहितत्वे सति शास्त्रविहितकर्मविशेषः।[264]

---

254 अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः। यजु० २३.६२।

255 कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि ब्रह्माक्षरसमुद्भवम्।
तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम्॥(गी., ३.१५)

256 यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म। (शत. ब्रा., १.७.१.५)

257 यज् देवपूजासङ्गतिकरणदानेषु।

258 यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नङ् (पा.सू. ३.३.९०)

259 ऋग्वेद, पुरुष सूक्त, मन्त्र ९,१६।

260 पुरुष सूक्त मन्त्र ८,९,१०।

261 अमरकोश २.७.१३।

262 मेदिनी, ५८.८।

263 हैमकोश, २.८९।

264 सर्वतन्त्रपदार्थलक्षणसङ्ग्रहः।





**यज्ञ के अर्थ एवं प्रकार**

यज्ञ का मुख्य अर्थ कात्यायन ने किया है – (अग्नि आदि) देवताओं के उद्देश्य से (दधि, सोम, व्रीहियवादि) द्रव्यका त्याग।[265] यज्ञ का भावार्थ – परमार्थ, उदारकृत्य हैं। यज् धातु से निष्पन्न यज्ञ शब्द के तीन प्रधान अर्थ हैं –

यज्धातु निष्पन्न

यज्ञ

देवत्व | सङ्गठन | दान

यह प्रवृत्तियाँ व्यक्ति और समाज के उत्कर्ष की तीन धाराएँ हैं–

१. देवत्व का अर्थ है परिष्कृत व्यक्तित्व, दैवी सद्गुणा।

२. सङ्गठन अर्थात् एकता, सहकारिता, सङ्घबद्धता।

३. दान अर्थात् समाजपरायणता, विश्व- कौटुम्बिकता, उदार सहृदयता। इन तीनों का प्रतिनिधित्व यज्ञ करता है।

आर्ष ग्रन्थों में यज्ञ के पाँच अंग वर्णित हैं – देवता, हविर्द्रव्य, मन्त्र, ऋत्विज् और दक्षिणा।

**देवता** – आचार्य यास्क के अनुसार – देवता शब्द दान देने, द्योतित होने, दीप्तिमान होने तथा द्युस्थानी होने के कारण सिद्ध होता है।[266] यास्क ने पृथ्वी स्थानीय, अन्तरिक्ष स्थानीय, एवं द्युस्थानीय के रूप में में देवों का त्रिधा विभाजन किया है।[267] पृथ्वी स्थानीय- अग्नि, अन्तरिक्ष स्थानीय- इन्द्र तथा वृष्टि, एवं

---

265 यज्ञं व्याख्यास्यामः। द्रव्यं देवता त्यागः।(काश्रौसू० १.२.१.-२)।

266 निरुक्त, ७.४.१५:"देवः दानाद् वा दीपनाद् वा द्योतनाद् वा द्युस्थानो भवति इति वा।"

267 निरुक्त, ७.२.५,पृ० ५:"अग्निः पृथ्वी स्थानः वायुर्वा इन्द्रो वा अन्तरिक्षस्थानः,सूर्योद्युस्थानः।"

द्युस्थानीय- सूर्य। यज्ञ का पहला अंग देवता है , यहाँ अनुमान किया जा सकता है कि यज्ञ में देवता को अंग में रखने का तात्पर्य यह है कि, अग्नि में हवन के द्वारा हवन सामग्री धूम के रूप में सूर्यरश्मि के द्वारा वाष्पीभूत होकर मेघ बनकर वृष्टि उत्पन्न करती हैं अर्थात् यह प्रक्रिया सृष्टि का प्रतीक है। इस प्रक्रिया को देवता के माध्यम से समझाया गया है। मनु के अनुसार अग्नि में डाली हुई आहुति सूर्य को प्राप्त होती है, सूर्य से वृष्टि, वृष्टि से अन्न और अन्न से वीर्यादि द्वारा प्रजा की उत्पत्ति होती है।[268]

**द्रव्य** – यज्ञ में दी जाने वाली हविद्रव्य को अग्नि में समर्पित करना ही आहुति है, ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार आहुति आह्वान् अर्थ में है क्योंकि इसी के द्वारा यजमान देवताओं को बुलाते हैं।[269]

**मन्त्र** – यास्क के अनुसार मन्त्र का अर्थ मनन करना।[270] मन्त्र – मन संरक्षण। यज्ञों में स्थान स्थान पर मन्त्रोच्चारण का विधान अनिवार्य है। मन्त्रोच्चारण का विधान यज्ञ में करने का कारण यह भी हो सकता है कि- मन्त्रों उच्चारण से शब्द तरंगे उत्पन्न होती हैं, जो आसपास के वातावरण को सुख प्रदान करने में सक्षम हो सकते हैं। ध्वनि कम्पन की सत्ता को विज्ञान क्षेत्र में भी स्वीकार किया गया है। अमेरिका की वैज्ञानिक Dr. Howard Steingeril ने परीक्षण करके प्रमाण किया कि गायत्री मन्त्र की सस्वर वाचन से प्रति सेकण्ड में ११०,००० ध्वनि तरंगे उत्पन्न होती हैं।

**ऋत्विज्** - ऋतुओं में यजन सम्पन्न करवाने के कारण ऋत्विज् कहा जाता है।[271] वेद के आधार पर ऋत्विज् चार प्रकार के हैं – होता, अध्वर्यु, उद्गाता एवं ब्रह्मा। छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार- यज्ञ के दो मार्ग हैं वाणी तथा मन। मन मार्ग का संस्कार ब्रह्मा अपने मन के द्वारा करते हैं, दूसरे मार्ग का संस्कार होता, अध्वर्यु तथा उद्गाता अपने मन्त्रोच्चारण रूप वाणी के माध्यम से करते हैं।[272]

**दक्षिणा** – यास्क ने समृद्ध्यर्थक दक्ष् धातु से दक्षिणा पद स्वीकार की है।[273] यज्ञ की दक्षता के कारण ही दक्षिणा का महत्त्व गोपथकार ने भी स्वीकारा है।[274] ऋत्विजों को दक्षिणा देने से परिष्कृत व्यक्तित्वभाव भी प्रस्फुटित होता हैं।

268 अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते।
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः॥३.७६॥

269 आहूतयो वै नामैता यदाहुतय एताभिर्वै देवान् यजमानो ह्वयति तदाहुतीनामाहूतित्वम्।(ऐब्रा० १.२)।

270 निरुक्त,७.१२:"मन्त्र मननात् मननाद् वै मन्त्राः।"

271 यज्ञमधुसूदनः,पृ० ३, "यो यजमानक्रीतः परार्थमन्तर्वेदिकर्म करोति स ऋत्विक्।"

272 छा०उ०,४.१.६.१-२, एष एव यज्ञस्य मनश्चवाक् च वर्तनी। तयोरन्यतरां मनसा संस्करोति ब्रह्मा वाचा होताध्वर्युद्गातारन्यतराम्।

273 निरूक्त, १.३.९।

274 गो०ब्रा०, ३.१७।





यज्ञ के सात साधन होते हैं – हवि, समिधा, यज्ञभूमि, कुशा, ऋत्विज्, यज्ञमन्त्र, दक्षिणा आदि, इनसे यज्ञ पूर्ण होता है।

यज्ञ के प्रधान दो भेद है – प्रकृतियाग और विकृतियाग। जिस याग के निरूपण प्रसङ्ग में तद् यज्ञ अपेक्षित सभी अङ्गों का स्पष्ट उल्लेख होता है, जिसमें अन्यत्र कहीं से भी, किसी भी विवरण की अपेक्षा नहीं रहती है, उसे प्रकृतियाग कहते हैं। जिस यज्ञ में कुछ अङ्ग तो उपदिष्ट हैं; किन्तु कुछ अङ्गों के लिए अन्य कर्मों की अपेक्षा की जाती है, उसे विकृतियाग कहते हैं।[275]

सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में जितना भी यज्ञ का विवरण प्राप्त होता है उन सम्पूर्ण यज्ञों का प्रपञ्च इक्कीस भागों में विभक्त है- ७ पाकयज्ञ संस्थाएँ,[276] ७ हविर्यज्ञ संस्थाएँ,[277] ७ सोम संस्थाएँ[278] ।

**पाकयज्ञ** – सायंप्रातः होम, स्थालीपाक, नवयज्ञ, बलिवैश्वदेव, पितृयज्ञ, अष्टका, पशुः= शूलगव।

**हविर्यज्ञ** – अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, दर्श, पौर्णमास, आग्रयण, चातुर्मास्य और पशुबन्ध।

**सोमयाग** – अग्निष्टोम, अत्याग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, वाजपेय, अतिरात्र, और आप्तोर्याम।

इसके अतिरिक्त भी पाचँ महायज्ञों का विवरण मिलता है-

पञ्च महायज्ञ[279] - देवयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ, मनुष्ययज्ञ एवं ब्रह्मयज्ञ[280]। इसके अतिरिक्त अन्य यज्ञ का भी विधान प्राप्त हो सकता है।

**देवयज्ञ** – अग्नि में देवताओं के उद्देश्य से हवन प्रदान करना ही 'देवयज्ञ' है। इसमें यह भाव दर्शाया जा सकता है कि नित्य प्रतिदिन के कर्म में उत्पन्न प्रदूषण को अग्नि में हवन द्वारा परिशोधित करना।

275 आतिदेशिकेति कर्त्तव्यताकत्वमिति विकृतिः। (सर्वतन्त्रपदार्थलक्षणसंग्रह) ।

276 सायंप्रातर्होमौ स्थालीपाको नवश्चयः।
बलिश्च पितृयज्ञश्चाष्टका सप्तमः पशुः॥ इति पाकसंस्थाः

277 अग्न्याधेयमग्निहोत्रं पौर्णमास्यमावास्ये।
नवेष्टिश्चातुर्मास्यानि पशुबन्धोऽत्रसप्तमः॥ इति हविर्संस्थाः

278 अग्निष्टोमोऽत्यग्निष्टोम उक्थ्यः षोडशिमांस्ततः।
वाजपेयोऽतिरात्रश्चाप्तोर्यामात्र सप्तमः॥ इति सोमसंस्थाः॥ (गोपथ. पू. ५।२३)

279 पञ्चैव महायज्ञाः। तान्येव महासत्राणि भूतयज्ञो मनुष्ययज्ञः पितृयज्ञो देवयज्ञो ब्रह्मयज्ञ इति।(शत० ११।५।६।१)

280 अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्।
होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम्॥मनु, ३.७०॥

**पितृयज्ञ –** पितरों के उद्देश्य से अन्न, जल देना ही 'पितृयज्ञ' है। यहाँ पर यज्ञ द्वारा सामान्य दृष्टि से पितरों तथा पूर्वजों के प्रति श्रद्धाभाव को जागरित करने की चेष्टा की गयी है।

**भूतयज्ञ –** पशु तथा पक्षियों को प्रतिदिन अन्न,जल देना ही 'भूतयज्ञ' है। मनुष्य के साथ जिसप्रकार परिवेश का एक अटूट सम्बन्ध है ,उसी प्रकार पशु पक्षियों का भी परिवेश के साथ गहरा सम्बन्ध है। पशुपक्षियों के बिना मनुष्य जीवित नहीं रह सकते हैं, यह एक धारा तथा प्रणाली है। वर्तमान में इसी विषय को पर्यावरण-विज्ञान (Life Science, Ecology) कहा जाता है। ऋषियों को प्राचीनकाल में ज्ञात था कि सम्पूर्ण जीवों तथा मनुष्य का पर्यावरण के साथ सम्बन्ध है। इसी सम्बन्ध तथा सामञ्जस्य को बनाये रखने के लिए प्रतिदिन के कर्म में 'भूतयज्ञ' को करने का विधान किया गया है।

**मनुष्ययज्ञ –** अतिथि को भोजन तथा आवास देना ही 'मनुष्ययज्ञ' है। मानव का सुष्ठ जीवन-यापन के लिए एकदूसरे का सहायक होना आवश्यक है, प्रत्येक मनुष्य में दूसरों के प्रति आदरभाव तथा विश्वकुटम्बता[281] को बनाये रखने के लिए अतिथिओं का सम्मान करने का विधान ऋषिओं ने यज्ञ के रूप में नित्यकर्म में रखा हैं। तैत्तिरीयोपनिषद् में भी अतिथिओं के विषय में उल्लेख प्राप्त होता है– अतिथिदेवो भव।[282]

**ब्रह्मयज्ञ –** प्रतिदिन अध्ययन-अध्यापन करना ही ब्रह्मयज्ञ है। अध्ययन और अभ्यास से ही सत्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। समाज में जितने भी कुसंस्कार प्रचलित हैं, उसका कारण अज्ञानता ही है। अध्ययन तथा अभ्यास करने से मनुष्य अज्ञान से सत्य ज्ञान को प्राप्त कर सकता है, किसी भी समाज तथा राष्ट्र की उन्नति के लिए शिक्षा आवश्यक है, जितना समाज शिक्षित होगा उतना ही राष्ट्र प्रगतिशील होगा, इसी भावना को दर्शाते हुए स्वाध्याय को 'ब्रह्मयज्ञ' के रूप में नित्य कर्म में रखा है।

इन पञ्चमहायज्ञों के माध्यम से ऋषिओं ने यह दर्शाया है कि- मनुष्य परिष्कृत व्यक्तित्व, सहृयभाव, एक दूसरे के साथ हिंसारहित व्यवहार और प्रकृति तथा सम्पूर्ण जीवों के साथ भी सामञ्जस्य बनायें रखते हुए प्रतिदिन जीवनयापन करें।

**पर्यावरण**

281 वसुधैव कुटुम्बकम्॥ पञ्चतन्त्र ५.३.३८ ॥

282 तैत्तिरीयोपनिषद, शिक्षावल्ली, एकादशोऽनुवाक।





परि+आ+वरण अर्थात् दृश्य तथा अदृश्य अथवा बाह्य एवं आन्तरिक जगत् को सब ओर से आवृत करने वाला। पर्यावरण रूप यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पाँच तत्त्वों से निर्मित हैं। 'सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः' अर्थात् सत्त्व- रज-तम इत्यादि तीन तत्त्वों की साम्यावस्था ही प्रकृति है। अथर्ववेद में वर्णन है कि पर्यावरण के संघटक तत्त्व तीन हैं- जल, वायु, और ओषधियाँ। ये भूमि को घेरे हुए है और मनुष्य को प्रसन्नता देते हैं, अतः इन्हें 'छन्दस्' कहा गया है।[283] वेदों में भूमि और पृथिवी का सम्बन्ध माता एवं पुत्र के रूप में हैं।[284] वैदिक ऋषियों ने पर्यावरण के सामञ्जस्य को बनाये रखने के लिए तथा इसकी शुद्धिकरण के लिये महत्त्वपूर्ण साधन के रूप में यज्ञ को बतलाया है। ईशावास्योपनिषद् में भी पर्यावरण के सम्बन्ध में उल्लेख मिलता हैं कि- जडचेतनात्मक जगत् ही पर्यावरण है तथा इसका पालन करना ही मनुष्य का परम कर्तव्य है।[285]

आधुनिक-विज्ञान के सन्दर्भ में पर्यावरणशास्त्री तॉसले के अनुसार- प्रभावकारी दशाओं (Effective conditions) का वह सम्पूर्ण योग, जिसमें जीव रहते हैं वह पर्यावरण है। सविन्द्र सिंह ने (१९९१) पर्यावरण भूगोल के अन्तर्गत पर्यावरण के अर्थ को स्पष्ट करते हुए लिखा है- पर्यावरण एक अभिमान्य समष्टि है तथा भौतिक, जैविक एवं सांस्कृतिक तत्त्वों वाले पारस्परिक क्रियाशील (Interaction) तन्त्रों से इसकी रचना होती है। ये तन्त्र अलग अलग तथा सामूहिक रूप से विभिन्न रूपों में परस्पर सम्बन्ध (Interlinked) होते हैं। सन् १९७२ में स्वीडन के स्टॉकहोम में संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा मानव पर्यावरण सम्बन्धों पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें १००से अधिक देशों ने भाग लिया था। इस सम्मेलन में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए २६घोषणाएं की गयी थीं।

**यज्ञ द्वारा पर्यावरण परिशोधन**

यज्ञ के द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा, वायुमण्डल की पवित्रता, विविध रोगों का नाश, शारीरिक और मानसिक उन्नति तथा दीर्घायुष्य की प्राप्ति होती है। यज्ञ के द्वारा भू- प्रदूषण, जल- प्रदूषण, वायु- प्रदूषण, और ध्वनि- प्रदूषण को दूर किया जा सकता है। ऋग्वेद और यजुर्वेद में इस प्राकृतिक यज्ञ का वर्णन करते हुए कहा गया हैं कि वर्षचक्ररूपी यज्ञ में वसन्त ऋतु घी हैं, ग्रीष्म ऋतु समिधा और शरद् ऋतु हव्य।[286] यह प्रक्रिया अणु, परमाणु से लेकर सूर्य, चन्द्र आदि तक सर्वत्र चल रही हैं इसका ही नाम

283 त्रीणि छन्दांसि कवयो वि येतिरे, पुरुरूपं दर्शनं विश्वचक्षणम्।
आपो वाता ओषधयः, तान्येकस्मिन् भुवन आर्पितानि॥ अ० १८.१.१७ ।

284 माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। पर्जन्यः पिता स उ नः पिपर्तु। अथर्ववेद १२.१.१२ ।

285 ॐ ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्॥१॥

286 यत् पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।
वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद् हविः॥ ऋ० १०.९०.६। यजु० ३१.१४।

यज्ञ प्रक्रिया है। इसके द्वारा ही सृष्टि के प्रत्येक कण में प्रतिक्षण स्फोट रूपी यज्ञ हो रहा है तथा नित्य परिवर्तन भी हो रहा हैं। ऋग्वेद में कहा गया है कि यज्ञ के द्वारा द्युलोक को प्रसन्न किया जाता है, द्युलोक वर्षा के द्वारा पृथ्वी को तृप्त करता है। यज्ञ से मेघ बनते हैं और मेघ से वर्षा होती है।[287] गीता में भी यही भाव दिया गया हैं।[288] पद्मपुराण में यज्ञ द्वारा वृष्टि होने से मनुष्यों का पालन होता हैं, यह आशय दिया गया हैं।[289] वैज्ञानिक दृष्टि से यज्ञ में अग्निशिखाओं से जलकर द्रव्य गैस बनकर ऊपर उठता हैं तो उसके सूक्ष्म कण तडित्-शक्तियुक्त हो जाते हैं। आकाश में यदि धूल के कण मिल जाते हैं तो ये आयन उनमें मिल जाते हैं। हवन में हुत द्रव्य में कुछ अंश गैस बनकर अग्निशिखा से निकलते है। इनमें तीव्र ताप और रासायनिक संयोग विद्यमान हैं। इसका फल हुत द्रव्य का गैस तडित् - शक्तियुक्त हो जाता हैं, धूलिकणों के साथ मिलकर ऊपर जाते हैं एवं ऊपर उठकर वायु के जलीय बाष्प को जमाकर मेघ बना देते हैं।

ब्राह्मणकारों ने चातुर्मास्य यज्ञ को भैषज्य यज्ञ माना हैं। यह यज्ञ प्रत्येक ऋतु की सन्धियों काल में अनुष्ठित होती हैं, ऋतुओं की सन्धिकाल में ही रोगों की उत्पत्ति होती हैं[290] अथवा इस समय रोग उत्पन्न होने की सम्भावना अधिक रहती हैं। ऋतु परिवर्तन के समय उत्पन्न होने वाले दूषित तत्त्वों को शमन करने के उद्देश्य से भैषज्य यज्ञ अनुष्ठेय हैं। गोपथ(२.१.१९), और कौषितकि ब्राह्मण (५.१) में भैषज्य यज्ञों का विस्तृत वर्णन मिलता है। इनमें विशेष औषधियाँ गिलोय, गूगल, अपामार्ग आदि डाले जाते हैं।

यज्ञकुण्ड में प्रक्षिप्त आज्यघृतादि हवनीय पदार्थ सूक्ष्मातिसूक्ष्म अर्थात् माइक्रोफ़ाइन्ड होकर सम्पूर्ण वातावरण में व्याप्त हो जाता हैं। दीप्तिकारक घृत के साथ विभिन्न प्रकार की औषधियाँ अपने गुणों के द्वारा पर्यावरण को पवित्र एवं सुगन्धित कर देती हैं।[291] यज्ञ न केवल पर्यावरण को ही शुद्ध करता हैं अपितु वह धनधान्य एवं पुष्टि भी प्रदान करता हैं।[292]

287 भूमि पर्जन्या जिन्वन्ति, दिवं जिन्वन्त्यग्नयः। ऋ० १.१६४.५१।

288 अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥ गीता ३।१४।

289 यज्ञेनाप्यायिता देवा वृष्ट्युत्सर्गेण मानवाः।
आप्यायनं वै कुर्वन्ति यज्ञाः कल्याणहेतवः॥ पद्मपुराण, सृष्टिखण्ड, ३.१२४।

290 कौषि०ब्रा०, ५.१.१०-१२, गो०ब्रा०उ० भाग,१.१९-२०,शु०य०सं०,३.५९,"भेषजमसि भेषजं गवे श्वायपुरुषाय भेषजम्। सुखं मेषाय मेष्यै।"तै०ब्रा०,१.४.१०।

291 यस्ते गन्धः पृथ्वि सम्बभूव यं बिभ्रत्योषधयो यमापः। अथर्ववेद, १२.१.१३।

292 भूम्यां देवेभ्यो ददति यज्ञं हव्यमरं कृतम्।
भूम्यां मनुष्या जीवन्ति स्वधयान्नेन मर्त्याः॥ अथर्ववेद १२.१.१२।





यज्ञ की सामग्री में प्रयुक्त चीनी, शक्कर आदि मिष्ट पदार्थों में वायु को शुद्ध करने की असाधारण शक्ति है। वैज्ञानिक परीक्षणों से सिद्ध हुआ कि अग्निहोत्र से कुछ ऐसी गैसें निकलती हैं, जो वातावरण को शुद्ध करती हैं और प्रदूषण को नष्ट करती हैं। इनमें से कुछ गैसें हैं- Ethylene oxide, Propylene.

यज्ञ की हवियाँ सूक्ष्म बनकर वृष्टि का कारण बनती हैं, न केवल साधारण वृष्टि का प्रत्युत पौष्टिक और रोगनाशक वृष्टि का भी उल्लेख वेदों में प्राप्त होता हैं।[293] अतः यज्ञ करने के पश्चाद् जो वृष्टि होती हैं वह पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्त्वपूर्ण होती हैं। यज्ञ में घृत, चावल, जौ, दुग्ध, पुरोडाश, शहद, किशमिश, सोमलता, बरगद, गूलर, पीपल, और पाकड (प्लक्ष) की लकडियाँ[294] आदि आहुति देने से, यज्ञ के धूम में वायु को शुद्ध करने की महती क्षमता रहती है। फ्रांस के डाक्टर हैफकिन के अनुसार घृत प्रज्ज्वलन मात्र से ही रोगकीट मर जाते है, अतः हवन में प्रक्षिप्त रोगनाशक पदार्थो से उत्पन्न धूम से पर्यावरण परिशोधित होता है। यज्ञीय धूम किसप्रकार पर्यावरण को परिशोधित करता है इसकी वैज्ञानिक व्याख्या है कि- भौतिक विज्ञान का प्रधान नियम है कि किसी भी पदार्थ का समूल नाश नहीं होता हैं, प्रत्युत रूपान्तर में परिवर्तित हो जाता हैं। पदार्थो का रूपान्तर में परिवर्तित होना ही लोप या नाश कहलाता हैं। इसी तथ्य को पाणिनि सूत्र के रूप में उल्लिखित किया है- 'अदर्शनं लोपः'[295] अर्थात् किसी पदार्थ का न दिखना ही लोप या नाश है। यज्ञकुण्ड में प्रक्षिप्त घृत, औषधि आदि पौष्टिक तथा रोगनाशक पदार्थ भी नष्ट नहीं होते हैं, प्रत्युत अग्नि अपने भेदक गुणों के कारण उन्हें सूक्षातिसूक्ष्म बना देती हैं। यही सूक्ष्म पदार्थ वायु द्वारा आकाशमण्डल में व्याप्त होकर प्राणी मात्र की नासिका तथा रोमकूपों द्वारा शरीर में सन्निविष्ट होकर रोगों तथा निर्बलताओं को नष्ट करते हैं।

कतिपय विद्वानों का कहना है कि यज्ञ में सस्वर मन्त्रपाठ और सामगान ध्वनि प्रदूषण को रोकने में कुछ अंश तक सहायक सिद्ध हो सकता है।

**यज्ञ एवं स्वास्थ्य संरक्षण**

ऋग्वेद की ऋचा के माध्यम से ज्ञात होता हैं कि ऋषि ने रोगी को यज्ञ के आधार पर निरोग एवं शतायु होने का निर्देश दिया है।[296] यज्ञ चिकित्सा का ही एक रूप है, अग्नि में औषधि प्रक्षेप द्वारा उनकी धूनी

293 घृतं पयस्व दारया यज्ञेषु देववीतमः।
अस्मभ्यं वृष्टिमापव॥ सामवेद, उत्तरा, अ. १३.१.३।

294 प्राणाः वै यज्ञस्य समिधः। नैयग्रोधः औदुम्बरः प्लाक्ष इति इध्मो भवति। एते वै गन्धर्वाप्सरसां गृहाः। शतः १.५.४.१।

295 अष्टाध्यायी १।१।६० ॥

296 शतं जीव शरदो वर्धमानः।
शतं हेमता छतमु वसस्तान्॥
शतं त इन्द्रो अग्निः सविता बृहस्पतिः।
शतायुष हविषाहार्ष मे नम्॥ ऋग्वेद॥

लेने से रोगों को दूर करने का वर्णन है।[297] आयुर्वेद के विभिन्न ग्रन्थों में अग्नि में औषधियाँ डालकर धूनी लेने से रोगों को दूर करने का वर्णन प्राप्त होता है। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं-

नीम के पत्ते, बच, कूठ, हर्र, सफेद सरसों और गूगल की चूर्ण को घी में मिलाकर उसकी धूप लेने से विषमज्वर नष्ट होता है।[298]

अगर, कपूर, लोबान, नख तगर, चन्दन, और राल इनकी धूप लेने से दाह शान्त होता है।[299]

अथर्ववेद में अनेक प्रकार के रोगोत्पादक कृमियों का वर्णन आता है, इन्हें यातुधान, क्रव्याद, पिशाच, यक्ष आदि नामों से स्मरण किया जाता हैं।[300] ये श्वासवायु, भोजन, जल आदि द्वारा मनुष्य के शरीर में प्रविष्ठ होकर काटकर शरीर में रोग उत्पन्न करके उसे यातना पहुँचाते हैं इसलिए उसे यातुधान कहा जाता है। शरीर में मांस को खायें जाने के कारण उस जीवाणु को पिशाच कहा गया है। यज्ञ द्वारा अग्नि में कृमिनाशक औषधियों की आहुति देकर रोगों से बचाया जा सकता है।[301] यज्ञ के आरोग्यवर्धक और रोगनिवारक गुणों का वर्णन वेदों में बहुत स्थानों में प्राप्त होता हैं, जैसे शरीर पुष्टिवर्धक हेतु[302], दीर्घायु की कामना हेतु[303], समग्र व्यक्तित्व की विकास हेतु[304], यज्ञीय ऊर्जा की प्राप्ति हेतु[305], महामारी तथा रोगोपचार हेतु[306] आदि।

अथर्ववेद में १.१२ तथा ५.२२.१,२, ५.२२.१०,१३ मन्त्र में यज्ञ के द्वारा ज्वर निवारण का उल्लेख मिलता हैं।

यज्ञाग्नि द्वारा उन्माह चिकित्सा का भी वर्णन अथर्ववेद (६.१११) में प्राप्त होता है। यज्ञाग्नि में डाली हुई ओषधियों की सुगन्ध विकृत मस्तिष्क और उत्तेजित मन को ठीक कर सकती हैं।

---

297 अश्वगन्धोऽथ निर्गुण्डी बृहती पिप्पली फ़लम्।
धूपोऽयं स्पर्शमात्रेण ह्यर्शसां शमने ह्यलम्॥ ऋग्वेद, १०.१८६.१-३ ॥

298 बृ०नि०र० ।

299 बृहन्निघण्टु र० ।

300 अथर्ववेद,१.२.३१, १.२.३२, १.४.३७, १.५.२३, १.५.२९।

301 अथर्ववेद १.८।

302 अथर्ववेद, ५.३.१ ।

303 अ.वेद ३.११.२ ।

304 यजुर्वेद १८.२ ।

305 यजुर्वेद ३०.१ ।

306 चरकसूत्र १.१५.५६ ।





अथर्व० ६।८३, ७।७४ में गण्डमाला की चिकित्सा के विषय में कहा गया है कि सूर्य और चन्द्रमा के सेवन से तथा यज्ञाग्नि में आहुति द्वारा यह रोग दूर हो सकते हैं।

अथर्ववेद (३.११.१, ७.७६) का कथन है कि यज्ञ से राजयक्ष्मा की चिकित्सा की जा सकती हैं। चरकसंहिता में भी यज्ञ द्वारा राजयक्ष्मा की चिकित्सा करने का विधान हैं।[307]

ऋग्वेद के दशम मण्डल में यज्ञाग्नि द्वारा गर्भदोषों के निवारण का उल्लेख किया गया हैं।[308] अथर्ववेद की मन्त्र से ज्ञात होता हैं कि यज्ञ हवन द्वारा अनेक प्रकार के गर्भदोष को भी दूर किया जा सकता हैं।[309] अतः कहा जा सकता है कि पुत्रेष्टि यज्ञ में भी बन्ध्यात्व दूर करने में समर्थ औषधियों को हवि के रूप में अग्नि में आहुति दी जाती थी। अथर्ववेद में १।११।१ मन्त्र से जाना जाता है कि- किन्हीं ओषधियों को यज्ञ में हवि के रूप में डाला जाता था और उसकी सुगन्ध से प्रसूति कर्म आसानी से हो जाता था।

प्राणी, पृथ्वी- जल- तेज- वायु- आकाश रूप पञ्चमहाभूतों से निर्मित हैं। इसमें पृथ्वी तत्त्व का प्राधान्य रहता है। पृथ्वी सदा वातावरण से गन्ध को ग्रहण करती है। यज्ञ के माध्यम से इसी गन्धतत्त्व की क्षमता का उपयोग किया जाता है। यज्ञ प्रक्रिया द्वारा ओजोन एवं ऋणात्मक आयन की मात्रा में वृद्धि करके यज्ञकर्ता के चारों ओर एक विशिष्ट आभामण्डल का निर्माण करती है। त्वचा और फेफड़ों के माध्यम से रक्त संवहन द्वारा जिन तत्त्वों को शरीर ग्रहण करता है, यज्ञ उन सभी तत्त्वों को पूरे शरीर में पहुँचाकर प्राणाग्नि को प्रज्वलित करता है।

## उपसंहार

वर्तमान परिस्थिति में पर्यावरण में सन्तुलन स्थापित करना, इसकी रक्षा करना और पर्यावरण प्रदूषण को रोकना, सम्पूर्ण विश्व की समस्या है। पृथ्वी और मानव सभ्यता के अस्तित्व की रक्षा के लिये पर्यावरण का परिरक्षण अत्यावश्यक है। वर्तमान युग में विज्ञान के उन्नत होने के साथ साथ रेडियोधर्मी प्रदूषण, रासायनिक प्रदूषण, वायु प्रदूषण आदि दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैं। फलतः विभिन्न रोगों की भी संख्या बढ़ती जा रही हैं। जीवनतत्त्व प्रदान करने वाला जल प्रदूषण से भरा हैं, चारों ओर प्रदूषण से व्याप्त हैं। इसलिए प्राचीन ऋषियों ने शुरू से ही वातावरण को शुद्ध रखने के लिये यज्ञ का विधान किया था। पर्यावरण एवं मनुष्य का गहरा सम्बन्ध हैं, पर्यावरण को शुद्ध रखना मनुष्य का पहला कर्तव्य है। इसी कारण वेदों में यज्ञ को अधिक महत्त्व दिया गया हैं। पर्यावरण की प्रार्थना स्वरूप वेदों में विभिन्न

---

307 चरक, चिकित्सास्थान ८.१२२ ।

308 ऋग्वेद १०.१६२ ।

309 ब्रह्मणाग्निः संविदानो रक्षोहा बाधतामितः।
अमीवा यस्ते गर्भ दुर्णामा योनिमाशये॥ अथर्ववेद २०.९६ ।

सूक्तों तथा संवाद का उल्लेख प्राप्त होता है, जैसे- पृथिवी सूक्त, विश्वामित्र नदी संवाद आदि। पर्यावरण सन्तुलन का महान उपाय यज्ञानुष्ठान है। ऋषियों की गहन चिन्ता धारा को महत्त्व देते हुए वर्तमान समय में पर्यावरण की शुद्धता के लिए यज्ञ करना आवश्यक हैं।

**सन्दर्भ-ग्रन्थसूची**


- द्विवेदी, कपिलदेव, *वैदिक साहित्य एवं संस्कृति*, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, पंचम संस्करण,२०१०
- मुसलगाँवकर शास्त्री, श्रीगजानन, *वैदिक साहित्य का इतिहास*, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, पुनर्मुद्रण, वि० सं० २०७२
- उपाध्याय, आचार्य बलदेव, *वैदिक साहित्य और संस्कृति*, शारदा संस्थान, वाराणसी, पञ्चम संस्करण, २०१०
- द्विवेदी, पारसनाथ, *वैदिक साहित्य का इतिहास*, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण २०१४
- वेदालंकार, रामनाथ, वैदिक मधुवृष्टि, विजयकुमार गोविन्दराम हासानन्द, दिल्ली: २०००
- चतुर्वेदी, महामहोपाध्याय श्रीगिरिधरशर्मा, वैदिक विज्ञान, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली: द्वितीय संस्करण २००५
- *यज्ञतत्त्वप्रकाश*, पी०.एन्० पट्टाभिरामशास्त्री(सम्पादक), मोतीलाल बनारसीदास, प्रथम संस्करण: १९९२
- दत्त शर्मा, नारायण, *अग्निष्टोम यज्ञ पद्धति विमर्श*, अमर ग्रन्थ पब्लिकेशन्स, दिल्ली: प्रथम संस्करण २००२
- द्विवेदी, *वैदिक वाङ्मय में चातुर्मास्य यज्ञ*, पेनमैन पलिशर्म, दिल्ली: २००५
- सिंह, निशान्त, *पर्यावरण-शिक्षा*, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली: २००७
- *श्रीमद्भगवद्गीता*, उपाध्याय, राजकुमार(अनुवादक – सम्पादक), चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी: २०१२
- Phillips, Maurice, *Origin and Development of Vedas*, Prism books (India), Jaipur: 2011.


**बंगला ग्रन्थसूची**


- वसु, योगीराज, *वेदेर परिचय*, फार्मा के.एल.एम.प्राइभेट लिमिटेड, कोलकाता, एकादश मूद्रण २०१५






# कालीदासीय साहित्य में ''कविसमय'' विषयक विवेचन

गीता शुक्ला[310]

**मुख्य शब्द-** कविख्याति, जाति, द्रव्य, गुण।

---


**सारांश**

कवि–समय अथवा कविख्याति भावमूलक कल्पना का ही एक प्रकार है, प्रायः इसे कवि–प्रसिद्धि के नाम से भी जाना जाता है। संस्कृत में मुख्यतः राजशेखर एवं वामन ने कविसमय को अपनी लेखनी का विषय बनाया है। कविसमय को परिभाषित करते हुए आचार्य राजशेखर लिखते हैं कि– ''अशास्त्रीय, अलौकिक, केवल परम्परा प्रचलित जिस अर्थ का उल्लेख कविजन करते आए हैं उसे कवि–समय कहते हैं।'' स्वर्ग्य कवि–समय, भौम कवि–समय तथा पातालीक कवि–समय के भेद से कविसमय के तीन भेद हैं। स्वर्ग्य कविसमय में स्वर्गीय व्यक्तियों की वस्तुओं के सम्बन्ध में परम्परागत तथ्यों का, भौम कवि–समय में भूमि से सम्बन्ध जाति, द्रव्य, गुण व क्रिया रूप इन चार का तथा पातालीक कवि–समय में पातालीय वस्तुओं के सम्बन्ध में परम्परागत तथ्यों का वर्णन किया जाता है।संस्कृत वाड्मय में कवि–समय योजनाा प्रायः किसी न किसी रूप में दृष्टिगोचर होती है। कवि अपने ज्ञान के आधार पर कल्पना शक्ति का आश्रय लेकर इनको प्रस्तुत करता है। चन्द्रमा में शश और हिरण, कामदेव के ध्वज का चिन्ह मकर व मत्स्य माना जाना, चन्द्रमा की उत्पत्ति अत्रि के नेत्र अथवा समुद्र से बतलाया जाना आदि वर्णन स्वर्ग्य कविसमय के अन्तर्गत आते हैं। कमल का जलाशयों के अतिरिक्त नदियों में उल्लेख किया जाना, मलयाचल पर चन्दन का, सुमेरू पर्वत पर स्वर्ण का उल्लेख, रात्रि में चक्रवाक–चक्रवाकी का वियोग, नील कुमुद का रात्रि के समय विकसित होना, हर सिंगार के पुष्पों का अर्धरात्रि में गिरना आदि उदाहरण भौम कवि–समय के हैं। पातालीक कवि–समय के अन्तर्गत नाग और सर्प की एकता, नाग के फन अथवा कच्छप की पृष्ठ पर पृथ्वी की स्थिति आदि का उल्लेख प्राप्त होता है।

प्रस्तुत शोध–पत्र में महाकवि कालिदास के साहित्य में विद्यमान सभी प्रकार के कवि–समयों का उल्लेख करने का प्रयास किया गया है।


---

कवि समय का प्रयोग भी वैदिक काल से ही दृष्टि गोचर होता है जैसे– टरटराते दर्दुरों को वेदपाठी वटु–समूह बताना, हारे जुआरी को बूढ़े और बिकाऊ घोड़े के रूप में देखना तथा ऊषा के पीछे आते सूर्य को वधू–वर के रूप में वर्णित करना भी कवि समय ही कहा जा सकता है।

इस प्रकार वेद–पुराण–रामायण व महाभारत से लेकर आधुनिक संस्कृत साहित्य तक कविसमय का प्रयोग देखा जा सकता है। 'कविसमय लोकोत्तरवर्णनानिपुणकविकर्म का एक ठोस आधार है। कवियों का निरकुंश स्वाभिरूचि–प्रेरित विशिष्ट प्रयोग भी कविसमय है। इसे कविख्याति व कविप्रसिद्धि भी कहते हैं। आचार्य राजशेखर, क्षेमेन्द्र

[310] एसो0 प्रो0 संस्कृत विभाग, भ0दी0आ0क0स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर–खीरी

तथा कविराजविश्वनाथ के विवरणों में कविसमय का वृहत् स्वरूप परिलक्षित होता है। आशास्त्रीयम् अलौकिकञ्च परम्पराऽऽयतं यमर्थमुपनिवध्नन्ति कवयः सः कविसमयः।(1)

अर्थात् अशास्त्रीय, अलौकिक, कवेल परम्परा प्रचलित जिस अर्थ का उल्लेख कविजन करते आए है उसे कवि–समय कहते हैं।'' राजशेखर ने कविसमय के तीन भेद बतलाए हैं– स्वर्ग्य, भौम तथा पातालीय। स्वर्ग्य कवि–समय में स्वर्गीय व्यक्तियों की वस्तुओं के सम्बन्ध में परम्परागत तथ्यों का, भौम कवि–समय में भूमि के सम्बन्ध जाति, द्रव्य, गुण व क्रिया रूप इन चार का तथा पातालीक कवि–समय में पातालीय वस्तुओं के सम्बन्ध में परम्परागत तथ्यों का वर्णन किया जाता है। फिर इन तीनों के 3–3 भेद किए हैं– (1) सत् का अनुल्लेख (2) असत् का उल्लेख (3) नियमन

(1) सदनुल्लेख– जो वस्तु विद्यमान है, अस्तित्व में है उसका भी अस्तित्व न मानना यथा – वसन्त में चमेली का तथा चन्दन में पुष्प का अभाव बताना उदुम्बर (गूलर) में पुष्प का न आना।

(2) असदुल्लेख– जो वस्तु असत् है अस्तित्व में नहीं है उसको भी सत्ता में मानकर वर्णित करना असदुल्लेख कहा जाता है। जैसे, नदियों में कमल का, मात्र मानसरोवर आदि जलाशंय में हंसों की स्थिति मानना।

(3) नियमन– सार्वत्रिक व्यवहार को एकत्रित कर देना नियमन कहा जाता है। जैसे– समुद्र में ही मकरों, ताम्रपर्णी नदी में ही मोतियों की उपलब्धि, मलयपर्वत पर ही चन्दन की उत्पत्ति मानन जबकि ये व्यवहार अन्यत्र भी सम्भव है।

इस प्रकार काव्यमीमांसा के तीन अध्यायो(2) में कविसमय का अत्यन्त विस्तृत वर्णन है।

आचार्य क्षेमेन्द्र ने भी कवि समय पल्लवन अपने ग्रन्थों में किया है।(3)

आचार्य विश्वनाथ के अनुसार– कवीनां समये ख्याजे गुणः ख्यातविरूद्धता।।(4)

कवि सम्प्रदाय में जो बातें प्रसिद्ध हैं उनमे 'ख्यातिविरूद्धता' गुण होती है।

कवि सम्प्रदाय की कुछ प्रसिद्धियाँ इस प्रकार हैं–

मालिन्यं व्योम्नि पापे, यशसि धवलता वर्ण्यते हासकीर्त्यो,
रक्तौ च क्रोधरागौ, सरिददधिगतं पंकजेन्दीवरादि।
तोयाधारेऽखिलेऽपि प्रसरति च मरालादिकः पक्षिसंघो
ज्योत्सना पेया चकोरौ जलधरसमये मानसं यन्ति हंसा।।(5)

पादाघातादशोकं विकसति वकुलं योषितामास्यमद्ये–
र्यूनामंगेषु हाराः, स्फुटति च हृदयं विप्रयोगस्य तापैः।





मौर्वी रोलम्बमाला धनुरथ विशिखाः कौसुमाःपुष्पकेतो–
भिन्नं स्यादस्य बाणैर्युवजनहृदयं स्त्रीकटाक्षेण तद्वत्।।(6)

अह्नयम्भोजं, निशायां विकसति कुमुदं, चन्द्रिका शुक्लपक्षे,
मेघध्वानेषु नृत्यं भवति च शिखिनां नाप्यशोके फलं स्यात्।
न स्याज्जातिर्वसन्ते न च कुसुमफले गन्धसारद्रुमाणा–
मित्याद्युन्नयेत्कविसमयगतं सत्कवीनां प्रबन्धे।।(7)

अपारे काव्यसंसारे कविरेको प्रजापतिः।
यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते।।(8)

'जहाँ न जाय रवि वहाँ जाय कवि' आदि उक्तियाँ कवि की विलक्षणता को प्रतिपादित करती हैं। कवि की वाणी को नियतिकृत नियमों से रहित तथा अनन्य–परतन्त्र बतलाते हुए काव्यप्रकाशकार आचार्य मम्मट का कथन है कि–

नियतिकृतनियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतन्त्राम्।
नकरसरूचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति।।(9)

अतः कविसमय कविता में किया गया वह अनन्यपरतन्त्र प्रयोग है जो किसी काव्यशास्त्रीय देशना की अपेक्षा नहीं करता। वह अपनी सृष्टि में पूर्ण स्वतन्त्र, समर्थ एवं निरंकुश होता है और काव्य में कवि की यही नियतिकृतिनियमरहित परतन्त्र अभिव्यक्तियाँ कविसमय कही जाती हैं।

अमरकोश में 'समय' शब्द दो बार उद्धृत है।

(1) समय शब्द काल के पर्याय रूप में व्याख्यायित है।

कालो दिष्टोडप्यनेहाप्यथ (पक्षतिः)(10)

(2) समयशब्द के पाँच अर्थ बतलाए गए हैं– समयाः शपथाचारकालसिद्धान्तसंविदः।

शपथ, आचार, काल, सिद्धान्त तथा संवित्

परन्तु कविसमय में प्रयुक्त समय शब्द का अर्थ आचार एवं सिद्धान्त दोनों होना चाहिए क्योंकि कविसमय कवि का अपना सिद्धान्त भी है जो उसी रूप में लोक में चरितार्थ होता है यही उनका विशिष्ट आचार भी है।

आचार्य आनन्दवर्धन के अनुसार कवि की दृष्टि की विविधता व विशिष्टता ही उसे अलौकिक भी बनाती है–

आलोकसामान्यमभिव्यक्ति परिस्फुरन्तं कविताविशेषम्।।(11)

अंग्रेजी में 'कविसमय' को 'मोटिफ' कहा गया है– A distinct element or outstanding feature in a artistic or literary or musical composition.(12)

इस प्रकार कविकर्म में विद्यमान विलक्षणता ही मोटिफ है जो कवि समय के आचारपरक अर्थ के समान है और विलक्षणता केवल साहित्य में ही नहीं चित्रकला, संगीत आदि में भी देखा जा सकती है। जैसे– कमल के पत्ते पर हाथी को चित्रित करना तथा संगीत में विरचित पदत्व, गोत्रांकता व मार्मिकता का होना।

उत्सगे वा मलिनवसने सौम्य! निक्षिप्यवीणां
मद्गोत्रांक विरचितपदं गेयमुद्गातुकामा।[13]

ललितकलाओं व उपयोगी कलाओं में भी यह विलक्षणता दिखाई देती है।

इस प्रकार अपने संक्षिप्त रूप में कविसमय मात्र उन रूढ़ियो के प्रतीक है जो केवल काव्यरचना में सम्भव होती है लोक में नहीं जैसे–

स्त्रीणां रागात्प्रियंगुर्विकसति बकुलः शीघुगण्डूषसेकात्
पादाघातादशोकस्तिलककुरबकौवीक्षणालिंगनाभ्याम्।
मन्दारो नर्मवाक्यात् पटुमृदुहसनाच्चम्पकोवक्त्रवाता–
चूतो गीतान्नमेरूर्विकसति च पुरो नर्तनात्कर्णिकारः।।

अर्थात् स्त्रियों के राग से प्रियंगु विकसित होता है, बकुल मुख में मदिरा भरकर कुल्ला करने से, पादप्रहार से अशोक, दर्शन से तिलक व आलिंगन से कुरवक विकसित होता है। नर्मवचन[14] से मन्दार, मृदुहास से चम्पक, मुख के वायु से आम, गीत से नमेरु तथा सम्मुख नृत्य करने से कनेर विकसित होता है।

विस्तृत रूप में जो कविसमय है उनकी लोक में परीक्षा करना व्यर्थ है क्योंकि वे मात्र कविकर्म का सत्य होने के कारण प्रमाणित नहीं हो सकेंगे महाकवि कालिदास के कविसमय अद्भुत हैं क्योंकि उनमें उनकी वाक्पटुता घी–वैभव, कवित्व व काव्य–प्रतिभा दिखाई देती है।

नरत्वं दुर्लभं लोके विद्या तत्र सुदुर्लभा।
कवित्वं दुर्लभं तत्र शक्तिस्तत्र सुदुर्लभा।।[15]

<u>महाकवि कालिदास के महाकाव्यों में कविसमय–</u>

<u>**रघुवंश में–**</u> सूर्यवंशी वैवस्वत मनु के उज्ज्वल वंश के राजाओं में चन्द्रमा के समान राजा दिलीप ने वैसे ही जन्म लिया जैसे क्षीरसागर से चन्द्रमा उत्पन्न हुआ था।

दिलीप इति राजेन्दुरिन्दुः क्षीरनिधाविव।।[16]

क्षीरसागर से चन्द्रमा की उत्पत्ति विषयक कविसमय का उल्लेख है।

सुमेरूपर्वत की चमक का, उसकी चमक से समस्त चमकीली वस्तुओं की चमक के ह्रास का वर्णन भी इस सन्दर्भ में द्रष्टव्य है।[17]





दिग्गजों की चिंघाड़ को देखिए– नदत्याकांशगंगायाः स्रोतस्युद्दामदिग्गजे।।[18]

चातक के विषय में कहा गया है कि– 'पपीहा भी बिना जल वाले बादलों से पानी नहीं माँगा करता।[19] आाकशगंगा में देवताओं के सुप्रतीक हाथी का राजहंस के शब्दों से जाग जाने का वर्णन देखें–मदपटुनिनदि्भर्बोधितो राजहंसैः सुरगज इव गांगसैकतं सुप्रतीकः।[20]

वाद्ययन्त्रों की ध्वनि को मेघगर्जना समझकर मयूरों का नाचना[21] और चकवी का रात्रि के बाद प्रातःकाल मिलना[22]

बकुल के जिन वृक्षों में सुन्दरी स्त्रियों के मुख की मदिरा के छींटे से फूल खिल उठे थे और जिनमें उन्हीं स्त्रियों के समान गुण भी भरे थे, उन्हें झुण्ड में उड़ते हुए मधु के लोभी भौंरो ने झकझोर डाला–

सुवदनासवसंभृतस्तदनुवादिगुणः कुसुमोद्गमः।
मधुकरैरकरो भधुलोलुपैर्बकुलमाकुलमायतपंक्तिभिः।।[23]

लोगों के घरों के अन्दर बनी हुई बावलियों में कमल खिले हुए थे तथा मधुर शब्द करते हुए जल–पक्षी तैर रहे थे–' विकचतामरसगृहदीर्घिका मदकलोदकलोलविहंगमाः' ।[24]

इसी प्रकार अन्यत्र भी[25] स्वर्ग का राजा इन्द्र होना[26] पर्वतों के पंखो का होना[27] चन्दन पर सर्पों का होना[28] आदि। भारतीय दर्शन के शब्द प्रमाण[29] को हम कविसमय ही कह सकते हैं।

शेषनाग से विरोध छोड़कर गरूड़ की नम्रता का उल्लेख दृष्टव्य है–
मुक्तशेषविरोधेन कुलिशव्रणलक्ष्मणा। उपस्थितं प्राञ्जलिना विनीतेन गरूत्मना।।[30]

आकाशगंगा में सप्रर्षियों के स्नान का उल्लेख[31] तथा आकागंगा की लहरों के पवन से फहराती ध्वजा का वर्णन भी उद्धृत करने योग्य है।[32]

अनुभूति संवेदना व मार्मिकता की पराकाष्ठा भी मेरे विचार से कविसमय है। जैसे– बादलों मे ं चमकती हुई विद्युत का सीता के हाथे का कंगन बन जाना सीता के पैर गिरे हुए नूपुर को वियोग दुःख से मौन चित्रित किया जाना, वर्षा से उगी हुई कन्दलियों को सीता के विवाह के धुएँ से लाल नेत्र जैसा बतलाया जाना, तथा लता को सीता समझकर अलिंगन करने को लक्ष्मण द्वारा रोका जाना आदि। क्रमशः उदाहरण इस प्रकार है–

करेण वातायनलम्बितेन.................उद्भिन्नविद्युद्वलयो घनस्ते।।[34]

सैषा स्थली यत्र विचिन्वता त्वां भ्रष्टं मया नूपुरमेकभूर्व्यां।(35)
अदृश्यत त्वच्चरणाविन्दविश्लेषदुःखादिव बद्धमौनम्।।(36)
इमां तटाशोकलतां च तन्वीं........सौमित्रिणा साश्रुरहं निषिद्धः।।(37)

चन्दमा में कलंक विषयक कविसमय दर्शनीय है–

छाया हि भूमेः शशिनो मलत्वेनारोपिता शुद्धिमतः प्रजाभिः।।(38)

अर्थात् निर्मल चन्द्रबिम्ब के ऊपर पड़ी हुयी छाया को लोग चन्द्रमा का कलंक समझ लेते हैं। आकाशगंगा में अप्सराओं के साथ इन्द्र की जलक्रीड़ा का उल्लेख करते हुए कवि कहता है।

कि– आकाशगंगारतिरप्सराभिर्वतो मरूत्वाननुयातलीलः।(39)

**कुमारसंभवम् में:–** ता हंसमालाः शरदीवगंगां(40) शरद ऋतु के आ जाने पर गंगा में हंसो के आ जाने का, तथा पार्वती के चरणों को उठा–उठाकर रखने पर 'स्थल कमल उत्पन्न करने का वर्णन(34) सरसा सुप्रपद्मानां प्रातर्दीधितिमानिव।।(41)

जैसे तालाब में सोए कमलों के आगे प्रातःकाल का सूर्य आ उगता है।

अवैमि ते सारमतः खलु त्वां कार्ये गुरूण्यात्मसमं नियोक्ष्ये।(42)
व्यादिश्यते भूधरतामवेक्ष्य कृष्णेन देहोद्वहनाय शेषः।।

अर्थात् प्रलय होने पर अपने सोने के लिए भगवान ने शेष को ही शय्या क्यों बनाया था? क्योंकि वे जानते थे कि शेषनाग जब पृथ्वी को धारण कर सकते हैं तो मेरा बोझ भी सह लेंगे।

असूत सद्यः कुसुमान्यशोकः स्कधात्प्रभृत्येव सपल्लवानि।
पादेन नापेक्षत सुन्दरीणां संपर्कमासिञ्जिनूपुरेण।।(43)

अर्थात् अशोक का वृक्ष भी तत्काल ऊपर तक फूल पत्तों से लद गया और झनझनाते बिछुओं वाली सुन्दरियों के चरणों के प्रहार की बाट भी उसने नहीं देखी।

परस्पराक्रन्दिनि चक्रवाकयोः पुरो वियुक्ते मिथुने कृपावती।(44)

अर्थात् चकवे और चकवी का जो जोड़ा एक दूसरे से बिछुड़ा हुआ चिल्लाया करता उन्हें वे (पार्वती) छंदस बँधाया करती थीं।

हिमालय का ठोस पैरों से चलना, उसकी धमक से पृथ्वी का पग–पग पर झुकना।(45)

गामधास्त्थं नागो मृणालभृदुभिःफणैः। आरसातलमूलात्त्वमवालनिबष्यथा न चेत्।।(46)





यदि आप पाताल के नीचे एक पृथ्वी को अपने बोझ से न दबाए रहें तो बताइए शेषनाग अपने कमल के नाल के समान कोमल फणों पर पृथ्वी को कैसे सँभालते।

फूले हुए कमलों की केसर चोच में उठाकर ये चकवी–चकवे एक दूसरे से अलग होकर चिल्लाने लगे तालाब का छोटा सा पाट भी इनके लिए बहुत बड़ा हो गया है।

दष्टतामरसकेसरस्रजोः........................चक्रवाकयोरल्पमन्तरमनल्पतां गतम्।(47)

सूर्यकान्तमणि के प्याले में कल्पवृक्ष की मदिरा का उल्लेख(48) मुखेन्दोरकलंकिनोऽस्याः।।(49)

उक्त श्लोकांश में पार्वती के मुखचन्द्र पर अंजन के चिन्हों को चन्द्रमा का कलंक बतलाया गया है।

पुनः चन्द्रमा के कलंक का ही उल्लेख देखें–

सुबिम्बितस्य स्फटिकांशुगुप्तेश्चन्द्रस्य चिन्हप्रकरःकरोति।(50)

हैमीफलं हेममिरेर्लतेव विकस्वरं नाकनदीव घद्म म्। (51)

पूर्वेव विड्.नूतनमिन्दुमाभात्तं पार्वती नन्दनमादधाना।। 11/26 कुमारसंभवम्

अर्थात् सोने के सुमेरू पर्वत पर उत्पन्न लता में फल निकल आया है, आकाशगंगा में पुष्प खिले हो या पूर्वदिशा में चन्द्रमा निकल आया हो। कार्तिकेय को गोद में लेकर पार्वती ऐसी लग रही थी।

सुमेरू गिरि की चमकदार सोने की धरती भी अपनी परछाहीं ठीक से दिखाई नहीं पड़ रही थी। शुद्धासु चामीकरशैलभूमिषु नादृश्त स्वयं प्रतिबिम्बमग्रतः।।(52)

हाथियों के आकाश में उड़ने का वर्णन जो कि उड़ते पहाड़ लग रहे थे।(53)

और भी–सुरारिनाथस्य......................नाकनिकेतनावलीम।(54)

अर्थात् दैत्यराज की बड़ी भारी सेना का भयंकर शोर जो आकाशगंगा में गूँजा तो सुन्दर कमलों से भरी सैकड़ों लहरो के ज्वार ने वहाँ के सारे भवन धो डाले।

**महाकवि कालिदास के खण्डकाव्यों में कविप्रसिद्धि–**

**मेघदूत–** धरती को उर्वरा बनाने वाले तुम्हारे गर्जन को सुनकर मानसरोवर को जाने वाले राजहंस अपनी चोंच में कमलनाल लिए हुए कैलास पर्वत तक तुम्हारे साथ आकाश में उड़ते जाएँगे।

कर्तुं यच्च प्रभवति महीमुच्छिलीन्ध्रामवन्ध्या।
तच्छ्रुत्वा ते श्रवण सुभगं गर्जितं मानसोत्काः।

आकैलासाद्विसकिसलयच्छेद पाथेयवन्तः
सम्पत्स्यन्ते नभसि भवतो राजहंसाः सहायाः[55]

कविसमय के अनुसार मेघगर्जन मयूरो के आनन्द का हेतु है–

शुक्लापांगैः सजलनयनैः स्वागतीकृत्य केकाः......................[56]

सूर्य को कमलिनी रूपी नायिका के आँसू पोंछने वाला नायक बतलाया गया है।[57]

कैलाश पर्वत को शिव के संचित अट्ट हास के रूप में प्रस्तुत किया जाना मेरे विचार से कविसमय ही है– राशीभूतः प्रतिदिनमिव त्र्यम्बकस्याट्टहासः।[58]

अत्यन्त सुन्दर कविसमय देखें– तत्रावश्यं वलयकुलिशोद्घट्टनोद्गीर्णतोयं
नेष्यन्ति त्वां सुरयुवतयो यन्त्रधारागृहत्वम्।

अर्थात् वहाँ अप्सराएँ अपने रत्नजटित कंगनों की नोक तुम्हारे शरीर में चुभोकर तुम्हें फव्वारा बना देंगी।

उत्तरमेघ में यक्ष के घर के भीतर बनी बावड़ी में सुनहरे कमलों के खिलने का उल्लेख किया गया है इतना ही नहीं वहाँ के जल के हँसों के मानसरोवर न जाने का वर्णन है अर्थात् वह बावड़ी मानसरोवर जैसी है।

वापी चास्मिन् मरकतशिला बद्धसोपान मार्गा
नाध्यास्यन्ति व्यपगतशुचिस्त्वामपि प्रेक्ष्य हंसा।।[60]

अत्यन्त प्रसिद्ध कविख्याति है–

रक्ताशोकश्चलकिसलयः केसरश्चात्रकान्तः
प्रत्यासन्नौ कुरबकवृतेर्माधवीमण्डपस्य।
एकः सख्यास्तव सह मया वामपादाभिलाषी
काड.क्षत्यन्यौ वदनमदिरां दोहदच्छद्मनास्याः।।[61]

अर्थात् (यक्षगृह के)उस कृत्रिम पर्वत पर कुरवक के वृक्षों से घिरे हुए माधवीमंडप के पास ही एक तो चंचल पत्तों वाला लाल अशोक का वृक्ष खड़ा है और दूसरा मौलिसिरी का जैसे मैं तुम्हारी सखी (अपनी पत्नी) के पैर की ठोकर खाने के लिए तरस रहा हूँ वैसे ही वह अशोक भी फूलने का बहाना लेकर मेरी पत्नी के बाएँ पैर की ठोकर खाने के लिए तरस रहा होगा अैर दूसरा मौलिसिरी का पेड़ भी उसके मुँह से निकले हुए मदिरा के छींटे पाने के लिए तरस रहा होगा।



[A First International Electronic Peer-reviewed Quarterly Refreed UGC Approved (41039 ) Sanskrit Tri-lingual Journal] Available at- www.jahnavisanskritejournal.in Issue-30th-31st, Year 07, Vol -III, Date-13/11/2017 ISSN 0976-8645

यक्ष के घर के प्रवेश द्वार के दोनों ओर शंख और पद्म चित्रित होने का उल्लेख है जो अंग्रेजी शब्द मोटिफ का उदाहरण है।[62] दूरीभूते मयि चक्रवाकीमिवेकाम्।[63] यहाँ पर यक्षिणी को चकवे से बिछुड़ी हुई चकवी के समान बतलाया गया है।

**ऋतुसंहार में–** सर्प और मोर का विरोध न होना भी एक कविसमय है देखिए–

अत्यन्त तपा हुआ और पेड़ की गर्मी से झुलसा हुआ यह सर्प मोर के पंखों की छाया में कुण्डली मारकर बैठा है और मोर उसे कुछ नहीं कर रहा है।[64]

न भोगिनं घ्नन्ति समीपवर्तिनं कलापचक्रेषु निवेशिताननम्।(65)

इसी प्रकार मेढक और सर्प[66] सिंह और हाथी[67] तथा बैल और सिंह के विरोध का वर्णन नहीं है।

गजगवय मृगेन्द्रा बह्निसंतप्तदेहा सुहृद इव समेता द्वन्द्वभावं विहाय।[68]
तृषाकुलैश्चातकपक्षिणां कुलैः प्रयाचितास्तोयभरावतम्बिनः।[69]
प्रावृड्वर्णन में चातक पक्षी द्वारा बादलों से जल की याचना तथा [70]

शरद्वर्णन नामक तृतीय सर्ग में शरदऋतु का ऐसी नायिका के रूप में चित्रण है जिसका मुख खिले हुए कमल है, नीलकमल आँखें, पके हुए धान शरीर, फूले हुए काँस वस्त्र, हंसो की बोली बिछुए तथा बन्धूक के पुष्प होठ हैं।[71]

और भी– दिवसकरमयूखैर्बाध्यमानं प्रभाते.................................।
कुमुदपिगतेस्तं लीयते चन्द्रबिम्बे..........................।।[72]

यहाँ पर सूर्य का कमलिनी से तथा चन्द्र का कुमुद से सम्बन्ध वर्णित है। हेमन्तवर्णन में पीली प्रियंगुलता को पति से वियुक्त युवती के रूप चित्रित में किया गया है।

प्रिये प्रियंगुः प्रियविप्रयुक्ता विपाण्डुतां यापि विलासिनीव।[73]

वसन्त के मित्र कामदेव का अधोलिखित चित्रण कविसमय नहीं तो और क्या है?

आम्री मञ्जुलमञ्जरी वरशरः....................भद्रं वसन्तान्वितः।[74]

अर्थात् आम का बौर ही जिसके बाण है, टेसू ही धनुष है, भौरों की पंक्ति ही डोरी है, श्वेत चन्द्रमा जिसका छत्र है, मलयाचल से आया हुआ वायु ही मतवाला हाथी है, कोयल ही गायन है और शरीर न रहते हुए भी जिसने सारे संसार को जीत लिया है वह कामदेव अपने साथी वसन्त के साथ आपका कल्याण करे।

**महाकवि कालिदास के नाटकों में कविख्याति–**

**अभिज्ञानशाकुन्तलम् में–** मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मी तनोति।[75]

चन्द्रमा में कलंक का उल्लेख है। चन्द्रमा द्वारा अपनी ठण्डी किरणों से आग बरसाया जाना, फूलों के वाणों में वज्र की सी कठोरता का वर्णन द्रष्टव्य है–

तव कुसुमशरत्वं.........................कुसुमबाणन् वज्रसारीकरसेषि।।[76]

कमलों से सुगन्धित मालिनी नदी की लहरों से शीतल व सुगन्धित वायु कामसन्तप्त अंगों को बड़ा सुहावना लग रहा है। नदी में कमलों की उत्पत्ति कविसमय है।

शक्यमरविन्दसुरभिः कणवाही मालिनीतरंगाणाम्।[77]

कुमुदिनी और चन्द्रमा के सम्बन्ध का विवेचन साथ ही शशांक कहकर चन्द्रमा में शश का चिह्न होने का वर्णन देखिए–

ग्लपयति तथा शशांकं न यथा हि कुमुद्वतीं दिवसः।[78]

और भी– अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती में दृष्टिं न नन्दयति।[79]

और भी– कुमुदान्येव शशांकः सविता बोधयति पंकजान्येव।।[80]

अर्थात् चन्द्रमा केवल कुमुदों को ही खिलाता है सूर्य केवल कमलों को ही।

'मलयतरून्मूलिता चन्दन लतेव' के द्वारा मलयपर्वत पर चन्दन की कविख्याति है। चकवे–चकवी के रात में वियुक्त होने का उदाहरण देखें–

एषाऽपि प्रियेण बिना गमयति रजनी विषाद दीर्घतराम्।।[81]

शेषनाग द्वारा पृथ्वी का भार उठाए जाने का वर्णन देखें– 'शेषः सदौवाहितभूमिभारः'[82])

राजा के द्वारा वसन्तोत्सव रोक देने पर वसन्त की प्राकृतिक गतिविधियों का रूक जाना।[83]

इसी प्रकार लता वृक्ष का स्वयंवर, वृक्षों शकुन्तला का संताप, द्वारा वस्त्राभूषण प्रदान करना, कल्पवृक्ष व आकाशगंगा के वर्णन भी उल्लेखनीय है।

मरीचि के पुत्र कश्यपऋषि के आश्रम के वर्णन में कविसमय देखें–

वहाँ के ऋषि कल्पवृक्ष के वन की वायु से जीवित हैं, स्वर्णकमलों के पराग से सुगन्धित जल में स्नान करके पूजा पाठ करते हैं और अप्सराओं के बीच में बैठकर तपस्या करते हैं।[84]

<u>विक्रमोर्वशीय में–</u> विदूषक राजा से कहता है कि आप इस स्वर्गीय जल (उर्वशी) के प्यासे चातक बन बैठे हैं।[85] चन्द्रमा की किरणों से खिलने वाला कुमुद सूर्य की किरणों से नहीं खिला करता– नोच्छ्वसिति तपनकिरणैश्चन्द्रस्यैवांशुभिः कुमुदम्।[86]





मेघश्यामा दिशो दृष्ट वा मानसोत्सुकचेतसाम्।[87]

इसी प्रकार 31वें श्लोक तथा उसके बाद के संवाद में भी राजहंसों के मानसरोवर जाने का वर्णन किया गया है।

रक्ताशोक कृशोदरी क्व नु गता त्यक्त्वानुरक्तं जनं
नोदृष्टेति मुधैव चालयसि किं वाताभिभूतं शिरः।

उत्कण्ठाघटमानवट्पदघटसंघट्ट दष्टच्छदः
तत्पादाहतिमन्तरेण भवतः पुष्पोद्गमोऽय कुतः।।

अरे लाल अशोक! बता इस प्रेमी को छोड़कर वह सुन्दरी कहाँ चली गई? यदि तुमने उसे न देखा होता तो बताओ मधु के लालच में इकट्ठे होने वाले भौंरों से कुतरी जाने वाली पंखुडियों वाले तुम्हारे फूल उसकी लात खाए बिना कैसे फूल उठते?

<u>मालाविकाग्निमित्रम् में–</u>

द्वितीय अंक में मधुकारिका सखि समाहितिका से कहती हैं कि– यह जो सुनहरा अशोक अभी तक फूला नहीं है इसके फूलने का कोई उपाय किया ही जाना चाहिए।

मधुकारिका– अहमरयप्य चिरायमाणकुसुमोद्गमस्य तपनीयाशोकस्य दोहदनिमित्तं देव्यै निवेदमामि।''

निपुणिका व इरावती के संवाद से पता चलता है कि अशोक के फूलने के लिए उस पर लात मारने का कार्य मालविका को सौंपा गया है।

मालविका कहती है कि मुझसे देवी धारिणी ने कहा है कि मेरे पैर में झूले से गिर जाने के कारण मोच आ गई है अतः अशोक के फूलने का उपाय तुम्हीं कर आओ और मालविका प्रमदवन में जाती है तथा उसी अशोक के नीचे बैठ जाती है जो दोहद की अपेक्षा कर रहा है। तभी बकुलावलिका पैर सजाने की समस्त सामग्री लेकर आती है तो मालविका कहती है कि अच्छा तो यह सजावट अशोक के फूलने के लिए की जा रही है। बकुलावलिका दोनों पैर रंगकर लाल बिछुए पहनाकर कहती है कि महारानी ने अशोक के फूलने के लिए जो काम तुम्हें सौंपा है वह पूरा कर डालो।

नवकिसलयपरागेणाग्रपादेन...................... ।[88]

